


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हमारा पर्यावरण हमारा भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -282, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आज का मौसम
42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान
आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।
सूर्योदय 05 : 16
सूर्यास्त 18 : 58

कानपुर, रविवार, 2 जून 2024

बिग बॉस ओटीटी- 3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर...14

# अंतिम चरण : उप्र की 13 लोकसभा सीटों पर 55.60 प्रतिशत मतदान

## चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत, सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत वोटिंग

**दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान**

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ। चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत व सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत मतदान रहा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी सीटों पर छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि महाराजगंज में 60.08 प्रतिशत, गोरखपुर में 54.69 प्रतिशत, कुशीनगर में 57.29, देवरिया में 55.30, बांसगांव में 51.59, घोसी में 54.87 प्रतिशत, सलेमपुर में 51.25, बलिया में 52.84 प्रतिशत, गाजीपुर में 55.21, वाराणसी में 56.35 प्रतिशत, मिर्जापुर में 57.72 व राबर्ट्सगंज (अजा) में 55.92 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें ईवीएम खराब होने व फर्जी मतदान होने समेत विभिन्न शिकायतें रहीं।



### मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद



सातवें चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। प्रधानमंत्री वाराणसी सीट से तीसरी बार प्रत्याशी रहे। प्रधानमंत्री के मुकाबले में इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय प्रत्याशी रहे। गोरखपुर सीट पर भाजपा से भोजपुरी अभिनेता और मौजूदा सांसद रवि किशन प्रत्याशी थे। इनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से रहा।

### प्रचंड गर्मी और लू के बीच आठ राज्यों की 57 सीटों पर 59 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग से शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान में 69 .89 प्रतिशत वोट डाले गए। बिहार में मत प्रतिशत 49 .35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62 .76 प्रतिशत वोट डाले गए। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

## केजरी को आज जाना होगा जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शनिवार को आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि यह आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत के लिए था न कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि के विस्तार के लिए। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी । उन्हें रविवार 2 जून को आत्मसमर्पण करना है।

## भाजयुमो नेता ने पिता को चाकू से गोदा

- भाजयुमो उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष है हत्यारोपी दीपक राठौर
- हत्या के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में हत्यारोपी ने किया आत्मसमर्पण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में भाजयुमो नेता ने चाकू से गोदकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पुत्र ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, मृतक के भांजे ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में तोताराम राठौर (50) अपने बड़े बेटे दीपक राठौर और सुमित राठौर के साथ रहते थे। बड़ा बेटा दीपक भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष है। बताया जा रहा है कि तोताराम का बड़े बेटे दीपक के साथ कुछ समय से



मकान बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। पिता को डर था कि दीपक मकान बेचकर रकम को खुर्दबुर्द कर देगा। इसलिए तोताराम पैसे छोटे बेटे को देना चाहता था।

शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे इसी बात को लेकर तोताराम व दीपक में झगड़ा हुआ। उस समय तो परिजनों ने दोनों में बीच-बचाव करा दिया। लेकिन, सुबह चार बजे दीपक ने सो रहे पिता पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात के बाद हत्यारोपी खुद ही थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में बताया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर निहारिका तोमर, थानाध्यक्ष भारत सिंह घटनास्थल पहुंचे। वहां तोताराम का शव जमीन पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक के भांजे जेपीनगर, जनपथ फुलसुंगा निवासी गौरी शंकर राठौर ने दीपक राठौर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## इंडिया गठबंधन का 295 से ज्यादा सीट जीतने का दावा

- एग्जिट पोल की चर्चा में भी भाग लेंगे गठबंधन में शामिल दल
- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को यहां अनौपचारिक बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति पर चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में यह फैसला भी किया गया कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से जुड़ी टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग लेंगे। यह भी तय किया कि स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को यह निर्देश देंगे कि चार जून को मतगणना से जुड़ी पूरी प्रक्रिया संपन्न होने तक तथा जीत का प्रमाण मिलने तक मतगणना केंद्रों पर मुस्तैद रहें। इस गठबंधन ने निर्वाचन आयोग से रविवार को मुलाकात का समय मांगा है ताकि मतगणना से जुड़े विषयों एवं शिकायतों को उनके सामने रखने के साथ समाधान की मांग भी कर सकें।

## अधिकारी के खाने में हड्डी निकली, होटल सील किया

- दिल्ली जा रहे थे ओडिशा के कांउटिंग आर्ब्जवर श्रीश कुमार

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**अमृत विचार :** गजरौला में हाईवे पर हवेली होटल में खाना खा रहे ओडिशा में मतगणना ऑब्जर्वर उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार के खाने में मुर्गे की हड्डी निकल आई। डीएम के आदेश पर एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है।

पूर्व सांसद हरीश नागपाल का गजरौला में नेशनल हाईवे पर हवेली होटल है। पंकज भारद्वाज समेत तीन लोग होटल का संचालन करते हैं। शनिवार दोपहर राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर सीनियर पीसीएस अफसर श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जाते समय होटल में खाना खाने के लिए रुके। उनके साथ बेटा भी था। उन्होंने होटल में कढ़ाई पनीर का आर्डर दिया। खाना सर्व होने के बाद दोनों ने खाना शुरू किया। तभी पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आई। उनकी सूचना के बाद अमरोहा से खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम चंद्रकांता व प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी पहुंचे।

### एक नजर

**वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 69 रुपये घटे**

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में शनिवार को 6 .5 प्रतिशत की कटौती की गई, वहीं 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी गई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक मई को 19 रुपये तथा एक अप्रैल को 30 .5 रुपये की कटौती की गई थी। हालांकि, घरेलू उपयोग में आने वाली रसोई गैस (14 .2 किलोग्राम) सिलेंडर की कीमत 803 रुपये प्रति सिलेंडर ही रहेगी।

**छत्तीसगढ़ में हार्डकोर समेत तीन नक्सली गिरफ्तार**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की पुलिस ने शनिवार को केरलापाल थाना क्षेत्र में हार्डकोर सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार नक्सली सुकमा चिंतलनार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमेल के निवासी है। गिरफ्तारी में जिला बल, डीआरजी सुकमा एवं 206 कोबरा वाहिनी सूचना शाखा की विशेष भूमिका रही।

**भवानी रेवन्ना से पूछताछ नहीं कर सकी एसआईटी**

**हासन।** कर्नाटक पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को कहा कि वह प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी से महिला के अपहरण मामले में पूछताछ नहीं कर सका क्योंकि वह जिले के होलेनरसीपुरा स्थित आवास पर नहीं थीं। एसआईटी ने गुरुवार को भवानी को नोटिस जारी कर उन्हें 1 जून को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक अपने घर पर मौजूद रहने को कहा था ।

## गजब ! सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लगा दी 5 लेखपालों की ड्यूटी

- गोरखपुर का मामला, विरोध जताने के बाद विवादित आदेश निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सातवें चरण के मतदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में निर्वाचन अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े हो गए। यहां सेक्टर मजिस्ट्रेट को सुबह चार बजे जगाने के लिए पांच लेखपालों की ड्यूटी लगा दी गई। लेखपालों के विरोध के बाद विवादित आदेश निरस्त किया गया।

गोरखपुर लोकसभा सीट के गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी ने पांच लेखपालों की ड्यूटी सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने में लगा दी। सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी आदेश में लेखपाल विकास गुप्ता, रजत वर्मा, विकास मद्धेशिया, विकास पाल व राजीव बघेल को सुबह 4 बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने शिकायत जिलाधिकारी से की। इस पर उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई और आदेश निरस्त करने का निर्देश दिया। आदेश के निरस्त होने के बाद लेखपाल शांत हुए।

### आदेश लेखपालों की गरिमा के खिलाफ

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष राम मूरत यादव ने कहा कि सुबह सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लेखपालों की ड्यूटी लगाया जाना उनकी गरिमा के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि लेखपाल काम में सहयोग के लिए होते हैं, सुबह जगाने के लिए नहीं होते। उन्होंने बताया कि सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी विवादित आदेश का कड़ा विरोध किया गया। इसके बाद आदेश निरस्त हुआ।

## सलमान खान पर हमले के चार साजिशकर्ता गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सलमान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी की पृष्ठभूमि में यह गिरफ्तारी हुई है। अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि सलमान के पनवेल स्थित फार्महाउस में उनपर हमला करने की साजिश रची गई है, जिसके बाद नवी मुंबई पुलिस ने पिछले महीने जांच शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि चारों गिरफ्तार आरोपी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे तथा उन्होंने बिश्नोई भाइयों के इशारे पर फार्महाउस एवं उन स्थानों की रेकी की थी, जहां सलमान काम करते हैं।



- सभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य

## विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग

- एक हफ्ते में इंडिगो एयरलाइन से जुड़ा यह दूसरा मामला

**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 यात्री थे। एक सूत्र ने बताया कि विमान सुबह करीब 8.45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया। इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी। सूत्र ने कहा कि चेन्नई से मुंबई आ रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई5314 के लिए शनिवार को उस समय पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई, जब विमान चालक ने मुंबई एटीसी को विमान में कथित रूप से बम होने की धमकी की सूचना दी।

चेन्नई से मुंबई आ रही उड़ान में कथित रूप से बम की धमकी की पुष्टि करते हुए इंडिगो ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया है।

## राहत : 15-22 जून के बीच बारिश संभव

- मानसून जल्द देगा दस्तक, फसलों को भी होगा फायदा
- मानसून से पहले कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जानलेवा गर्मी व हीट वेव से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है। आगामी 24 घंटे में प्रदेश में मौसम परिवर्तन की संभावना है। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून के इसी माह के तीसरे सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 से 22 जून के बीच मानसून की बारिश शुरु हो सकती है जो सितंबर माह तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है। अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलने के साथ फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा और किसानों की चिंता कम होगी।

लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार मानसून आने से पहले फिलहाल अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उप्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजीपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, इटावा, एटा, महामायानगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2 से लेकर 4 जून तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### टूटा रिकॉर्ड, उप्र में 29,727 मेगावाट बिजली की मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली अभियंताओं के मुताबिक बिजली मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले साल प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंची थी। इस बार 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंच गई। 24 मई को अधिकतम मांग 29,197 मेगावाट थी। 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट व इसके बाद 29,129 मेगावाट दर्ज हुई थी। जल्द ही 30 हजार मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पहुंचने की संभावना है।





चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, बोले- खेल का आनंद ले रहा हूं

# भारतीय जीत की कुंजी हैं बुमराह



न्यूयॉर्क, एजेंसी

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का टी-20 विश्वकप में प्रदर्शन भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ने हाल के दिनों में मैदान पर सफल वापसी की है और टी-20 विश्व कप के दौरान वह उस लय को बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में दूसरे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब के लिए भारत की खोज में बुमराह को एक प्रमुख कुंजी के रूप में देखा जा रहा है। बुमराह 2022 और 2023 के बीच काफी समय तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ वापसी की और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत की ओर से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज थे जिन्होंने 18.65 की औसत से 20 विकेट लिए, जबकि उनकी इकॉनोमी केवल चार की थी। बुमराह भारत के लिए जीत की कुंजी हैं, जो अकेले मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं।

बुमराह ने कहा जब से मैं अपनी चोट से उबरा हूं, मैंने केवल जितना हो सके खेल का आनंद लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं खेल को लेकर अनिश्चितता के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि कुछ चीजें मेरे अनुकूल होंगी। कुछ चीजें मेरे अनुकूल नहीं होंगी। ये सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। मैं अंतिम परिणाम के बजाय उस पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उस पहलू में आप अपना दबाव कम करते हैं और खेल का आनंद लेते हैं। जब आप उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हे आप नियंत्रित नहीं कर सकते,तो परिस्थितियां जटिल हो सकती है।

### अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी-20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने कहा आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं। बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है।



## टी-20 विश्वकप में खुल कर खेले भारतः गांगुली

● पूर्व कप्तान बोले- गंभीर कोच पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। गांगुली ने कहा हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी-20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या और जिस टीम में सूर्यकुमार यादव हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता पर ध्यान दिया, जहां कोई भी टीम शीर्ष पांच में पहुंचने की क्षमता रखती है।

मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है। हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए। गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा क्या गंभीर ने आवेदन किया है, क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसी के बाद वह यह पद हासिल कर पाएंगे।

मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी। जाहिर है, बीसीसीआई के पास समय सीमा बढ़ाने का अधिकार है। अगर गंभीर आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे। आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया। आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी। मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं।

## खेल डायरी



मुंबई में ब्लू ओशन कॉरपोरेशन इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को किया गया सम्मानित। ● एजेंसी

### थाईवान ओपन में डीपी मनु ने जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था।

### डोरमी ओपन में प्रणवी संयुक्त बढ़त पर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपियन टूर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डोरमी ओपन में दूसरे दौर के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होंने बारिश से प्रभावित पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला। प्रणवी इंग्लैंड की कारा गेनर (65-71) के साथ बढ़त बना ली है। प्रणवी पिछले सप्ताह जाबरा क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता से हटने से पहले इस सत्र में इस प्रतियोगिता में कट में जगह बनाने में सफल रही है। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (70-71) संयुक्त 15वें स्थान पर है और वह कट में आसानी से जगह बना लेंगी। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर में अपना खेल शुरू नहीं किया है।

### शुभंकर ने यूरोपीय ओपन के कट में जगह बनाई



**हैमबर्ग (जर्मनी)।** शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर दो दौर के खेल के बाद कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। पहले राउंड में तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ 73 का स्कोर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं। इस बीच वीर अहलावत (79-70) और ओम प्रकाश चौहान (75-76) कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### इंयिन ओपन ऑफ सर्फिंग में तमिलनाडु का दबदबा

**मंगलुरु।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन शनिवार को भी तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपना दबदबा बनाये रखा और पुरुषों के ओपन श्रेणी में चारों फाइनल स्थान और महिला ओपन श्रेणी के फाइनल में दो स्थान हासिल किए। दूसरे दिन की शुरुआत पुरुषों के ओपन सर्फ श्रेणी के क्वार्टरफाइनल्स के साथ हुई, जहां सिवराज बाबू और तमिलनाडु के सर्फर्स ने बढ़त को जारी रखा, सिवराज ने दिन के सबसे अधिक अंक (15.17) इकट्ठे किए। इस श्रेणी में अन्य सर्फर्स जो सिवराज के साथ सेमीफाइनल्स में शामिल हुए वे संजैकुमार एस (12.83), संजय सेल्वमानी (11.63), अजीष अली (11.43), श्रीकांत डी (10.33), मणिवन्ना टी (9.40) थे। दिन की प्रक्रिया सर्फिंग ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू हुई, जहां हरीश पी, जो वर्तमान में भारत में 5वें स्थान पर हैं, ने 10.17 के साथ श्रेणी में उच्चतम स्कोर बनाया।

### दिनेश कार्तिक ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 को आउट किया है।

## अभ्यास मैच में श्रीलंका और अफगानिस्तान की जीत

फ्लोरिडा, एजेंसी

श्रीलंका और अफगानिस्तान ने अभ्यास मैचों के अंतिम दिन जीत के साथ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी तैयारी को धार दी। दासुन शनाका ने आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका की 41 रन की जीत में चार विकेट लिए, जबकि गुलबदीन नायब के तेज अर्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड को 55 रन से हरा दिया।

फ्लोरिडा में श्रीलंका ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन चौथे ओवर में उसके एक के बाद एक दो विकेट गिर गए। इसके बाद कप्तान वानिंदु हसरंगा (26) और शनाका (23) ने शुरुआत की, श्रीलंका सात विकेट पर 125 रन बनाए और आयरलैंड को 41 रनों से हराया।



वहीं, त्रिनिदाद में अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और आठ विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में जॉर्ज मुन्से ने 18 गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन वह स्कॉटलैंड के शीर्ष छह में से एकमात्र सदस्य थे, जिन्होंने दोहरे अंक में जगह बनाई। अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड को 55 रनों से हराया।

## जीत की तलाश में उतरेगी वेस्टइंडीज

जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी

ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी-20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौवें चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी।

ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था, लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से



बाहर हो गई। इसके बाद तो हालत और खराब हो गए और ऑस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी। ईडन गार्डन्स में पिछला खिताब जीते हुए 2982 दिन हो गए हैं और अब जब टूर्नामेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे।

### कनाडा के खिलाफ अमेरिका का पलड़ा भारी

**डलास।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी-20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे।

## अल्काराज और सबालेंका ने जीते मैच

पेरिस, एजेंसी

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया।

इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को हराया। सबालेंका ने पाउला बडोसा पर जीत हासिल की।

दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे



● फ्रेंच ओपन: स्टेफानोस सिटसिपास चौथे दौर में स्वियातेक, रिबाकिना और सिनर भी बढ़े आगे

दौर में जगह बनाई। अल्कराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की सेमीफाइनलिस्ट दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया, लेकिन उनकी हमवतन सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओन्स जबूर से होगा। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जबूर ने 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज को 6-4, 7-6 (5) से हराया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लो पैक्वेट को 6-1, 6-3 से पराजित किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना अब क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से होगा।

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला मार्टिनेज ने डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया।

## सेमीफाइनल में हार के बाद त्रिसा-गायत्री का सफर खत्म

सिंगापुर, एजेंसी

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सिंगापुर ओपन में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। इस हार से भारत का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 में भी अभियान खत्म हो गया। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी की निगाहें शीर्ष 10 खिलाड़ियों पर जीत की हैट्रिक बनाने पर लगी थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री की जोड़ी जापान की खिलाड़ियों के आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने 47 मिनट में 23-21 21-11 से जीत हासिल की। जापान की जोड़ी ने इस तरह

सिंगापुर ओपन



फरवरी में एशिया टीम चैंपियनशिप में त्रिसा और गायत्री से सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। जापान की जोड़ी का भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड अब 3-1 हो गया है। त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले दुनिया की दूसरे नंबर की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी को प्री क्वार्टर में और दुनिया की छठे नंबर की किम सो यियोंग और कोंग ही यंग की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हराया था।

## भारत ने जर्मनी को हराया

लंदन, एजेंसी

भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी।

विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर



पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया। भारतीय कप्तान ने 16वें मिनट में नीची फ्लिक जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर की ओर बढ़ाई जो बैरी एंथियस से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चली गयी। भारतीय टीम अब आठ जून को फिर से जर्मनी से भिड़ेगी जिसके बाद उसका सामना दो और नौ जून को ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

## टीम की हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो



**जेद्दा।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी।

## मुंबई सिटी एफसी ने ब्रैंडन के साथ किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने शनिवार को भारत के मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस के साथ तीन साल का अनुबंध किया, जो 2015 में आईएसएल की इस टीम के साथ संक्षिप्त समय बिताने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सात साल तक एफसी गोवा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एफसी गोवा के लिए 130 मैचों में 17 गोल किए। इस दौरान गोवा की टीम ने 2019-20 में आईएसएल लीग शील्ड जीती। उन्होंने टीम को क्रमशः 2019 और 2021 में इंडियन सुपर कप और डूरंड कप जीतने में भी मदद की। गोवा के इस खिलाड़ी ने करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा मैं मुंबई सिटी एफसी में वापसी करके खुश हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### घर में मिला साधु का शव

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र के हनुमान धारा मार्ग के पास रहने वाले एक साधु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके घर से बदबू फैलने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। चित्रकूट (मप्र) थाना पुलिस और नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि घर के अंदर साधू मृत पड़ा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### तीन वांछित दबोचे गये

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसआई राजेश कुमार राय ने वांछित आरोपियों कलुआ उर्फ कल्लू, कुटकू और भस्मा पुत्रगण मेवालाल निवासीगण लमियारी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी राजकुमार और अतुल मिश्रा शामिल रहे।

### बहन के घर आए युवक ने खाया जहर, गंभीर

**मुस्करा(हमीरपुर)।** बहन के घर आए भाई ने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर युवक का जीजा गंभीर हालत में सीएचसी लेकर पहुंचा। थाना जरिया के रिगवारा गांव निवासी दृगपाल उर्फ कल्लू (22) अपनी बहन के यहां मुस्करा आया था। जहां पर उसने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसका जीजा मनीष उसे कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। दृगपाल की हालात नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

एसपी के साथ किया मतगणना परिसर का मुआयना, बचे हुए कार्यों को तत्काल पूरा कराने के दिए निर्देश

# मतगणना वाले दिन बाधित न हो बिजली आपूर्ति : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का मुआयना किया। दोनों अधिकारियों ने वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें कोताही न बरतें। डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों को आगाह किया कि मतगणना वाले दिन बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।


मतगणना स्थल में व्यवस्थाओं का जायजा लेते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने चित्रकूट और मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना स्थल पर काउंटर, बैरीकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों के संचालन, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कूलर-पंखे, आब्जर्वर रूम, मीडिया सेंटर, प्रकाश व्यवस्था आदि की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। डीएम ने अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम को निर्देश दिए कि मतगणना स्थल पर जो भी काम बचा है उसे तत्काल पूरा कराएं।

चार जून को मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर किसी भी कर्मचारी, एजेंट, अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य किसी भी व्यक्ति को मोबाइल के साथ प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मतगणना स्थल के अंदर मोबाइल पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि मतगणना स्थल के लिए तारों को ठीक से चेक कर लें, जिससे चार जून को दिक्कत न हो। विद्युत आपूर्ति लगातार बनी रहे। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, एडीएम सतीश चंद्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, विद्युत दीपक सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल जी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### बसपा प्रत्याशी ने तीन अधिकारियों पर उठाए सवाल

**चित्रकूट।** चार जून को होने वाली मतगणना में तीन अधिकारियों को लेकर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजा है और अधिकारियों को मतगणना से पृथक किए जाने की मांग की है।


मयंक द्विवेदी।

गौरतलब है कि चार जून को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में चित्रकूट और मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना होगी। इस संबंध में बसपा प्रत्याशी ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि उपायुक्त मनरेगा धर्मजीत सिंह, बेसिक शिक्षाधिकारी लव यादव, उप जिलाधिकारी सौरभ यादव द्वारा मतदान प्रक्रिया बाधित किए जाने व पक्षपात किए जाने की प्रबल संभावना है। उन्होंने डीएम से अनुरोध किया है कि तीनों अधिकारियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतगणना को ध्यान में रखते हुए मतगणना प्रक्रिया से पृथक किया जाए। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग उप्र और रिटर्निंग आफीसर लोकसभा क्षेत्र बांदा को भी भेजी हैं। उधर, इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि उनको अभी लेटर प्राप्त नहीं हुआ है। लेटर प्राप्त होने पर देखेंगे।

## ... जब कालेज में पेपर लीक की अफवाह से मचा हड़कंप

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)


प्राचार्य अखिलेश द्विवेदी।

- प्राचार्य बोले, जब परीक्षा ही आज नहीं थी तो पेपर लीक कैसे
- प्राचार्य और प्रबंधक ने कहा बदनाम करने की हो रही साजिश

**अमृत विचार।** नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र में स्थित केदारनाथ जगन्नाथ महाविद्यालय को लेकर शनिवार को उड़ी एक अफवाह से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया में किसी ने पोस्ट कर दिया कि यहां बीए द्वितीय वर्ष का पेपर लीक हो गया। हालांकि इस संबंध में महाविद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र प्रसाद द्विवेदी और प्रभारी प्राचार्य अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि बुंदेलखंड विवि प्रशासन की ओर से आए आदेशानुसार शनिवार को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। किसी शरारती तत्व ने यह अफवाह उड़ाई है। वह पता कर रहे हैं कि किसने यह हरकत की है। विद्यालय को बदनाम करने की ऐसी हरकत करने वाले का पता कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

प्राचार्य ने बताया कि एक जून को होने वाली द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर एवं छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राज बहादुर के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव की तिथि होने की वजह से दो जून रविवार को संपादित की जाएंगी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्नपत्रों का एक संकलन केंद्र बनाया गया है। परीक्षा समय के 30 मिनट पहले संकलन केंद्र के माध्यम से परीक्षा प्रश्नपत्र प्राप्त कराया जाता है। ऐसे में पेपर लीक होने का प्रश्न नहीं है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा स्थगित होने की खबर छात्र-छात्राओं को विद्यालय के ग्रुप में डालकर दे दी गई थी। जो सोशल मीडिया में खबर चलाई जा रही है वह भ्रामक व बदनाम करने की साजिश है। ऐसे शरारती तत्वों का पता लगाया जा रहा है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार

## दतिया आश्रम के सर्वांगीण विकास की उठाई मांग

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)


मंदिर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति।

- सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन
- हवन के बाद कन्या पूजन और भंडारे का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** प्राचीन दतिया आश्रम में शनिवार को सात दिवसीय भागवत कथा का समापन हुआ। हवन के बाद कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। आचार्य पंडित विश्वभरण शास्त्री ने लोगों से गोहत्या न करने और बुजुर्गों के सम्मान की अपील की।

दतिया आश्रम मानिकपुर समेत आसपास के क्षेत्र में अंजनीपुत्र भगवान हनुमान जी का प्रसिद्ध स्थान है। आश्रम को लेकर लोगों में भारी आस्था और विश्वास है। यहां सात दिन तक श्रीमद् भागवतकथा सुनी गई। आयोजन में फ़ौजदारी चाय वाले, महिला उद्यमी छाया गुप्ता, परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक समाजसेवी अनुज हनुमत आदि ने सहयोग किया। अनुज और अन्य लोगों ने ज़िलाधिकारी और पर्यटन अधिकारी से मांग की कि इस स्थान को पर्यटन की मुख्य धारा से जोड़ा जाए और इसका सर्वांगीण विकास किया जाए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

**राजापुर (चित्रकूट)।** दुकान से खरीदारी कर रहे दो युवकों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की रात ग्राम पंचायत तीर धुमाई गंगू निवासी राहुल साहू (21) पुत्र माताबदल चांदी बांगर निवासी मित्र लवकुश (28) पुत्र धनराज के साथ राजापुर बाजार करने के लिये आ रहा था। गुरगौला पुल के पास दोनों बाइक खड़ी करके दुकान से सामान ले रहे थे कि तभी एक तेज रफ्तार से निकला वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सक ने राहुल को जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया। उधर, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी ने बताया कि घायलों या उनके परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी।

## सुलह-समझौते में नहीं होती किसी की हार: जिला जज

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि-समझौते से किसी की हार नहीं होती।

जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जाए। सुलह के आधार पर वाद निस्तारित होने से दोनों पक्षों में से किसी की हार नहीं होती है और हमेशा के लिए विवाद समाप्त हो जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए निरंतर प्री ट्रायल बैठकों का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने सुलह योग्य वादों को चिह्नित करने एवं संबंधित वादकारियों को नोटिस भेजे जाने की बात कही।

## काम धीमा होने पर ग्रामीणों ने मजदूरों को पीटा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना का काम धीमी गति से होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहासुनी के बाद कार्यदायी कंपनी के श्रमिकों से मारपीट की। श्रमिक ग्रामीणों की शिकायत लेकर तहरीर देने थाने पहुंचे। एसओ के न होने से समाचार भेजे जाने तक वे वहीं बैठे रहे।


मारपीट से आक्रोशित कंपनी के श्रमिक। अमृत विचार

- श्रमिकों ने दी ग्रामीणों के खिलाफ थाने में तहरीर

जानकारी के मुताबिक, रायपुर बांगर में लगभग डेढ़ वर्षों से नमामि गंगे योजना के तहत घर घर टोंटी से जल उपलब्ध कराने के लिए काम चल रहा है। अभी तक काम पूरा न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को इनका गुस्सा फट पड़ा और कहासुनी के बाद ग्रामीणों ने ओम कंस्ट्रक्शन कंपनी के मजदूरों को पीटना शुरू कर दिया। इससे अफरातफरी मच गई। बाद में कंपनी के अधिकारी लगभग डेढ़ दर्जन मजदूरों को थाने लेकर पहुंचे। एलएनटी के सुपरवाइजर नमन ओझा ने तहरीर देते हुए बताया कि घर घर कनेक्शन का कार्य विभाग के आदेशानुसार कराया जा रहा था। कि इतने में गांव के कुछ अज्ञात लोगों ने पूछा कि अभी टंकी का काम पूरा नहीं हुआ और मजदूरों द्वारा रोड, गली खोदी जा रही है। जब टंकी का निर्माण पूर्ण हो जाए तब कनेक्शन का काम करें।

आरोप लगाया कि मजदूरों ने काम करना बंद नहीं किया और तो गुस्साए ग्रामीणों ने लाठी डंडों से पिटाई कर दी। इस दौरान सुपरवाइजर अजय कुमार, जेई रेवतीरमण ओझा, सूरज बोस के अलावा गुड्डू, भैरव प्रसाद, अमित, रितेश, धर्मेंद्र, शिवाकांत, शिवगणेश, राजाराम, रामसूरत, वीरू, ध्यानचंद्र, आशीष, तीरथ आदि श्रमिक मौजूद रहे।

### अखनूर बस हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार : अमित

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने अखनूर बस हादसे के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए इनको उचित मुआवजे की मांग भी की है। अमित ने कहा कि इस तरह के मामलों की गहनता से जांच की जानी चाहिए। अमित ने कहा कि हादसे में अब तक दो बच्चों सहित लगभग 24 लोगों की मौत हुई है और कई घायल अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि इन श्रद्धालुओं में हाथरस, अलीगढ़, मथुरा और भरतपुर के रहने वाले लोग हैं। भाकपा नेता ने इस दर्दनाक हादसे के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और उसके विभागों को सीधे जिम्मेदार ठहराया है। आरोप लगाया कि प्रदेश में धर्म की आड़ में एक बड़ा माफिया काम कर रहा है जो लोगों को बरगला कर विभिन्न तीर्थस्थलों को ले जाता है, इनमें पहाड़ के तीर्थस्थल भी शामिल हैं।

## जरूरत पर ही घर से निकलने की दी सलाह

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने लोगों से गर्मी के मौसम से बचाव करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ऐसे में लोग जरूरत के समय ही दोपहर में घर से निकलें और पूरी तरह से अहतियात बरतें। तहसील परिसर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।


एसडीएम राजापुर। अमृत विचार

- हाल बेहाल- बढ़ते तापमान का विद्युत उपकरणों पर भी असर
- तहसील परिसर में की गई कंट्रोल रूम की स्थापना

एसडीएम ने कहा कि तहसील क्षेत्र में लोगों के बीमार होने की जानकारी मिल रही हैं। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान और बढ़ने की आशंका जताई है। लू से बचने के लिए सुबह 11 से शाम चार बजे तक घरों से अनावश्यक न निकलें। घर से निकलने के पहले समुचित खाना खायें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीकर ही निकलें। सिर को सूती गमछा से ढककर रखें। नदी-तालाबों में भी सुबह के समय स्नान कर लें। शरीर में जलन, उल्टी-दस्त, पेटदर्द की शिकायत पर तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर उपचार कराएं। तहसील परिसर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसमें नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे, शिवानंद पांडेय को प्रभारी बनाया गया है। लोग कंट्रोल रूम नंबर 9335367210 पर जानकारी दे सकते हैं।

## भीषण गर्मी से ट्रांसफार्मर भी गर्म, पानी डाल कर रहे ठंडा

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी आम आदमी पर ही नहीं बल्कि विद्युत उपकरणों पर भारी पड़ रही है। लोड और तापमान बढ़ने से ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। विभागीय जिम्मेदारों का कहना है कि ट्रांसफार्मरों की गर्मी कम करने के लिए इनके पास कूलर आदि की व्यवस्था की जा रही है।



- भीषण गर्मी से करें बचाव और कंट्रोल रूम में दें सूचना
- ट्रांसफार्मर के पास कूलर की व्यवस्था की जा रही है

नौतपा में गर्मी और तपन के रिकार्ड तोड़ रही है। पारा 40 से 47 डिग्री के आसपास घूम रहा है। बीच बीच में कहीं-कहीं बारिश उमस को बढ़ा रही है। भीषण गर्मी में बिजली की आंखमिचौली भी जारी है। इसकी वजह विभागीय जिम्मेदार विद्युत उपकरणों पर बढ़ते लोड और ताप को बताते हैं। इनका कहना है कि तारों के गर्म होने से ट्रांसफार्मर गर्म होकर ट्रिप कर जाते हैं। ज्यादा तापमान के बीच इन उपकरणों के सुचारु काम करने की बिजली कर्मियों के सामने चुनौती है। बीते दिन सिंहपुर साईपुर फीडर की आपूर्ति करीब आठ घंटे तक बाधित रही। इसकी वजह ट्रांसफार्मर का ट्रिप करना बताया गया। इससे जलापूर्ति भी नहीं हो सकी। रात में भी बिजली की आवाजाही परेशान करती रही। उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों की नींद उड़ा दी है। भरपूर नींद न लेने से स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ रहा है। बताया जाता है कि सिंहपुर साईपुर फीडर के उपभोक्ता पिछले तीन दिन से भीषण कटौती का सामना कर रहे हैं। सिंहपुर साईपुर फीडर के साथ सकरौली, ओरा आदि का यही हाल है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए विद्युत विभाग के जिम्मेदार ट्रांसफार्मरों के लिए कूलर लगाने के साथ ट्रांसफार्मर में पानी डालकर तापमान कम करने का प्रयास कर रहे हैं। जेई पावर हाउस पहाड़ी महेश मौर्या ने बताया कि ट्रांसफार्मरों का तापमान कम करने के लिए कूलर व पंखे की व्यवस्था की जा रही है।

### दिखने लगे हाथ के पंखे

बार बार बिजली गुल होने से घरों के इन्वर्टर भी जवाब देने लगे हैं। लोग हाथ के पंखों के सहारे गर्मी का सामना कर रहे हैं। ठंडे पानी के लिए मटका खरीद रहे हैं। गर्मी को देखते हुए लोग देशी नुस्खे अपना रहे हैं।

अभियान

टास्क फोर्स प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिकों का लगाएगी पता, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मजदूरी में न रखने की दी हिदायत

# बाल श्रमिक खोजने को 30 जून तक दुकानों में होगी छापेमारी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के अवसर पर किशोर (बाल) श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने बाल किशोर श्रम उन्मूलन टास्क फोर्स का गठन किया है।

डॉ. सिंह ने बताया कि अभियान 30 जून तक चलेगा। इसकी शुरुआत शनिवार को रेलवे स्टेशन से की गई। बताया कि बाल श्रम रोकने के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। अभियान में बाल कल्याण समिति, एंटीड्यून ट्रैफिकिंग पुलिस, जीआरपी, श्रम विभाग, बाल संरक्षण इकाई शामिल है।


संवासियों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार


दुकानों में छापे मारकर बाल श्रमिकों की जानकारी लेती टीम। अमृत विचार

बताया कि स्टेशन रोड के सामने एक किराना स्टोर में एक किशोर को काम करते हुए पाया गया। इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की गई। अन्य प्रतिष्ठानों के मालिकों को 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को मजदूरी में न रखने की हिदायत दी गई।

साथ यह भी कहा गया कि वे कर्मचारियों का नाम, उम्र, फोटो पहचान पत्र, पता, उपस्थिति रजिस्टर जरूर रखें। एएचटीयू थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दुर्गविजय सिंह, उप निरीक्षक सदानंद सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश द्विवेदी, जीआरपी थाना प्रभारी संजीव कुमार, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल शिवानी राय, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश माथुर, सदस्य राजेश दुबे, विवेक शुक्ला, हिमांशु चतुर्वेदी, बाल संरक्षण इकाई से दीपक शर्मा, ओम प्रकाश साहू, अर्जुन यादव, व दिलीप कुमार अभियान में शामिल हैं।

### बाल अधिकारों की जानकारी दी

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेषण गृह किशोर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह ने सभी संवासियों को संरक्षण व अधिकारों के बारे में विस्तार से समझाया। जिला सह परिवीक्षा अधिकारी अंजना पोडवाल ने संवासियों को बाल श्रम को लेकर महत्वपूर्ण बातें बताईं। योगाचार्य संजय कुमार ने बाल अधिकारों की जानकारी दी। कर्तव्यपालन करना तथा अनुशासन में रहने का संकल्प दिलाया। सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने सभी का आभार जताया। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव, परामर्शदाता दीपक शर्मा, केयरटेकर सुरेश चंद्र, राहुल रहे।

## साहब ! मैं जिंदा हूं, मेरी जमीन की फर्जी वरासत कर दी

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत हर्दीकला निवासी एक ग्रामीण का कहना है कि भू माफिया ने कर्मचारियों की मिलीभगत से उसे मृत दिखाकर फर्जी वरासत करा ली गई है। कई बार इस संबंध में पत्र देने के बाद भी सुनवाई नहीं की जा रही। उसने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। उधर, एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


मुन्नालाल।

हर्दीकला निवासी मुन्नालाल पुत्र कल्लू ने बताया कि उसकी मौजा हर्दीखुर्द में जमीन है। इसके कागजात भी उसके पास हैं। आरोप लगाया कि भू माफिया के सहयोग व साठगांठ से कर्मचारियों ने फर्जी वरासत कर दी है। उसका कहना है कि उसकी जगह पर हर्दी खुर्द के अन्य ग्रामीणों का नाम वरासत में दर्ज कर दिया गया है। उसका कहना है कि इस संबंध में उसने कई बार लेखपाल से भी बताया, पत्र दिए पर कुछ नहीं हुआ। आरोप लगाया कि लेखपाल द्वारा सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। मुन्नालाल ने इस संबंध में जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में आया है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एमडी ने अफसरों के कसे पेच, एक हफ्ते में सुधारें विद्युत आपूर्ति

## रंग लाया सदर विधायक का प्रयास, प्रबंध निदेशक ने खुद संभाला मोर्चा, एक सप्ताह में कार्यशैली में बदलाव की सख्त हिदायत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** शासन स्तर से भले ही मंडल मुख्यालय समेत सभी जिला मुख्यालयों में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन हकीकत में लोकल फाल्ट व ओवरलोड के नाम पर मंडल मुख्यालय में भी 12 से 15 घंटे ही आपूर्ति मिल पा रही है। ऐसे में भीषण गर्मी के दौरान हो रही बिजली किल्लत से जहां जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, वहीं जनप्रतिनिधि भी जनता की समस्याओं के निदान के लिए दिन रात एक करने पर मजबूर हैं। ऐसा ही मंडल मुख्यालय के नगरीय क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

हालांकि सदर विधायक के प्रयासों के चलते दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को खुद मोर्चा संभालना पड़ा और उन्होंने शुक्रवार को यहां पहुंचकर अफसरों को विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने के लिए चेतावनी दी है। एमडी विद्युत ने शनिवार को भी अफसरों और आम जनता के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक करके समस्या को समझा और उसके निदान को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।


बिजली समस्याओं पर चर्चा करते एमडी व विधायक प्रतिनिधि। अमृत विचार


शहर के मढ़िया नाका में कामों की जांच करते बिजली अफसर। अमृत विचार

### शहर की समस्या के लिए ल्यूमिनो पावर जिम्मेदार : रजत

दक्षिणांचल के प्रबंध निदेशक अमित किशोर जब बिजली समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठे तो सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रतिनिधि रजत सेठ ने विभागीय लापरवाही की पोल खोलकर रख दी। बताया कि शहर की बिजली किल्लत के लिए आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर केबल व विद्युत पोल बदलने का काम कर रही ल्यूमिनो पावर प्राइवेट लिमिटेड की ढुलमुल कार्यशैली ही पूरी तरह से जिम्मेदार है। बताया कि समय रहते अगर कंपनी के लोगों ने काम पूरा कर लिया होता तो शायद शहरवासियों को यह दिक्कत न झेलनी पड़ती। कहा कि ल्यूमिनो पावर कंपनी के लोग जानबूझ कर घटिया विद्युत पोल व तार लगा रहे हैं। आलम यह है कि कई जगह गुणवत्ताविहीन विद्युत तार पिघल कर जमीन पर गिर गए हैं और विद्युत पोल तो इतने घटिया हैं कि उन पर तार खींचने मात्र से ही वह धनुषाकार हो गए हैं। विधायक प्रतिनिधि ने ऐसी घटिया सामग्री के साथ शहर की बिजली व्यवस्था को सुधारा जाना असंभव बताया। साथ ही बताया कि बिजनेस प्लान की खामियों को भी उजागर किया। बताया कि ओवरलोड ट्रांसफार्मरों का लोड बाइफरकेशन और नगरीय निकायों में विद्युतीकरण करने के लिए 30 मार्च तक की डेड लाइन निर्धारित की गई थी, लेकिन ठेकेदारों की मनमानी के चलते यह काम अभी 20 फीसदी भी पूरा नहीं हो सका। प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने आरडीएसएस के तहत कराए जाने वाले कामों की जांच कराने और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के साथ एफआईआर दर्ज कराने की हिदायत दी। कहा कि समय से काम न पूरा करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी।

जहां एक ओर जिला प्रशासन की ओर से भीषण गर्मी और हीट वेव से बचने के लिए गाइडलाइन जारी करके लोगों को घरों में रहने और धूप व गर्मी से बचने की नसीहत दी जा रही है। वहीं बिजली विभाग के नकारा अफसर शहरी क्षेत्र में भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, जिससे लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं और गंभीर बीमारियों का शिकार होकर अस्पतालों के चक्कर काटने को विवश हो रहे हैं। तमाम शिकायतों के बीच बिजली किल्लत को लेकर सबसे पहले सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने मोर्चा संभाला और विद्युत समस्या के मुद्दे को हाईलेवल तक पहुंचाया और समस्या के निदान को लेकर पहल शुरू की। विधायक के प्रयास का असर यह हुआ कि शुक्रवार को ही दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने यहां अपना डेरा डाल दिया। प्रबंध निदेशक ने सबसे पहले विभागीय अफसरों की बैठक कर उनके पेंच कसे और समस्या की जड़ तक पहुंचने का प्रयास किया।

- पानी की बौछार से ठंडे किए जा रहे हैं ट्रांसफार्मर
- लोकल फाल्ट के नाम पर अंधाधुंध कट रही बिजली

बैठक में प्रबंध निदेशक ने मुख्य अभियंता से लेकर अवर अभियंता तक को बिजली समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराया और कार्यप्रणाली में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। कहा कि विभागीय अफसर खुद मौके पर पहुंचकर समस्या का निदान कराएं और फोन पर मिलने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर निस्तारण कराने का काम करें।


नरैनी पावर हाउस में ट्रांसफार्मर पर पानी डालते कर्मचारी। अमृत विचार

### तापमान में बढ़ोतरी-ओवरलोड से गर्म हो रहे ट्रांसफार्मर

भीषण गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से आम जन जीवन परेशान हो रहा है। लोगों को दिक्कतों से बचाने के लिए नरैनी विद्युत सब स्टेशन के कर्मचारी अपनी जान का जोखिम उठाकर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। कस्बा समेत ग्रामीण इलाकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए बिजली कर्मचारी ओवर हीट हो रहे ट्रांसफार्मरों पर पानी की बौछार मार कर ठंडा कर रहे हैं। अवर अभियंता निर्मल कुमार कुशवाहा का कहना है कि तापमान में बढ़ोत्तरी और ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर जल्दी ही गरम हो जाते हैं और ट्रिपिंग की समस्या के चलते सप्लाई बाधित हो जाती है। बताते हैं कि गरम ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए पानी की बौछार डालनी पड़ती है। अवर अभियंता श्री कुशवाहा ने क्षेत्रवासियों को घर के सभी विद्युत उपकरण एक साथ चालू न करने की नसीहत दी है और बिजली विभाग का सहयोग करने की अपील की है।

### फील्ड में उतरे बिजली अफसर, परखीं व्यवस्थाएं

प्रबंध निदेशक अमित किशोर से प्रतिनिधि मंडल में शामिल रजत सेठ, जय दीक्षित, आशीष आदि ने स्थानीय समस्याओं से जैसे ही रूबरू कराया तो उन्होंने तुरंत ही विभागीय अफसरों के पेंच कसे तो उनके अंदर भी करंट दौड़ गया और मुख्य अभियंता आरिफ अहमद की अगुवाई में अधीक्षण अभियंता रजनेश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता स्टोर हरीश, एक्सइएन नगरीय प्रकाश देव पांडेय समेत सभी अधिकारियों को फील्ड का रुख करना पड़ा। अफसरों की टीम ने शहर के मढ़िया नाका, कालूकुआं मोहल्ले में पहुंचकर आरडीएसएस के तहत किए गए कामों की जांच की और बिजली समस्या की वास्तविक हकीकत को परखा। मानक के अनुरूप काम न पाए जाने पर मुख्य अभियंता ने अधिशाषी अभियंता नगरीय और अवर अभियंता को जमकर फटकार लगाई। साथ ही ल्यूमिनो पावर के प्रोजेक्ट मैनेजर एस.सिन्हा को चेतावनी देते हुए सामग्री की गुणवत्ता में सुधार लाने की हिदायत दी। कहा कि जल्द ही काम में सुधार नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैकलिस्ट करके एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# आग से बचाव के लिए करें जरूरी संसाधनों का प्रयोग

- बिजली की शिकायतें 9415909206/ 9511431985 पर दर्ज कराएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तथा प्रबन्ध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम अमित किशोर की उपस्थिति में बढती गर्मी के कारण सम्भावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आग से बचाव सतर्कता के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने 14 विभिन्न एसोशिएसन जैसे होटल, उद्यमियों, गैस एजेन्सी संचालकों, मैरिज हॉल, कोचिंग सेन्टर, विद्यालय के प्रबन्धकों से कहा कि अग्निशमन की घटनाओं को रोकने के लिए अपने-अपने संस्थानों में आग लगने से बचाव के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तायुक्त आवश्यक संसाधनों को अवश्य उपयोग में लायें, क्योंकि अग्निसमन की दुर्घटनायें बढ रही हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत ट्रान्सफार्मरों के आस-पास गन्दगीध्कूडा आदि एकत्र न होने दें एवं किसी भी अग्निशमन से सम्बन्धित दुर्घटना होने पर आवश्यक संसाधनों का उपयोग करते हुए अग्निशमन विभाग को 101 नम्बर एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम नम्बर 112 पर तत्काल सूचित करें। बैठक में प्रबन्ध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम अमित किशोर ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा पुराने एवं जर्जर तारों को बदलने की कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक संगठन एवं उद्यमी अपने विद्युत लोड के अनुसार उसी क्षमता का विद्युत कनेक्शन प्राप्त करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल फोन रिसीव करें और उनका प्राथमिकता पर निस्तारण करें। उन्होंने बताया कि विद्युत सम्बन्धी शिकायत को 1912 एवं कन्ट्रोल रूम नम्बर 9415909206 तथा 9511431985 पर भी दर्ज करा सकते हैं, जिसमें उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि आग से बचाव के लिए बडे चिकित्सालयों, कोचिंग सेन्टरों, होटल, पेट्रोल पम्प तथा मैरिज हालों आदि संस्थानों में आवश्यक रूप से अग्निशमन उपकरण लगाये जायें। जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

उन्होंने अग्निशमन की घटनाओं से बचने के लिए बडे संस्थानों मे पानी स्टोरेज की भी व्यवस्था रखने का सुझाव दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, मुख्य अभियंता विद्युत आरिफ अहमद सहित अनिल वर्मा विद्युत सुरक्षा, समस्त उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एचटी लाइन की चपेट में आने से संविदा लाइनमैन की मौत

संवाददाता, कमासिन (बांदा)

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। स्थानीय पावर हाउस में संविदा पर तैनात लाइनमैन एचटी लाइन का फ्यूज जोड़ते समय करंट लगने से मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सब स्टेशन में तैनात एसएसओ पर कार्रवाई और मुआवजा की मांग लेकर जमरेहीनाथ मुख्य चैराहा स्थित राजापुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक व एसडीएम ने कार्रवाई और आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा देकर जाम खुलवाया। दो घंटे तक लगे जाम में सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंसे रहे।

कमासिन थाना क्षेत्र के बंथरी गांव निवासी अनु यादव (28) पुत्र जगदू यादव शुक्रवार की रात ढाबा से खाना लेकर जमरेहीनाथ देवस्थान पर चल रहे अखंड कीर्तन में ड्यूटी देने जा रहा था। भीषण गर्मी की वजह से जमरेही नाथ मोड़ के पास कल्लू वर्मा के ट्यूबवेल में नहाने के लिए रुक गया। बिजली गुल होने की वजह से ट्यूबवेल नहीं चला। कुछ लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया है। इस पर संविदा लाइनमैन ने स्थानीय बिजली सब स्टेशन में तैनात एसएसओ से फोन कर शट डाउन लिया। लेकिन एसएसओ ने अभियंता के निर्देश का हवाला देकर शट टाउन देने से इनकार कर दिया। इसी बीच फीडर ब्रेक डाउन में चला गया। लाइनमैन शट टाउन मिलने की बात समझकर ट्रांसफार्मर पर चढ़कर फ्यूज बांधने लगा। इसी बीच बिजली आपूर्ति चालू हो जाने से वह एचटी लाइन करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। कुछ देर तड़पने के बाद उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर भारी भीड़ जमा हो गई। शनिवार को सुबह घटना से अक्रोशित परिजनों व मौजूद लोगों की भीड़ ने संविदा लाइनमैन का शव रखकर कमासिन-राजापुर मार्ग पर जाम लगा दिया। एसएसओ पर कार्रवाई और मृतक आश्रितों को आर्थिक मदद की मांग की। जाम लगाने की खबर मिलते ही एसडीएम नमन मेहता, सीओ राजवीर सिंह, थानाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह भारी फोर्स से साथ घटनास्थल पहुंच गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण नहीं माने। इसी बीच घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय सपा विधायक विशंभर सिंह यादव भी पहुंच गए। क्षेत्रीय विधायक और एसडीएम ने दोषी पर कार्रवाई और मृतक आश्रितों को आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा देकर जाम खुलवाया। दो घंटे तक लगे जाम में सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंसे रहे।


जाम लगाए ग्रामीणों को समझाते विधायक। अमृत विचार

- परिजनों ने शव रखकर मुख्य मार्ग पर लगाया जाम
- विधायक व एसडीएम के आश्वासन पर खत्म हुआ जाम

### लाइनमैन ने नहीं लिया था शटडाउन

पावर कारपोरेशन अवर अभियंता गोपाल सिंह ने बताया की क्षेत्र के उपभेक्ताओं की यह शिकायत बराबर आ रही थी कि फीडरों में तैनात लाइनमैन अनावश्यक शटडाउन लेकर विद्युत आपूर्ति बाधित करते हैं। उपभेक्ताओं की लगातार मिल रही शिकायत को ध्यान में रखकर शुक्रवार को कमासिन विद्युत उपकेंद्र के अलावा सभी सब स्टेशनों में तैनात एसएसओ को उनके आदेश बगैर लाइनमैन को शटडाउन न देने की हिदायत दी थी। उनके आदेश पर एसएसओ ने शट टाउन देने से मना किया था। संविदा लाइनमैन ने उनसे फोन पर भी बात नहीं की। ब्रेकडाउन में फीडर के चले जाने पर लाइनमैन शट टाउन मिलने की बात समझ कर फ्यूज जोड़ने लगा। बिजली आपूर्ति शुरू होने पर उसकी करंट से मौत हो गई।

# 12 रुपये के प्रीमियम पर मिले दो लाख

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में पंजीकृत युवती की मौत के बाद उसके पति को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। आर्यावर्त बैंक की ओर बीमा योजना के लाभ के बारे में पति को सूचित कर 2 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक दिया।

पैलानी तहसील क्षेत्र के सादीमदनपुर आर्यावर्त बैंक शाखा में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत युवती प्रमिला ने खाता खुलवा कर साल में 12 रुपये का पहला प्रीमियम जमा कराया था। लेकिन बीमारी के चलते नवंबर माह में उसकी मौत हो गई। बीमा योजना में पंजीकरण से पति भी अनजान था।


मृतका के पति को चेक सौंपते मैनेजर।

- आर्यावर्त बैंक ने पति को सौंपा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का चेक

बैंक प्रबंधक चंदन गुप्ता ने बताया कि जब बैंक को बीमित व्यक्ति की मौत का पता चला तो उसके पति को सूचना दी गई। बाकायदा व्यक्ति के क्लेम की फाइल तैयार कराने के बाद आश्रित व नॉमिनी के नाम से दर्ज उसके पति सियाराम के नाम से दो लाख रुपये का चेक बनाकर सौंप दिया गया है। मृतका के पति ने प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना और बैंक अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए आभार जताया।

# तंबाकू के सेवन से कैंसर को आमंत्रण

**अतर्रा।** ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुई गोष्ठी में प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने कहा कि पूरे विश्व में हर सेकेण्ड पांच लोगों की मृत्यु तंबाकू के सेवन से हो जाती है। कैंसर जैसी घातक बीमारी तंबाकू चबाने से होती है। बीड़ी सिगरेट पीने से फेफड़े गल जाते हैं। व्यक्ति जीवन से हाथ धो बैठता है। सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर रोक लगा रखी है। ऐसा करने वाले लोगों पर कोटापा कानून के तहत 200 रुपये का अर्थदण्ड लगाने का आदेश जारी किया गया है।

# जिले के सात नवाचारी शिक्षक हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी और वार्षिक अधिवेशन में भागीदारी करने वाले जिले के सात शिक्षकों को संयुक्त शिक्षा निदेशक ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वार्षिक अधिवेशन में शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए।

शैक्षिक नवाचार संगठन के तत्वावधान में पिछले दिनों प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी और वार्षिक अधिवेशन में जनपद के साथ सात शिक्षकों ने भागीदारी की। संगोष्ठी में शिक्षकों ने नवाचारी शिक्षकों और अतिथियों के नवाचारी विचारों को सुना। विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी की। संगोष्ठी समापन पर संयुक्त शिक्षा निदेशक पवन सचान ने कंपोजिट विद्यालय ममसी खुर्द प्रधानाध्यापक प्रदीप बाथम समेत शिक्षक बलराम दत्त, विनोद गुप्ता, अमित मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय गजपतिपुर शिक्षिका सुगंधा अग्रवाल, प्राथमिक विद्यालय दोहा की राजेश्वरी, हरिओम को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन की माधुरी, सचिन, डा.सीमा मिश्रा, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।


शिक्षक को सम्मानित करते संयुक्त शिक्षा निदेशक। अमृत विचार

- संयुक्त शिक्षा निदेशक ने शिक्षकों को दिया प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न

**कवायद** डीएम-एसपी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने को कहा

# मतगणना स्थल पर मोबाइल शौचालय, कूलर लगाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मंडी समिति का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था परखते हुए सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने की हिदायत दी। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को मतगणनास्थल पर बड़े डस्टबिन तथा मोबाइल शौचालय के साथ कूलर व पंखे लगाने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी अंकुर अग्रवाल ने शनिवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति में बांदा सदर, नरैनी, बबेरू और तिंदवारी विधान सभा क्षेत्रों की स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए मतगणना पंडाल तैयार किए जाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मतगणना पंडाल के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना पंडाल के बाहर बैरिकेटिंग की व्यवस्था कराए जाने, बैरियर लगाए जाने और पेयजल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था कराए जाने, नगर पालिका द्वारा बड़े डस्टबिन तथा मोबाइल शौचालय भी लगाए जाने की निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए कूलर एवं पंखों की व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना कार्मिकों के साथ माइक्रोआब्जर्वर की भी ड्यूटी लगाई गई है, इसके साथ ही विधानसभा वार अलग-अलग रिजर्व कर्मचारी भी मतगणना कार्य के लिए ड्यूटी में लगाए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए की मतगणना दिवस पर स्ट्रांग रूम एवं कॉरिडोर से ईवीएम मशीन मतगणना पंडाल तक ले जाने के कार्य संबंधित एआरओ तथा तहसीलदार की देखरेख में किया जाएगा। 4 जून मतगणना वाले दिन कोई भी प्रत्याशी एवं एजेंट अपने साथ मोबाइल फोन, कैलकुलेटर अथवा कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मतगणना स्थल पर नहीं ले जाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट संदीप, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एवं निर्वाचन से जुड़े संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


मतगणना की तैयारियों का जायजा लेते डीएम, एसपी। अमृत विचार

- मंडी समिति में बांदा सदर नरैनी, बबेरू और तिंदवारी विस क्षेत्रों की होगी मतगणना

### मतगणना कर्मियों को वोट गिनने का दिया प्रशिक्षण

**बांदा।** चार जून को मंडी समिति में होने वाली मतगणना की प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पंडित जेएन डिग्री कालेज में शनिवार को आयोजित मतदान कर्मियों के दूसरे प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने वोट गिनने की प्रक्रिया समझाई। प्रशिक्षण में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक माइक्रोसॉफ्ट सर्वर और मतगणना सहायक द्वितीय ने भागीदारी की। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि मतगणना टीमों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सोमवार को होगा। जबकि तीसरा और अंतिम रेंडमाइजेशन में टेबल का अलॉटमेंट चार जूनको सुबह पांच बजे होगा। उन्होंने मतगणना कार्मिकों को एक फोटो साथ लेकर आने को कहा। कहा कि बिना पहचान पत्र के कोई भी कार्मिक मतगणना पंडाल में प्रवेश नहीं कर सकेगा। एडीएम राजेश कुमार ने कार्मिकों से मतगणना से जुड़े हुए अन्य प्रश्न पूछे। मतगणना कार्मिकों की शंकाओं का भी मौके पर ही समाधान किया गया। सभी कार्मिकों से मतगणना कार्य सावधानी और सतर्कता के साथ करने की हिदायत दी।

# मतगणना जिम्मेदारियों का ईमानदारी से करें निर्वहन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बैठक कर मतगणना संबंधी तैयारियों की जानकारी ली। कहा कि मतगणना संबंधी सौंपी गई जिम्मेदारियों का अधिकारी ईमानदारी से निर्वहन करें। मतगणना पंडाल में कार्मिकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कराने के साथ ही टेबलों में साइनेज कराने के निर्देश दिए।

हरेक विधानसभा क्षेत्र के मतगणना हाल में मेडिकल किट समेत दवाएं व ओआरएस घोल सहित अन्य व्यवस्था करने को कहा। मतगणनास्थल पर अस्थायी चिकित्सालय एवं चिकित्सकों तैनाती किये जाने के निर्देश दिए। जलसंस्थान महाप्रबंधक को पेयजल और अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को सफाई व्यवस्था के साथ बडे डस्टबिन व मोबाइल शौचालय लगाने को कहा।

उन्होंने सभी मतगणना कार्मिकों को अपनी ड्यूटी पर निर्धारित समय से पहले उपस्थित होने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य समेत सभी एआरओ और प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

- कार्मिकों को समय से पहले उपस्थित होने के निर्देश
- पालिका को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा

# लू और गर्मी से नौ लोगों ने तोड़ दिया दम

## जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए थे पीड़ित, 10 सालों का रिकॉर्ड इस साल की गर्मी ने तोड़ दिया

महोबा कार्यालय

**47** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान

**35.8** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान

**अमृत विचार।** जिले में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे तापमान के चलते लू से मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस रहा। लू और भीषण गर्मी से पीड़ित मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान नौ लोगों की मौत हो गई।

मालूम हो कि नौतपा के चलते जिला खूब तक रहा है। जिससे लोगों का भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर 12 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। शाम 7 बजे के बाद लोग घरों से निकलते हैं। थोड़ी सी लापरवाही बरतने पर लू और गर्मी अपनी चपेट में ले लेती है। प्रतिदिन जिला अस्पताल में गर्मीके चलते उल्टी दस्त और लू से पीड़ित मरीज आ रहे हैं जिससे डॉक्टर को पल भर की फुर्सत नहीं मिल रही है आसमान से बरस रही आग के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। भीषण गर्मी ने आम आदमी को हिलाकर रख दिया है। लोग सर पर अंगौछा बांधकर निकल रहे हैं वहीं महिलाएं मुंह में स्टॉल बांधकर घरों से निकलती है इसके बाद भी लू पूरी तरह से हावी है। यही वजह है कि 10 सालों का इस साल की गर्मी में रिकॉर्ड तोड़ दिया है। लोग भीषण गर्मी और लू की थपेड़ों से खासा परेशान है।

थाना खरेला के ग्राम शिवहर निवासी सियारानी (56), थाना लवकुश नगर के ग्राम पुरा निवासी सुरेश (60), लवकुश नगर के ही लक्ष्मणपुर निवासी भवानीदीन (65), थाना खरेला निवासी भवानी बाई (57), लाडकुंवर (45) निवासी चरखारी, लाल दीवान (60) कमला देवी निवासी चरखारी आदि पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर उनकी मौत हो गई। इसी तरह थाना खरेला में बस स्टैंड पर एक अज्ञात व्यक्ति गर्मी की चपेट में आने से गिरकर बेहोश हो गया। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर से मृत घोषित कर दिया।

## पठारी क्षेत्र तप रहा, कड़ी धूप से राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड का पठारी क्षेत्र इस साल भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के चलते गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच गई है। हालत यह है कि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने से इस साल लोगों को नौतपा का अहसास हो रहा है। भीषण गर्मी ने पिछले कई सालों के रिकार्ड तोड़ दिए है। वहीं आसमान से बसर रही आग से लोग बिलबिला रहे हैं। लू के थपेड़े आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। हालत यह है कि सुबह आठ बजे से ही गर्म हवाएं और तेज धूप अपना असर दिखाना शुरू कर देती हैं, जिससे लोगों का गर्मी से बुरा हाल है।

गौरतलब है कि नौपता शुरू होते ही इस साल गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच गई है, लोगों का गर्मी और लू के थपेड़ों से जीना दुश्वार हो गया है। भीषण गर्मी के चलते कोचिंग सेंटर भी बंद हो गए हैं। वहीं दूसरी तरफ दिन प्रतिदिन लू, भीषण गर्मी और उल्टी दस्त से हो रही मौके के बाद लोग सहमे हुए हैं, जिससे



धूप से बचाव के लिए स्टोल बांधकर जाती लड़कियां व बच्ची। अमृत विचार

- भीषण गर्मी के चलते सारा दिन छाया रहा सड़कों पर सन्नाटा

सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक सड़कों और बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। इतना ही नहीं शाम तक चंद लोग ही अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से निकलते हैं, जिससे आज कल चलह पहल कम हो गई है। लू के थपेड़े शाम सात बजे तक अपना असर दिखाती है, जिसके चलते शाम सात बजे के बाद भी शहर में रौनक लौटना शुरु होती है। बुजुर्ग मकनियापुरा निवासी करुद्दीन, मलकपुरा निवासी संतोष पटैरिया और कालीपहाड़ी निवासी पुरुषोत्तम का कहना है कि पिछले कई सालों से नौतपों के मौके पर भी ऐसी गर्मी नहीं देखी। यही वजह है कि इस की भीषण गर्मी और लू के चलते लोगों की मौते भी सबसे अधिक हुई हैं और अभी भी लोग भीषण गर्मी और लू के थपेड़े से जूझ रहे हैं।

## परीक्षा तिथि बदली, परीक्षार्थी बैरंग

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान को देखते हुए शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में जानकारी के अभाव में तमाम छात्र छात्राएं परीक्षा देने के लिए सुबह छह बजे पहुंच गई, लेकिन महाविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा देखकर वह परेशान हो गए। पूछताछ करने पर उन्हें पता चला कि 1 जून की परीक्षा 2 जून को होगी। दूरदराज क्षेत्रों के सुबह से आए परीक्षार्थी बिना परीक्षा दिए बैरंग वापस लौट घर लौट गए। उधर भीषण गर्मी के चलते झांसी स्थित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर परीक्षा में बदलाव कर दिया गया। दोपहर दो से चार बजे तक की परीक्षा का समय बदलकर चार बजे से शाम छह बजे कर दिया गया हैं।

गौरतलब है कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही थी, लेकिन भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के चलते परीक्षा दौरान परीक्षार्थियों के बेहोश होने की सूचना मिलते पर कुलपति द्वारा दोपहर दो से चार बजे तक की परीक्षाओं का समय परिवर्तित कर चार बजे से शाम छह बजे का कर दिया गया है। ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा के समय तेज धूप और लू से



महाविद्यालय के गेट के बाहर खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार

- बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति ने गर्मी को देखते हुए बदला परीक्षा का समय

थोड़ी बहुत राहत मिल सके और अपनी परीक्षा को बिना व्यवधान के दे सकें। इसी प्रकार लोकसभा के सातवें चरण के मतदान को देखते हुए 1 जून की परीक्षा को स्थागित कर 2 जून को कर दिया था, लेकिन छात्र छात्राओं को इसकी जानकारी न मिलने से वह परीक्षा की तैयारी कर सुबह सुबह परीक्षा केंद्र पहुंच गए।

राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में सुबह सात बजे की प्रथम पाली में होने वाली परीक्षा के लिए दूर दराज क्षेत्रों के छात्र छात्राएं सुबह छह बजे ही पहुंच गए, लेकिन महाविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा देख उन्हें जानकारी हुई कि लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के चलते एक जून को होने वाली परीक्षा दो जून को होगी। छात्र-छात्राओं को वापस घर लौटना पड़ा। छात्रा प्रियंका निवासी ग्राम बेलाताल, आरती ग्राम बम्हौरी, सोना ग्राम छिकहरा, प्रियंका सिंह कस्बा खरेला, पूजा ग्राम पचपहरा, आकांक्षा श्रीनगर, कल्पना मुढारी के अलावा अंजलि, काजल, मिथलेश आदि का कहना है की हम सभी दूर दराज क्षेत्रों से सुबह महाविद्यालय आए, लेकिन बगैर परीक्षा दिए वापिस घर जाना पड़ रहा है। अगर कॉलेज के स्टॉफ या प्रचार्यो के द्वारा सूचित कर दिया जाता तो इस गर्मी के दिनों में समय और पैसा बर्बाद होने बच जाता। बताया कि जबकि कॉलेज के द्वारा सोशलमीडिया में ग्रुप भी बनाये गये है, जिससे सूचना छात्र छात्राओं तक पहुंचाई जा सके।

## मतगणना स्थल का आला अफसरों ने लिया जायजा



निरीक्षण करते मंडलायुक्त बालकृष्ण व डीआईजी एके सिंह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा मतदान संपन्न होने के बाद प्रशासन द्वारा 4 जून को मतगणना कराए जाने को लेकर शनिवार को चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त बालकृष्ण और पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने राजकीय पालिटेक्निक में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों से मतगणना दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों के बारे में जानकारी हासिल कर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पूर्णतः पालन करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त द्वारा मतगणना के लिए विधानसभावार बनाई गई टेबल, वैलेट पेपर टेबल, आरओ सिविल मतगणना, एजेंट गैलरी का निरीक्षण करते हुए संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे, लाउडस्पीकर कंप्यूटर सहित समस्त उपकरण लगवाना सुनिश्चित करें। सीसीटीवी कैमरे व पेरामैलिटरी फोर्स की उपस्थिति में मतगणना की जाएगी। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि ईवीएम लाने ले जाने के संबंध में प्रत्येक मशीन के साथ सुरक्षा कर्मी अनिवार्य साथ में आए।

- मंडलायुक्त और डीआईजी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

उन्होंने कहा कि मतगणना कर्मियों एवं एजेंट के लिए निर्धारित प्रवेश स्थलों से प्रवेश दिया जाए। राजकीय पॉलिटेक्निक में बिना आईडी कार्ड के प्रवेश नहीं दिया जाए साथ ही कोई भी कर्मचारी व एजेंट मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान मतगणना परिसर में नहीं लाये। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से प्रारंभ की जानी है इस संबंध में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सुरक्षा में लगे जवानों को सतर्कता के साथ अपने कार्य को अंजाम देने के निर्देश दिए, इसके बाद उन्होंने पालिटेक्निक में बने स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। मंडलायुक्त और डीआईजी ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था और धूप से बचाव के लिए परिसर में बनाए गए टेंट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी के दौरान लड़खड़ा गई बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जहां शहर वासियों को दिन में चैन नहीं मिल रहा है। वहीं तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने से ट्रांसफार्मर गर्म होकर काम करना बंद कर रहे हैं, जिससे भीषण गर्मी में कूलर-पंखे न चल पाने से लोग रातों को नींद पूरी नहीं हो पा रही है। खंभो में लगी बिजलीमैन लाइनों की केबिलों में अधिक लोड होने के कारण गर्म होकर उनमें आग लगने से केबिले टूटकर नीचे गिर रही हैं। जिससे शहरवासियों को दिन के साथ रात में भी सुकून नहीं मिल रहा है।

गौरतलब है कि डाकघर के समीप रखे ट्रांसफार्मर से सर्राफा बाजार, तमराई बाजार सहित एक दर्जन मोहल्लों की बिजली आपूर्ति की जाती है, लेकिन पिछले दो सप्ताह से यहां के बिजली तार अधिक लोड और अधिक तापमान के चलते टूटकर बार बार गिर रहे हैं,

- लोड न सह पाने से टूटकर गिर रहे तार, ट्रांसफार्मर ओवरहीट

जिससे लोगों के साथ साथ बिजली विभाग के कर्मचारी भी बार बार लाइन को दुरूस्त करके परेशान हो गए हैं। ट्रांसफार्मर नम्बर दो के क्षेत्र की पिछले तीन दिन से बिजली न आने के कारण इस लाइन को ऊदल चौक में रखे ट्रांसफार्मर नम्बर एक से जोड़कर नम्बर दो की लाइन को सही किया गया। वहीं ट्रांसफार्मर नम्बर एक में अधिक लोड के चलते लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

बिजली विभाग द्वारा किसी तरह नम्बर दो की लाइन को दुरूस्त किया गया तो शुक्रवार की देर शाम चौसियापुरा के पास लगे खंभे में अधिक लोड के चलते बिजली तार टूट गए, जिससे करीब एक सैकड़ा मकान में अंधेरे छा गया। मोहल्लेवासियों ने काफी देर इंतजार किया कि बिजली आ जाए, लेकिन बिजली न आने पर सभी लोग



बिजली लाइन दुरुस्त करता बिजली कर्मी। अमृत विचार

एकत्र हुए और बिजली कर्मचारियों को ढूंढने का अभियान शुरू कर कर्मचारियों को लाए और छह घंटे के बाद बिजली लाइन दुरूस्त कराकर लाइन चालू कराई गई। बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। शहर वासी जहां एक ओर बिजली से परेशान है वहीं पर्याप्त बिजली न मिलने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। लोगों के नलों में मात्र बीस मिनट ही पानी की सप्लाई की जा रही है, जिससे लोगों को पानी के लिए हैंडपंपों और कुओं का सहारा लेना पड़ा।

बिजली विभाग के अवर अभियंता का कहना है कि अधिक तापमान के चलते ट्रांसफार्मर अधिक हीट हो रहे है और बिजली लाइन में खराबी आ रही है। गर्मी को देखते हुए ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए अस्थाई समाधान किया जा रहा है और टीम लगाकर बिजली लाइनों को दुरुस्त करा दिया गया है और लाइन में खराबी की सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंचाया जा रहा है, जिससे लोगों को गर्मी की बिजली की समस्या से न जूझना पड़े।

### ग्रामीण अंचलो में भी आपूर्ति का बुरा हाल



सराफीपुरा निवासी दयाशंकर का कहना है कि इस साल जितनी गर्मी लोगों को सता रही है उतनी ही बिजली व्यवस्था लोगों के रूला रही है। शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलो में भी बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। कई कई दिन बिजली न आने से दुकानदार पूरा दिन दुकान पर बैठकर ग्राहक की राह ताक रहते हैं और जैसे तैसे कोई ग्राहक आता है बिजली न आने से वह गर्मी के चलते बिना सामान लिए ही उलटे पैर वापस चला जाता है। -दयाशंकर

### गर्मी में बढ़ जाती है पानी की किल्लत



शहर के मोहल्ला सुभाष चौकी निवासी रियाज अंसारी कहते हैं कि इस साल की गर्मी ने पिछले कुछ सालों के सारे रिकार्ड तोड़ दिए है। बताया कि गर्मी शुरू होते ही बिजली व्यवस्था हर साल गड़बड़ा जाती है, जिससे लोगों की रातों की नींद उड़ जाती है। वही पानी को लेकर भी मारामारी बढ़ जाती है। प्रशासन प्रशासन द्वारा गर्मी से पूर्व इन समस्याओं से निपटने के लिए योजना बनाना चाहिए, जिससे लोगोंको बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्या से जूझना पड़ता है। -रियाज

### राहत छिनी, तपन का एहसास बढ़ा



शहर के मोहल्ला चौसियापुरा निवासी परवेज अली का कहना है कि इस साल बिजली न आने से नौतपों की तपन का अधिक अहसास हुआ है। बिजली न आने से गर्मी में लोग इधर-उधर टहल कर रात गुजारते रहे। अब छतों और मैदान में लोगों के न सोने से सभी लोग पूरी तरह बिजली पर आश्रित हो गए हैं, जिससे बिना बिजली के अब लोग पल भर के लिए नहीं सोते हैं। पूरी रात बिजली न आने से घरों में लगे इन्वर्टर भी लोगों का साथ छोड़ दिया। -परवेज अली।

## सीमेंट लदा ट्रक पलटा चालक हुआ घायल

**महोबा।** सीमेंट लोड कर महोबा से बेलाताल जा रहा एक ट्रक असंतुलित होकर पलट गया, जिससे ट्रक चालक घायल हो गया।

मध्यप्रदेश के सतना जिले से ट्रक में सीमेंट लादकर चालक देवीदीन पाल जिला महोबा आ रहा था, तभी महोबा से बेलाताल जाते समय अजनर क्षेत्र के गोरा बाबा के समीप अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार ट्रक पलट गया। ट्रक पलटता देख आसपास के ग्रामीण घटना स्थल के पास पहुंचे और किसी तरह चालक को ट्रक से बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर भेजा गया, जहां पर डाक्टरों ने उसका परीक्षण किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया।

## गांवों की दुकानों में बेची जा रही शराब

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्रामीण अंचलों में परचून और तमाम गुमटियों से शराब की अवैध बिक्री होने से जहां युवा पीढ़ी नशे की लत का शिकार होकर अपने भविष्य को बर्बाद कर रही है, वहीं शराबियों का सार्वजनिक स्थानों पर अड्डा बनाए जाने से सड़कों से गुजरने वाले ग्रामीणों का तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अधिकतर शराब की सरकारी ठेके की दुकानें खुली हुई है, लेकिन इस सुविधा के बाद भी जगह जगह अवैध रूप से बिकने वाली शराब के कारण जहां युवा पीढ़ी नशे की लत

- सार्वजनिक स्थानों पर पी जाती है, युवा पीढ़ी नशेबाजी में आगे

से बर्बाद हो रही है, वहीं शराबियों के देर रात्रि तक लगने वाले महफिलों ने ग्रामीणों को परेशान कर रखा है और इन लोगों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। यही कारण है कि अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों के होंसले बुलन्द बने हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कोई रोकने की हिम्मत करता है, तो उसे धमकी दी जाती है। अधिक पैसा कमाने के चक्कर में लोग परचून व गुमटियों में धड़ल्ले से चोरी छिपे शराब की बिक्री कर रहे हैं और दिन हो या रात इनके लिए कोई समय सीमा का निर्धारण नहीं है। गुमटियों और परचून और गुमटियों में आसानी से मिलने वाली शराब के कारण युवाओं में भी इसका चलन तेजी से बढ़ गया है, जो नशा के चलते बर्बाद हो रहे हैं।

सूत्रों की माने तो ग्राम लाड़पुर नहर के पास गुमटियों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, जिस कारण नशेड़ियों का जमावड़ा देर रात्रि तक लगा रहता है। इन शराबियों की अश्लील आचरण के कारण ग्राम वासियों का बैठना तो दूर निकलना भी मुश्किल हो गया है। इसी प्रकार नगर सहित ग्राम जैतपुर, सुगिरा, मुढ़ारी, सतारी सहित क्षेत्रों की गुमटियों एवं परचून की दुकानों से खुलेआम अवैध शराब की बिक्री जारी है, जिससे युवा पीढ़ी तो बर्बाद हो ही रही है, साथ ही नशा की लत से पारिवारिक विवाद में भी इजाफा हो रहा है। ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

## दुकानें बनवाकर बढ़ा सकते सरकारी राजस्व

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ब्रिटिश हुकूमत में शहर के बीचोबीच तहसील के समीप राजस्व विभाग कर्मचारियों के लिए अमला क्वाटर के नाम से बनाए गए रेजीडेंस अब पूरी तरह से खंडहर होकर जमीदोज हो गया है। अब इसमे न तो कर्मचारी रहते हैं और न ही इसका कोई उपयोग हो रहा है, जबकि राजस्व विभाग के पास शहर के बीच में खंडहरनुमा आवासों की जमीन पर दुकानें या कांप्लेक्स तैयार करा दिए जाएं तो लाखों रुपये राजस्व का हर माह फायदा होगा, लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे सरकार को हर माह राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।

ब्रिटिश हुकूमत में तहसील के समीप बड़े पैमाने पर अमला क्वाटर बनाए गए थे। अमला क्वाटर नाम पर बने आशियानों में सरकारी कर्मचारी रहा करते थे। इन कर्मचारियों से सरकार को मासिक किराया भी मिलता था,

- शहर के बीच खंडहर पड़े आवासों की जगह काम्प्लेक्स किया जा सकता तैयार



खंडहर पड़े सरकारी आवास।

लेकिन देखरेख न होने के कारण धीरे धीरे यह आवास खंडहर में तब्दील हो गए हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पूल्ड हाउस कालोनी और कलेक्ट्रेट के सामने कालोनी तैयार करा दी गई है। नतीजतन यह आवास देखरेख के अभाव में धीरे धीरे खंडहर हो गए हैं। समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी का कहना है कि यदि खंडहर पड़े आवासों के स्थान पर उक्त भूमि पर बड़ा काम्प्लेक्स या दुकानें बना दी जाएं तो सरकार को प्रतिमाह लाखों रुपये की आमदनी होगी।

**उदासीनता** गर्मी में इस साल नहीं भरे गए तालाब और पोखर, पशु-पक्षी बेहाल

# गौशालाओं से छोड़े जा रहे मवेशी, भटक रहे भूखे-प्यासे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शासन-प्रशासन इंसानों के साथ साथ पशु-पक्षियों को हीटवेव से बचाने के लिए सारे प्रयास करने में जुटा है। वहीं दूसरी तरफ गौशालाओं के गोवंशों को भीषण गर्मी में छोड़ दिए जाने से मवेशी भूख और प्यास मिटाने के लिए सड़कों और जंगलों में भीषण गर्मी में भटक रहे हैं। तेज धूप से गोवंशों का बुरा हाल हो गया है।

जिला प्रशासन द्वारा नहरों छोड़कर पोखर-तालाब भरने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन आज तक सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा इस पर कोई अमल नहीं किया गया है। यही वजह है कि तालाबों और पोखरो में आज तक पानी नहीं भरा गया, जिससे मवेशी भीषण गर्मी में पानी की तलाश में तालाबों और पोखरों की तरफ घूम रहे हैं, लेकिन पानी भूसा न मिलने से तमाम कमजोर अन्ना मवेशियों की मौत हो रही है। इतना ही नहीं तापमान बढ़ने से तमाम पक्षी भी गर्मी और लू की चपेट में आने से नीचे गिरकर मौत के मुह में समा जाते हैं।



सड़क किनारे खड़े अन्ना मवेशी। अमृत विचार

### प्रधानों के घरों में नहीं रहती दूध की कमी

अन्ना मवेशियों को गौशालाओं से छोड़ दिए जाने के कारण यहां पर तैनात अस्थाई कर्मचारियों को अब मानदेय अन्ना मवेशियों की सेवा किए बिना ही मिल रहा है। वहीं दूसरी तरफ ग्राम प्रधानों की बल्ले बल्ले है। कारण दूध देने वाले गोवंशो को गौशाला में शाम को पकड़कर लाया जाता है और उनका दूध निकालने के बाद पुन: उन्हें छोड़ दिया जाता है। गौशालाओं के निर्माण हो जाने के बाद ग्राम प्रधानों के घरों में अब दूध की कमी नहीं रहती, सुबह शाम दूध देने वाली गायो का दूध निकालने के बाद प्रधान के घर पर दूध भेज दिया जाता है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा अन्ना मवेशियों को सुरक्षित रखने की गरज से गौशालाओं का गांव गांव में निर्माण कराया गया, जिससे अन्ना मवेशी भी सुरक्षित रहें। साथ ही किसानों की फसल को भी अन्ना मवेशियों से बचाया जा सके। इतना ही नहीं शासन द्वारा जिले में हर साल लाखों रुपये चारा और भूसा के लिए दिया जाता है। उनकी खानपान व देखभाल के लिए अस्थाई कर्मचारियों की भी गौशालाओं में नियुक्ति कर दी गई है, लेकिन भीषण गर्मी शुरू होते ही गौशाला संचालकों ने अन्ना मवेशियों को अब छुट्टा छोड़ दिया गया, जिससे गौशालाएं सूनी पड़ी हुई हैं।

## बिजली चेकिंग में वसूला 2.70 लाख

**महोबा।** कस्बा चरखारी में विद्युत विभाग की टीम दौरा चेकिंग अभियान चलाया गया। उपखंड अधिकारी अखिलेश कुमार व अवर अभियंता विद्युत अल्ताफ हुसैन ने टीम ने घर घर जाकर बिजली बकायेदारों से 2 लाख 70 हजार रुपये बिल वसूला गया साथ ही बड़े बकायादारों से बिल की अदायेगी करन के लिए समय दिया गया।

कस्बा चरखारी के नजर बाग वार्ड में बिजली विभाग की टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर कटिया डालकर चोरी कर राजस्व को क्षति पहुंचाने वालों की तलाश कर ओवर लोड, बडे छोटे बकायादारों से बकाया वसूला गया साथ ही 17 बिजली उपभोक्ताओं के बिल जमा न होने पर कनेक्शन काटे गए।

## मोबाइल पर गेम खेल रहे युवक ने छत से लगाई छलांग

**महोबा।** घर की छत पर मोबाइल पर गेम खेल रहे एक युवक ने छत से छलांग लगा दी, जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। आवाज सुन परिजनो और आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुचे तो युवक खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ था, जिससे आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

यूपी एमपी बार्डर से सटे मध्यप्रदेश के थाना लवकुश का ग्राम पठा में लीलाधर का बीस वर्षीय पुत्र परमलाल अपने भाई दयाशंकर के साथ घर की छत पर बैठकर मोबाइल पर फ्रीफायर गेम खेल रहा था, तभी अचानक गेम खेलते खेलते परमलाल ने छत से छलांग लगा दी, जिससे वह छत से नीचे जाकर गिरा।

# मतगणना एजेंटों का होगा पुलिस वेरीफिकेशन

## 4 जून को सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी मतगणना, विजय जुलूस पर प्रतिबंध

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने मतगणना को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई भी विजयी प्रत्याशी जुलूस नहीं निकालेगा। मतगणना एजेंटों की नियुक्ति को फार्म-18 भरकर प्रत्याशी जमा करें। पुलिस वेरीफिकेशन के बाद निर्धारित मानक पूर्ण करने पर पास जारी किया जाएगा।


मतगणना को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 47-हमीरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत समाविष्ट हमीरपुर एवं राठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना प्रातः आठ बजे से कृषि उत्पादन मंडी स्थल भरुआ सुमेरपुर में शुरू होगी। वहीं महोबा व चरखारी विधानसभा की मतगणना राजकीय पालीटेक्निक महोबा में तथा तिंदवारी विधानसभा की मतगणना कृषि उत्पादन मंडी समिति बांदा में होगी। कहा मतगणना केंद्र में प्रवेश केवल वैध पास धारकों को ही दिया जाएगा। मतगणना एजेंटों की नियुक्ति को फार्म-18 भरकर प्रत्याशी जमा करें। उसका पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा एवं आयोग द्वारा निर्धारित समस्त मानक पूर्ण करने के उपरान्त ही पास जारी किया जाएगा। प्रवेश के समय पास अवश्य साथ रखेंगे और बिना उसके मतगणना हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

निर्धारित विधानसभा के जिस टेबिल/संख्या पर मतगणना एजेंट की नियुक्ति की जाएगी वह उसी टेबल पर मतगणना प्रक्रिया का अवलोकन करेगा। समस्त पोस्टल बैलट कोषागार स्थित डबल लॉक में रखे गए हैं। जो मतगणना दिवस पर प्रातः पांच बजे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की उपस्थिति में निकाले जाएंगे तथा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अभिरक्षा में जीपीएस युक्त बंद वाहन से मंडी सुमेरपुर ले जाए जाएंगे। कोषागार डबल लॉक खोलते समय अपेक्षित है कि प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर अवलोकन करें। पोस्टल बैलट पेपर लाने वाले वाहनों के साथ निगरानी प्रत्याशी अपना वाहन/अधिकृत व्यक्ति के वाहन द्वारा भी कर सकते हैं। हमीरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ईवीएम में पड़े वोट की गणना शेड संख्या-दो में व राठ के ईवीएम में पड़े मतों की गणना शेड संख्या-तीन में होगी। प्रत्येक चक्र की गणना के उपरांत टेबल पर पड़े मतों की संख्या के गणना प्रपत्र 17 सी भाग-दो पर भरकर समस्त काउंटिंग एजेंट के हस्ताक्षर कराए जाएंगे एवं उसकी छाया प्रतियां समस्त एजेंट की उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रेक्षक एवं प्रत्याशियों की उपस्थिति में प्रातः छह बजे स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। मतगणना के उपरांत श्रेणी एवं श्रेणी बी मशीनों को कलेक्ट्रेट कैम्पस में स्थित वीवीपैट वेयर हाउस में रखा जाएगा। मतगणना के समय मोबाइल फोन, माचिस, बीड़ी, तम्बाकू, हथियार, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इत्यादि लेकर कोई भी कार्मिक/मतगणना अभिकर्ता प्रवेश नहीं करेगा। समस्त वाहन मतगणना केन्द्र के 100 मीटर दूर ही पार्क किए जाएं। मतगणना कार्मिकों के वाहनों की पार्किंग मंडी गेट के सामने के मैदान में रहेगी, जबकि मतगणना एजेंट के वाहनों की पार्किंग मंडी से पहले दाहिनी ओर मैदान में रहेगी। पीने के पानी के लिए पानी के कैम्पर मतगणना केंद्र के अंदर ही रखे जाएंगे। यहां शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। मीडिया कर्मियों/प्रेस प्रतिनिधियों को मोबाइल फोन मीडिया सेंटर तक ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना केंद्र की सम्पूर्ण प्रक्रिया सीसीटीवी/वीडियोग्राफी की निगरानी में रहेगी।

प्रत्येक मतगणना केंद्र के टेबिल संख्या एक पर वीवीपैट काउंटिंग बूथ बनाया गया है। जिस पर आयोग के निर्देशानुसार सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रेक्षक, रिटर्निंग आफिसर एवं समस्त प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं की उपस्थिति में रैंडमली 5-5 बूथों का चयन होगा फिर वीवीपैट की पर्चियों का गिनकर मिलान किया जाएगा। यह विजयी प्रत्याशी जुलूस नहीं निकालेंगे। एडीएम, विजय शंकर तिवारी, एडीएम, डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, एडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, एसडीएम राठ विपिन शिवहरे, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चुनाव ड्यूटी न करने पर 19 कर्मियों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- मतदान के लिए लगी ड्यूटी के बाद भी नहीं पहुंचे

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव में मतदान को लगी ड्यूटी के बाद भी 19 मतदान कार्मिक नदारत रहे। ऐसे में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक चंद्रशेखर शुक्ला ने इन लापरवाह कर्मियों का 19 व 20 मई का वेतन/मानदेय अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध किए जाने के लिए संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने बताया कि मतदान कार्मिकों में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ड्यूटी जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर से लगाई गई थी।

19 मई को मंडी स्थल सुमेरपुर में ड्यूटी पत्र प्राप्त करने के बाद मतदान कर्मी ने स्वेच्छाचारिता अपनाते हुए मतदेय स्थल पर ड्यूटी करने नहीं गए। जिससे मतदेय स्थल पर पोलिंग पार्टियों को रवाना किए जाने में अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा। विलंब से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा सका।

ऐसे में निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरते जाने पर पवन कुमार गुप्ता प्रअ प्रावि ददरी-कुरारा, अजय सिंह सहायक अध्यापक कृषक भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय उजनेड़ी सुमेरपुर, कृष्ण कुमार दीक्षित सहायक अध्यापक प्राथि बंगरा, सरीला, रवि शंकर पटेल सहायक अध्यापक प्राथि बांधुर खुर्द, मुस्करा, अर्चना कुमारी सअ उप्राथि टेढ़ा, गीता प्रजापति सअ बॉक, रूबी गुप्ता प्रअ प्राथि नैठी, विनीता शिवहरे सअ प्राथि काछिन डेरा-मौदहा, सैय्यद इरफान अली सहा अध्यापक इस्लामियां इंटर कॉलेज हमीरपुर, महबूब अली सहायक अध्यापक फैज ए आम इंटर कॉलेज राठ, श्रद्धा अग्रवाल सअ राजकीय हाई स्कूल टोला रावत राठ, अर्चना श्रीवास्तव सअ इस्लामियां इंटर कॉलेज हमीरपुर, शिवांगी स्वर्णकार सअ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हमीरपुर, हरचरन सफाई कर्मी, हरी सिंह सफाई कर्मी जिला पंचायत राज अधिकारी, सविता बुधौलिया क्लर्क नगर पालिका राठ, कलिया सफाई कर्मी नगर पालिका राठ, सतीश कुमार सहायक उप निबंधक सदर एवं लालू बेलदार अधिशासी अभियंता (प्रांतीय खंड) लोनिवि का 19 व 20 मई का वेतन/मानदेय अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध किए जाने के लिए संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष को सख्त निर्देश दिए गए हैं।


मतगणना स्थल का निरीक्षण करते कमिश्नर व डीआईजी। अमृत विचार

# मंडलायुक्त ने मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**हमीरपुर।** मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने भरुआ सुमेरपुर कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंचे।

यहां लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 47-संसदीय क्षेत्र हमीरपुर की मतगणना कराई जाएगी। उनके साथ जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय रहे। मंडलायुक्त ने 228-विधानसभा हमीरपुर तथा 229 विधानसभा राठ (अजा) के मतगणना स्थलों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मीडिया सेंटर, कंट्रोल रूम, चिकित्सा सुविधाओं, खान-पान व्यवस्था, शीतल पेयजल तथा टायलेट की व्यवस्थाओं को देखा। मतगणना उपरांत ईवीएम मशीनों की सीलिंग व्यवस्था की भी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा गया कि ओआरएस की समुचित व्यवस्था रखी जाए तथा मेडिकल टीमें अलर्ट मोड़ पर रखी जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने मतगणना की संपूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी मंडलायुक्त को दी। तथा सुरक्षा व्यवस्था से भी अवगत कराया। मंडलायुक्त ने मतगणना व्यवस्था की तैयारियों को लेकर संतुष्टि जाहिर की।

# हीट स्ट्रोक की चपेट में आए शिक्षक की गई जान

सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा निवासी 61 वर्षीय प्राइवेट शिक्षक दो दिन पहले हीट स्ट्रोक का शिकार हो गए थे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शिक्षक की मौत के बाद कस्बे में शोक की लहर छा गई है।


भगवानदास।

कस्बे के मांझखोर मोहल्ला निवासी भगवान दास स्वर्णकार उर्फ गोली मास्टर (61) कस्बे में घर-घर जाकर छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ा कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे हैं। रोज की तरह वह बुधवार को ट्यूशन पढ़ा कर दोपहर में घर पहुंचे थे। नहाने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई, परिजन उन्हें सीएचसी ले गये। जहां से मेडिकल कॉलेज उरई के रेफर कर दिया गया था। शिक्षक की बेटे रोहित ने बताया कि शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज होने के बाद उन्हें घर ले आए थे। उसी दिन देर रात फिर अचानक हालत बिगड़ने पर सीएचसी से फिर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार को वह लू की चपेट में आ गए थे। शिक्षक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। कस्बे में भी शोक छाया है।

# भीषण गर्मी एवं लू की चपेट में आने से छह लोगों की मौत

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**44** डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान | **29** डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान

- प्रचंड गर्मी एवं लू का कहर लगातार जारी
- अधिकांश लोगों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हुई

**अमृत विचार।** प्रचंड गर्मी व लू का कहर लगातार जारी है। इसकी चपेट में आने से होने वाली मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 24 घंटे में गर्मी एवं लू के चलते जनपद में छह लोगों ने दम तोड़ दिया।

कुंडौरा गांव निवासी शिवम ने बताया कि उनके बाबा सत्य सूदन (70) अपनी भतीजियों की ससुराल पिपराय थाना आटा जालौन गए थे। शुक्रवार को देर शाम वह बस से वापस घर लौटे थे। घर आने पर इनकी हालत बिगड़ गई। जिस पर सदर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान सुबह 4 बजे उनकी मौत हो गई। इसी तरह कुंडौरा गांव निवासी राकेश वाल्मीकि ने बताया कि उसकी मां मुलिया वाल्मीकि (65) शुक्रवार को बकरियां चराने गई थी। रात में हालत बिगड़ने पर उसकी घर पर ही मौत हो गई। इसी प्रकार कस्बे के गैस एजेंसी मार्ग निवासी रामगोपाल सोनकर (70) की शुक्रवार दोपहर में लू लगने से हालत बिगड़ गई। देर शाम उसकी घर पर ही मौत हो गई। मृतक गैस एजेंसी मार्ग में गुमटी में बैठकर गुटखा पान आदि बेचकर जीवन यापन करता था। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

वहीं मौदहा में तीन लोगों के परिजनों ने लू से मरने मौते होने की बात कही है। कस्बे में कायम कुआं वार्ड निवासी हनीफ (50) की मौत लू लगने से हुई। इस संबंध में मृतक के छोटे भाई बच्चा ने बताया कि बड़े भाई मोहल्ले में फातिहा का खाना खाने गए थे। तभी बुखार चढ़ा और चक्कर खाकर गिर गए। सरकारी अस्पताल ले गए। रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं बिवांर थाना क्षेत्र के पाटननपुर गांव निवासी यशवंत सिंह (74) पुत्र घनश्याम सिंह भदौरिया शनिवार सुबह खेत गए थे। 11 बजे खेत में गिर गए। दो ढाई घंटे बाद जब उन्हें चरवाहों ने देखा वह मर चुके थे। सूचना पर परिजन पहुंचे तो देखा कि मौत के बाद उनका शरीर भी काले से सफेद पड़ गया था। शनिवार को उनका संस्कार हुआ। उनके बड़े पुत्र देवेंद्र सिंह ने बताया पिता की मौत लू लगने से हुई है। अंतिम संस्कार में पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवकुमार पांडे सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कोतवाली मौदहा क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी रामअवतार (60) पुत्र स्वामीदीन करीब पांच बजे सड़क किनारे दुकान में चाय पीने आया था। घर पहुंच खाना भी खाया। उलझन हुई लेट गया। रात नौ बजे के आसपास उसकी मृत्यु हो गई। उसके बेटे संतोष ने बताया कि मार्ग के किनारे ही पिता एक मकान बनाकर रह रहे थे। वहीं का एक व्यक्ति बैठने आया था। देखा कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। उसके पिता स्वस्थ थे, लू लगने से ही उनकी मौत हुई।

# पोल पर काम करते वक्त लाइनमैन को करंट लगा, मौत

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- उपचार के दौरान जिला अस्पताल में लाइनमैन की हुई मौत

**अमृत विचार।** कस्बा के बड़े देव बाबा के पास संविदा कर्मी की खरौंज विद्युत लाइन में पोल में चढ़कर फाल्ट ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय लाइनमैन अचेत होकर नीचे गिर गया। जिसकी उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई।


योगेंद्र।

कस्बा के मंडी समिति के आगे नई बस्ती निवासी योगेंद्र कुमार उर्फ रिंकू धुरिया (30) संविदा में विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। शनिवार की दोपहर डेढ़ बजे शटडाउन लेकर खरौंज विद्युत लाइन में खंभे में चढ़कर काम कर रहा था। अचानक करंट की चपेट में आ जाने से नीचे गिरकर घंटों अचेत पड़ा रहा। शटडाउन वापस न होने पर विभाग के अन्य लाइनमैन मृतक को ढूंढते ढूंढते खरौंज विद्युत लाइन के पास पहुंचे तो देखा कि मृतक घायल अवस्था में जमीन में अचेत पड़ा हुआ था। आनन फानन घायल को लेकर स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। विद्युत विभाग के अवर अभियंता अभिषेक साहू ने बताया कि मृतक लाइनमैन ने नमामि गंगे की लाइन का शटडाउन लिया था। लेकिन यह समझ में नहीं आ रहा है कि खरौंज लाइन में काम करने कैसे चला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बड़े भाई राजकुमार ने बताया की वह कुशल लाइनमैन था। दो भाइयों में छोटा था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# कलह में युवक ने जहर खाकर दी जान

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सरसई गांव में पारिवारिक कलह के चलते 45 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां हालत नाजुक देखकर प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

सरसई गांव निवासी नरेंद्र (45) ने बीते गुरुवार की शाम साढ़े 6 बजे परिवारिक कलह से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सको ने कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू ने बताया कि नरेंद्र बाहर रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**कसा शिकंजा** नोटिस मिलते ही रात दिन हरे वृक्षों में चटक रहा कुल्हाड़ा क्षेत्र में थमता नजर आ रहा

# हरे पेड़ों की अवैध कटान पर आधा दर्जन फर्मों को नोटिस

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- वन क्षेत्राधिकारी ने 10 दिन में मांगा नोटिस का जवाब

**अमृत विचार।** हरे पेड़ों की अवैध कटान के खिलाफ पूर्व सांसद एवं नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा छेड़ी गई मुहिम रंग दिखाने लगी है। प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देश पर वन क्षेत्राधिकारी ने कस्बे की आधा दर्जन फर्मों को नोटिस भेज कर 10 दिनों में जवाब तलब किया है। साथ ही एसडीएम सदर को पत्राचार करके खसरा सत्यापन का आग्रह किया है। वन विभाग की इस कार्यवाही से रात दिन हरे वृक्षों में चटक रहा कुल्हाड़ा क्षेत्र में थमता नजर आ रहा है। साथ ही जवाब देने में लकड़ी माफियाओं का पसीना छूटने लगा है।

जिले में हरे वृक्षों की अवैध कटान को रोके जाने के लिए पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरु ने अधिकारियों को पत्राचार करके मुहिम शुरू की है। दोनों नेताओं की इस मुहिम ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देश पर वन क्षेत्राधिकारी इफ्तयार खान ने कस्बे की फर्म मां भगवती ट्रेडर्स, फहीम वुड, फरमान टिंबर, फैजान उद्योग, गुप्ता वुड एंड कॉरपोरेशन आदि को नोटिस भेज कर 10 दिन में खरीदी गई लकड़ी के खसरा आदि अभिलेख तलब कर जवाब मांगा है। रेंजर ने बताया कि उन्होंने 28 मई को नोटिस जारी करके 8 दिन तक रिकार्ड तलब किया है। रिकॉर्ड प्राप्त होने के बाद खसरा का सत्यापन राजस्व विभाग से कराया जाएगा। इसके लिए एसडीएम सदर को पत्राचार करके सहयोग मांगा गया है। उन्होंने बताया कि सुमेरपुर रेंज में एक दर्जन से ज्यादा फर्में लकड़ी का कारोबार करके मंडी परिषद से गेट पास ले रहे हैं। सभी के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मंडी परिषद को पत्र भेजकर गेट पास लेने वालों की सूची पते सहित मांगी गई है। सूची मिलते ही सभी के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वन विभाग की इस कार्यवाही से हरे पेड़ों में रात दिन चटक रहा कुल्हाड़ा थमता दिख रहा है वहीं विभाग को जवाब देने में लकड़ी माफियाओं के पसीने छूट रहे हैं। क्योंकि अभी तक फर्जी अभिलेखों के सहारे यह पूरा खेल रात दिन शासन प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर किया जा रहा है। अब मामला फंसता देखकर किसानों से खसरा एकत्र कर बचाव के तरीके ढूंढे जा रहे हैं।

# हरे पेड़ों की क्षेत्र में जमकर हो रही कटान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** वन विभाग के अधिकारियों की हीलाहवाली और मिलीभगत के चलते क्षेत्र में इस समय जमकर पेड़ों का अवैध कटान हो रहा है। बबूल के पेड़ की कटान के नाम पर अन्य कीमती पेड़ों को काटा जा रहा है। लकड़ी माफिया इन कटी हुई लकड़ी को ट्रकों में भरकर बाहर भेज रहे हैं। पेड़ों की कटान के चलते बुंदेलखंड का पर्यावरण भी पूरी तरह से बिगड़ गया है। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते पेड़ों की कटान पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब बुंदेलखंड पेड़ विहीन हो जायेगा।


उरई रोड पर लकड़ी भरकर ले जा रहा ट्रक। अमृत विचार

बुंदेलखंड में सरकार ने बबूल के पेड़ों की कटान पर छूट दे रखी है। जिसके चलते लकड़ी माफिया बबूल के पेड़ों की कटान के नाम पर अन्य बेशकीमती और हरेभरे पेड़ों का खुलेआम कटान कर रहे हैं। इस कटान में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का भी हाथ है।

## सार-संक्षेप


विश्व ब्राह्मण दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

### विश्व ब्राह्मण दिवस पर आचार्य चाणक्य जयंती मनाई

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के देवी चौराहे के पास विश्व ब्राम्हण दिवस के अवसर पर ब्रम्ह संस्कार एवं कल्याण समिति ने आचार्य चाणक्य जयंती मनाई गई। जिसमें नगर के आधा सैकड़ा लोगों ने भाग लिया। कस्बे के देवी चौराहे के पास सिब्बू महाराज के हाल मे ब्राम्हण दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें आचार्य चाणक्य के जीवन दर्शन पर उपस्थित लोगों ने प्रकाश डाला। नगर के कवि रेवती पाठक ने अपनी कविता की शैली में ब्राम्हणों का परिचय रखते हुए कहा की, सरल डगर को छोड़ विप्र जब कुटिल चलेगा, तभी धरा मे अदभुद इतिहास रचेगा। इसी क्रम में गोविंद पाठक ने ब्राह्मण की वास्तविक स्थिति व उसके कर्तव्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सतीश त्रिवेदी, सुनील तिवारी, विनय तिवारी ने भी अपने अपने विचार रखे। अंत में रामचंद्र कला ने आचार्य जी की राष्ट्र के प्रति सोच का जिक्र करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन ब्राह्मण संस्कार समिति के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र गौतम ने भी किया।


ड्रम में पानी भरकर ले जाते वार्ड चार के बाशिंदे। अमृत विचार

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लोग पानी को तरसे

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे में तीन वार्डों में इस भीषण गर्मी में पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। वार्डों के लोग दूसरे वार्डों से रिक्शों में ड्रमों में पानी भरकर ला रहे है। वार्डों में लगे हैंडपंप भी अधिकांश खराब पड़े है। लोगों ने शीघ्र पेयजल आपूर्ति बहाली की मांग की है। कस्बे में कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे जल संस्थान की पड़ी पाइप लाइन नाला की मिट्टी की पुराई के दौरान टूट जाने से बीते दो दिनों से भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे कस्बे के वार्ड 3, 4 व 9 में पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। इन मोहल्लों के अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े है। साथ ही जो सही है उनमें भीड़ होने के चलते लोगों को पानी नहीं मिल पाता है। साथ ही आपस में लोग लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो जाते है। वार्ड के निवासी योगराज, राम विजय आदि ने बताया कि बीते दो दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से इस भीषण गर्मी में इन वार्डों में पेयजल का संकट गहरा गया है। मोहल्लों में लगे कुछ ही हैंडपंप सही है। मजबूरी में दूसरे मोहल्लों व दूर दराज में लगे हैंडपंपों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। लोग ई रिक्शों में ड्रमों में पानी भरकर ला रहे है। इस संबंध में जल संस्थान के लिपिक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सामान हमीरपुर से आने के बाद पाइप लाइन सही कर आपूर्ति शुरू की जाएगी।

### 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर लगी रोक

**हमीरपुर।** शासन से आए निर्देशों के तहत जनपद की सीमा में बहने वाली नदियों में एक जून से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट को पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने प्रतिबंधों के उल्लंघन पर उप्र मत्स्य अधिनियम 1948 में निहित प्रविधानों की तहत दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधितों को दिए हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 219 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती द्रौपदी पत्नी कैलाशचन्द्र | श्री राजू विश्वकर्मा पुत्र परशुराम विश्वकर्मा | कोटबाजार | 20 | 603 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

# चलती बस की वायरिंग में लगी आग सवारियों में मची अफरा-तफरी

## जल्दबाजी में उतरने के चक्कर में कई यात्री हो गए चुटहिल

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)



बस में वायरिंग में लगी आग के चलते निकलता धुंआ व बाहर खड़ी सवारियां।

**अमृत विचार।** हमीरपुर डिपो की बस का सेल्फ फंस जाने से वायरिंग में आग लग गई। आग लगने से बस धुएं से भर गई। जिस पर यात्रियों में भगदड़ मच गई। जल्दबाजी में उतरने के चक्कर में कई यात्री चुटहिल हो गए।

शनिवार को सुबह करीब 9:30 बजे हमीरपुर डिपो की बस करीब 35 सवारियां लेकर बांदा जा रही थी। तभी कस्बे के लक्ष्मीबाई तिराहा के पास बस का सेल्फ फंस जाने से इसकी वायरिंग में आग लग गई।आग लगने से बस में तेजी से धुआं भरने लगा। जिससे यात्रियों में भगदड़ मच गई और जल्दबाजी में उतरने के चक्कर में कई लोग चुटहिल हो गए।

- बस का सेल्फ फंसने से आग लगना बताया गया

चालक ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। सवारियों को दूसरी बस से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। वहीं दोपहर 12:15 बजे किसी ने बस में आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड व डायल 112 को दे दी। इस पर दोनों टीमें घटना स्थल पर पहुंची। लेकिन तब तक बस घटना स्थल से जा चुकी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस में धुआं निकलने बाद थोड़ी देर खड़ी रही उसके बाद चालक वायरिंग को ठीकठाक करके लेकर चला गया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जले

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ले में बीती रात बिजली के शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। आग से घर में चल रहा एसी भी फट गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर पानी डाल काबू पाया। आग से करीब 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बुधौलियाना मोहल्ला निवासी गुरुद्वारा के पास रहने वाले राजबहादुर सिंह उर्फ राजू सरदार शुक्रवार की रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब 1 बजे अचानक शार्ट सर्किट के चलते कमरे में चल रहे एसी में आग लग गई। जिससे धुआं निकलने लगा। इसी दौरान राजू सरदार का बेटा जब बाथरूम के लिए जागा और धुंआ निकलता देखा तो हड़कंप मच गया। बेटे के चिल्लाने पर परिजन जाग गए। परिजनों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस और दमकल कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# पैलानी केन पुल पर भारी वाहनों पर लगी रोक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- रंग लाई ग्रामीणों की पुल से वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग
- पुल के क्षतिग्रस्त भाग को चुनाई करके एवं बालू से भरी बोरियां रखकर रोका जा रहा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड-2, लोनिवि की संस्तुति पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी वाहनों का आवागमन अन्य वैकल्पिक मार्ग से सुनिश्चित करते हुये क्षतिग्रस्त पैलानी सेतु से 3 टन से अधिक भार वाले समस्त वाहनों के आवागमन को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी हैं।

अधिशाषी अभिंयता लोनिवि ने बताया कि बबेरू-तिंदवारी-सुमेरपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-134) के किमी-49 में स्थित केन नदी पर दीर्घ सेतु (पैलानी सेतु) जिसका निर्माण उप्र सेतु निगम द्वारा वर्ष 1984-85 में पूर्ण कराया गया था। जिसकी कुल लम्बाई 735 मीटर है, के क्षतिग्रस्त होने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया है कि 28 मई तथा 30 मई के निरीक्षण में पाया गया कि पैलानी सेतु के पैलानी डेरा की तरफ से 5वाँ पिलर के जोड़ के पास दायी तरफ किनारे पर दो स्लैब के टॉप लेवल में लगभग 60 एमएम का अन्तर आ गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि स्लैब के नीचे रॉक एंड रोलर वियरिंग में दरारे आ गई हैं। जिसके कारण सतह में अन्तर में आ गया है। यह अन्तर दो मुख्य स्पान के मध्य 7.00 मी स्पान वाले भाग में एक कोने में अधिक देखा गया है जो कैरिज-वे के मध्य की ओर कम होता है।

इस परिस्थिति में यातायात को प्रतिबन्धित करते हुये एक लेन से चलाने के लिए क्षतिग्रस्त भाग को चुनाई करके एवं बालू से बोरी भरकर रोका जा रहा है। वर्तमान में एक लेन से सावधानीपूर्वक आवागमन संचालित है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अपर्याप्त है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- चचेरे भाई के साथ गांव जा रहा था युवक



प्रदीप।

**अमृत विचार।** मुस्करा मार्ग पर श्यामला देवी गेट के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार मुस्करा थाने के उपरहंका गांव निवासी प्रदीप (35) शुक्रवार को अपने चचेरे भाई भूपेंद्र पुत्र हरिश्चंद्र के साथ उसके ट्रैक्टर की रिपेयरिंग करने के लिए कस्बे आया हुआ था। शाम को वापस गांव लौटते समय राठ मुस्करा मार्ग पर श्यामला देवी मंदिर गेट के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से प्रदीप की बाइक सड़क किनारे गड्ढों में गिर गई। इस दौरान बाइक चला रहा चचेरा भाई भूपेंद्र मामूली रूप से घायल हो गया। बाइक पर पीछे बैठे प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रदीप खेती किसानी और पशुपालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अपने पीछे पत्नी रमा देवी व 5 वर्षीय पुत्री गौरी के अलावा बड़े भाई अरविंद और छोटे भाई धर्मेंद्र को रोता बिलखता छोड़ गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया आ रहा है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# दो पक्षों में मारपीट रिपोर्ट दर्ज हुई

**अतर्रा।** ग्राम बल्लान निवासी रामकृपाल वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की दोपहर हल्का लेखपाल जमीन की नाप करने आया था। उसके जाते ही गांव के पप्पू, शिवसागर,कमल, सत्येंद्र, लवकुश, अखिलेश, राजेश, प्रहलाद, अमित, किशोरी लाल, मुन्ना, पंकज परिवार की महिलाओं को के साथ लाठी डंडों कुल्हाड़ी से लैस होकर उसके दरवाजे पर आ गए और उसे सहित रामकृपाल, अवधेश, कृष्ण पाल, राजकुमार, रोहित, नीलम, पिंकी ममता, बड़कू, राहुल को पीटा। आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। पुलिस ने कई धाराओं व एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के देवशरन द्वारा दिए गए प्रार्थनापत्र पर कहा गया है कि गांव में खाद गड्ढे में रामकृपाल, अवधेश,रजुली, राजकुमार, बड़कू, लल्लू, राहुल पिलर बना रहे थे। उसने अवैध निर्माण करने से उन्हें रोका तो वे लोग आग बबूला हो गये और उन सभी ने मिलकर उसे मारा-पीटा है।

# 'नशा नाश की जड़, इससे दूर रह कर अपने परिवार का भला करें'

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर




विश्व तंबाकू दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से संचालित बसेरा समिति के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक रश्मि गुप्ता ने युवाओं एवं युवतियों से आग्रह किया कि नशा नाश की जड़ है। इससे दूर रहकर स्वयं व अपने परिवार का भला करें। साथ ही अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर एक नए समाज का निर्माण करें।

इस मौके पर सभी को किसी भी तरह का नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। मोहम्मद रफीक ने कहा कि नशा समाज के लिए कोढ़ है। जिसके ऊपर वार कर जाता है वह परिवार रसातल की ओर चला जाता है। भारत में आज 75 फीसदी नशा करने वालों की संख्या हो गई है। जिससे समाज को चिंतन करना चाहिए। हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि इसके प्रति गंभीरता पूर्वक अपने आसपास जागरूक करने का काम किया जाए। युवा ही इस कार्य को युद्ध स्तर पर कर पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अशोक कुमार विद्यार्थी ने कहा कि समाज में पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी नशा करने की लती है। जो चिंतन का विषय है। अंत में रामकिशोर ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में शैफाली सिंह, गोपी निषाद, पुष्पेंद्र कुमार, दुर्गेश, नंदनी एवं रानी उपस्थित रहे।

- विश्व तंबाकू दिवस पर नशा मुक्ति केंद्र में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# भक्ति गीतों के साथ महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज



श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

- उधरनपुर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा की हुई शुरुआत
- गौरी-गणेश पूजन के बाद भक्तों को बताई गई भागवत की महिमा

**अमृत विचार।** भक्ति गीतों के साथ महिलाओं ने जब कलश यात्रा निकाली तो समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के समापन के बाद गौरी-गणेश पूजन किया गया और आचार्य ने भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का महात्म्य बताया। इस दौरान भक्तो ने जयकारे लगाकर पूरा पंडाल गुंजायमान कर दिया।

शनिवार को फर्रुखाबाद रोड स्थित सार्वजनिक सनातन धर्म इंटर कॉलेज उधरनपुर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। हरदोई से पधारे भागवताचार्य पं. नीलेश शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कराया। इसके बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। महिलाओं ने 101 कलश सिर पर रखकर मंगल गीत गाए। आचार्य ने कलश यात्रा महत्व बताते हुए कहा कि जहां कलश यात्रा निकल जाती है, वहां पर सभी मंगल होते हैं। परीक्षित नरेश तिवारी सिर पर भागवत की पोथी सिर पर रख यात्रा में आगे चल रहे थे। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मंदिरों से होती हुई कथा पंडाल पहुंची। भगवताचार्य ने कथा के प्रथम दिवस भागवत की महिमा बताते हुए भगवान की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में भागवत कथा सुनने से पूर्व किए पाप भविष्य में गलत आचरण न करने का संकल्प लेने से मनुष्य को मुक्ति मिल जाती है। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से शुरू हुई कथा में प्रेम चतुर्वेदी, संजय मिश्रा, राहुल, कृष्णा, कन्हैया,नेपाली,गौरव,पवन,अनुराग,रवि रहे।

# बिजली स्टोर में फायर हाईड्रेंट बनकर तैयार, किया गया डेमो

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- स्टोर में आग लगने पर चंद मिनट में होगी शांत

**अमृत विचार।** बिजली स्टोर में फायर हाईड्रेंट(दमकल यंत्र) बन कर तैयार हो गया है। इस का डेमो किया गया। बीस मीटर ऊचाई तक बौछार मारी गई। बिजली स्टोर में आग लगने पर इस यंत्र का उपयोग किया जायेगा।

बिजली विभाग के स्टोर में करोड़ों रुपये के ट्रांसफार्मर के अलावा अन्य सामान रखा है। शॉर्ट सर्किट या अन्य किसी तरह से स्टोर में आग लगने पर जब तक दमकल टीम पहुंचती है तब तक सारा सामान जल कर राख हो सकता है। इसको देखते हुए विभाग ने स्टोर के अंदर हाईड्रेंट(दमकल यंत्र) लगवा दिया है। निर्माण करने वाली संस्था ने शनिवार को इस यंत्र को चला कर भी दिखाया। बताया गया है कि इस यंत्र से 20 मीटर तक ऊंचाई व 50 मीटर लंबाई में आग लगने पर आग पर काबू पाया जा सकता है। यह यंत्र पंपसेट व बिजली से चलेगा। स्टोर में आग लगते ही इसे चालू कर दिया जायेगा। इसके बाद पाइप लाइन से गैस के साथ पानी भी निकलेगा। इस का फव्वारा पड़ते ही आग से शांत हो जायेगी। इसके लिये पूरे स्टोर की दीवारों पर चार व दो इंच की पाइप लाइन डाली गई है।

# उमर्दा में पानी टंकी तीन साल से बनी है शोपीस

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



उमर्दा की पानी टंकी।

**अमृत विचार।** पेयजल के लिए बनवाई गई टंकी अनदेखी कारण तीन साल से बंद पड़ी है। लोगों को उसका पानी तक नसीब नहीं हो सका है।

करीब 10 साल पहले थाना इंदरगढ़ के उमर्दा कस्बे में करीब पांच करोड़ की लागत से लोगो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जलनिगम ने टंकी का निर्माण कराया था। कस्बे समेत आसपास के मजरों में घरों को इससे कनेक्शन दिए गए। इससे घरों तक पानी पहुंचने लगा। ग्राम सभा के कई मजरों में पाइप लाइन से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जाता था। देखरेख न होने कारण करीब तीन साल से टंकी बंद पड़ी है। केयरटेकर को मानदेय न मिलने से वह भी चला गया। टंकी को शुरू कराने के लिए ग्रामीणों ने कई बार सचिव, ग्राम प्रधान और अधिकारियों से शिकायत की पर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस संबंध में जलनिगम जेई सुशांत वर्मा ने बताया कि अभी तक ग्राम सभा को टंकी चलाने के लिए दी गई थी। वह चला नहीं पा रहे थे। अब जलनिगम उसकी देखरेख कर रहा है। टंकी पर काम किया जा रहा है। जल्द ही इसे चालू कराकर लोगों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

**सख्ती** सीडीओ ने डीडीओ, बीडीओ, सीवीओ के साथ किया नगला दिलू गौशाला का निरीक्षण

# वृहद गो संरक्षण केंद्र में मिलीं ढेरों अनियमितताएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



गोशाला में बीमार गाय को चारा खिलवाते सीडीओ रामकृपाल चौधरी।

- 177 के सापेक्ष मिले 125 गोवंश, कड़ी धूप में तड़पती मिली गाय

**अमृत विचार।** छिबरामऊ के नगला दिलू स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र में ढेरों अनियमितताएं पाई गईं। सीडीओ ने डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, संबंधित बीडीओ व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कर्णवीर के साथ निरीक्षण किया तो यहां न तो भूसा का प्रबंध मिला न ही हरे चारा और दाना का। इसके साथ ही सोलर प्लांट भी बंद पाया गया।

गोशाला में अनियमितताओं की सूचना पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने पाया कि यहां पांच गोवंशों की मौत हुई थी जिनको गड्ढों में दफनाया गया। अभिलेख में 177 गोवंश दर्ज थे लेकिन मौके पर केवल 125 ही पाए गए। उन्होंने यह भी बताया कि एक पानी के हौद में गोबर भरा था। पूछने पर बताया गया कि हौद में पानी नहीं रुकता है इसलिए गोबर भरा गया। इसी तरह से एक हौद में पानी थ लेकिन वह गंदी थी। दोनों को लेकर सचिव ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसी तरह यहां सोलर प्लांट लगा है लेकिन वह संचालित नहीं है। इस बारे में भी सचिव संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। गोवंशों की संख्या के सापेक्ष भूसा भंडारित नहीं था जबकि जिलाधिकारी तथा उनके द्वारा निरंतर भूसा संग्रह के लिए निर्देशित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान गोशाला में साफ सफाई भी नहीं थी और हरे चारे व दाने की व्यवस्था भी नहीं थी। यहां आवारा कुत्ते घूमते मिले जिससे प्रतीत हुआ कि यहां आए दिन गोवंशों की मृत्यु हो रही है। बताया कि एक बीमार गाय धूप में तड़प रही थी जिसे पानी पिलाने के साथ दो बाल्टी पानी डाला भी गया। इसके बाद उठाकर नाद तक लाया गया और भूसा-दाना खिलाया गया। गाय की स्थिति से लगा कि केयरटेकर व सचिव द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन कमियों पर सचिव की लापरवाही पाई गई। सीडीओ ने बताया कि बीडीओ दीपांकर आर्य, पशु चिकित्साधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं बीडीओ ने सचिव शरद यादव तथा ग्राम प्रादान अनुज कुमार को केयर टेकर हटाते हुए किसी अन्य की नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं।

## सार-संक्षेप

### नकदी जेवरात के साथ युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती को उसी का सजातीय एक युवक नगदी व जेवर के साथ बहला फुसलाकर ले गया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के एक गांव की 19 वर्षीय युवती की मां ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री को कानपुर जनपद के बिल्हौर तहसील क्षेत्र निवासी अमित पुत्र लक्ष्मी नारायण शर्मा बीते शुक्रवार की सुबह बहला फुसला अपने जाल में फंसा कर 40 हजार नगदी व सोने चांदी के जेवरात के साथ ले गया। इसके बाद से लगातार उसका फोन भी बंद जा रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 366 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### भागवत कथा में किया कृष्ण लीलाओं का वर्णन

**माधौगढ़ (जालौन)।** रामपुरा क्षेत्र के ग्राम हुसेपुरा स्थित हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद प्रसंग की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए कथा व्यास आशीष कृष्ण महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत उन्होंने प्रभु श्रीकृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। इस मौके पर संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर कथा पंडाल में पधारे ब्लाक प्रमुख अजीत सेंगर ने श्रीमद भागवत कथा का श्रवण पान किया एवं उन्होंने कहा कि भागवत कथा भाव का विषय है भागवत महापुराण को हमें अपने जीवन में अवतरित कर लेनी चाहिए भागवत में श्लोक कथा का मूल मंत्र है इससे मनुष्य का जीवन भव से पार हो जाता है कथा उपरांत उन्होंने श्री भागवत आरती की।



आशीष कृष्ण महाराज।

### ग्राइंडर मशीन के टूटने से दो घायल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र ग्राम चंदपुरवा बुजुर्ग में ग्राइंडर मशीन से लकड़ी काटते समय दो लोग मशीन के टूटने से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी श्याम सुंदर (45) मनीष (15) के साथ ग्राइंडर मशीन से लकड़ी काट रहा था। अचानक मशीन के टूटने से दोनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए। दोनों को परिजनों ने कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### लोकसभा प्रत्याशी की पुत्री का अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** एकलव्य समाज पार्टी से लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी की पुत्री के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जहां से उसको जेल भेजा गया है। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल के निवासी सुरेश कुमार लोकसभा चुनाव में एकलव्य समाज पार्टी से प्रत्याशी हैं। विगत दिनों इनके पड़ोसी अंकित सोनकर ने प्रत्याशी की नाबालिग पुत्री को 26 मई को अपहरण कर लिया था। इसका मुकदमा 28 मई को प्रत्याशी की तहरीर पर दर्ज करके पुलिस ने लड़की को बरामद करके डाक्टरी परीक्षण के उपरांत अदालत में पेश किया था। पुत्री के बयान के बाद पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत भेजा है। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**सरीला।** जलालपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के रहटिया तिराहा से ह्रदेश निवासी ममना को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ब्रजमोहन ने बताया कि दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का आरोपी था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### भीषण गर्मी व लू के चलते वृद्धा बेहोश होकर गिरी

**मुस्करा (हमीरपुर)।** प्रचंड गर्मी और लू इस समय कहर बरपा रही है। सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों में तेज बुखार और लू की चपेट में आए मरीजों की लाइन लगी हुई है। कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती पहाड़ी भिटारी निवासी जगरानी (65) के पुत्र सुघर सिंह ने बताया कि उसकी मां खेत में लगे आम के पेड़ की रखवाली कर रही थी। तभी दोपहर में अचानक बेहोश होकर गिर गई। सूचना पर मां को वहां से घर लाए और तेज बुखार होने के चलते कस्बे की सीएचसी में भर्ती करवाया। उधर इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉ.शिवजी गुप्ता और चिकित्साधिकारी डॉ.बृजेंद्र राजपूत ने बताया कि जगरानी को समय पर उपचार मिल गया। जिसके चलते अब खतरे से बाहर है। बताया कि इस समय प्रतिदिन 15 से अधिक इसी तरह के मरीज गंभीर हालत में सीएचसी आ रहे हैं।

### तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**बांदा।** सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो और वीडियो वायरल करने वाले युवक को बिसंडा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्रवाई के क्रम में शनिवार को थाना बिसंडा पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो और वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि इंस्टाग्राम पर एक वीडियो संज्ञान में आया था, जिसमें एक व्यक्ति अवैध तमंचा लहराते हुए दिख रहा था रहा था। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने विस्तृत जांच की। जांच के क्रम में व्यक्ति की पहचान संजय कुमार पुत्र संतोष कुमार कुशवाहा निवासी कछियनपुरवा थाना बिसंडा के रुप में की गई। शनिवार को बिसंडा थाना पुलिस ने अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उनि रामरक्षा सिंह, कां. जितेन्द्र सिंह शामिल रहे।



तमंचे के साथ वायरल फोटो। अमृत विचार

### कोर्ट के आदेश पर तीन पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रिश्तेदारी से घर लौट रही महिला ने कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कन्नौज कोतवाली क्षेत्र की निवासी महिला ने कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह कस्बा समधन स्थित रिश्तेदारी से घर लौट रही थी। तभी हरदोई जनपद के बिलग्राम कस्बा निवासी अनवार, अकील अहमद व थाना बिलग्राम के ग्राम दिवाली निवासी हारून ने उसे 15 मई की सुबह लगभग 09 बजे गुरसहायगंज स्थित पूर्वी बाईपास पर रोक लिया और गालीगलौज की। मना करने पर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। रोकने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दूसरे दिन भी नहीं लगा गंगा में डूबे युवक का सुराग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गंगा में डूबे युवक का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका है। इससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तालग्राम के चौखटा ग्राम परली निवासी अनुज (20) शुक्रवार को विसर्जन यात्रा में शामिल होने के लिए जलेसर स्थित गंगा तट आया था। यहां दोपहर करीब दो बजे गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया था। शनिवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नीरज शर्मा ने गोताखोंरों की मदद से डूबे युवक की तलाश की। देर शाम तक एनडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची इससे परिजनों में रोष है।

### महिला व पुत्रों से मारपीट

**तालग्राम, कन्नौज।** कस्बा के मोहल्ला तालाबकला निवासी संगीता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मोहल्ले के नीरज यादव ने नशे की हालत में दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसने अपने भाई सोनू यादव, मोनू यादव के साथ मिलकर घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। बीचबचाव में आए उसके पुत्र शिव व शिवम को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जाते समय जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# झोपड़ी में आग से छह वर्ष का बच्चा जिंदा जला, बच्ची झुलसी

## घटना के बाद एसडीएम, सीओ, कोतवाल, शहर लेखपाल ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां में शनिवार को दिल दहलाने वाला हादसा हो गया। यहां एक झोपड़ी में आग लगने से एक छह वर्ष का बच्चा जिंदा जल गया। जबकि आठ वर्ष की बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। झुलसी बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए उच्च संस्थान के लिए रेफर कर दिया है। आगजनी की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम, सीओ, कोतवाल शहर लेखपाल ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया है।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी लोकेंद्र सिंह का एक हाता है, जिसमें आदिवासी मजदूर परमाल सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्वालियर अपने परिवार के साथ एक झोपड़ी बनाकर रह रहा था। शनिवार को जब परमाल सिंह मजदूरी के लिए चला गया तो झोपड़ी में सुबह करीब 11:30 बजे आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान झोपड़ी में सो रहे 6 वर्षीय दीपक पुत्र परमाल की आग में जलने से मौत हो गई तथा परमाल की 8 वर्षीय पुत्री निशा गंभीर रूप से जल गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च संस्थान के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीम अतुल कुमार, सीओ राम सिंह, कोतवाल विमलेश कुमार ने निरीक्षण किया।


घटना के बाद जानकारी लेती पुलिस।


मौके पर जांच पड़ताल करते अधिकारी। अमृत विचार

### मां के सामने जल गया बच्चा

घटना के समय परमाल की पत्नी और 4 बच्चे झोपड़ी में थे, आग लगते ही एक 6 महीने की बच्ची और एक बच्चे को लेकर मां झोपड़ी से बाहर भागी तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर छोड़कर झोपड़ी में सो रहे पुत्र व पुत्री को लेने दौड़ी लेकिन तबतक आग विकराल हो गई, जिससे मां झोपड़ी के अंदर नहीं जा सकी और एक 6 वर्षीय लड़का की जल कर मौत हो गई जबकि 8 वर्षीय लड़की झुलस गई।

### पुलिस बता रही खेल-खेल में लगी आग

क्षेत्राधिकारी जालौन राम सिंह ने बताया कि आगजनी के समय झोपड़ी में मां और उसके चार बच्चे थे, जिसमें एक दुधमुहे बच्चे और एक 4 साल के लड़के को लेकर मां बाहर आ गई, उन्होंने बताया कि परमाल सिंह के किसी बच्चे ने खेल-खेल में माचिस की तीली जला दी, जिससे इतना भीषण हादसा हो गया।

## निर्माण कार्य का विरोध शुरू किया अनशन

**उरई।** शहर के मोहल्ला पाठकपुरा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामपाल मौर्य की पत्नी सरस्वती देवी का मकान है। यहां विधायक निधि से ठेकेदार ने निर्माण शुरू किया है, जिसका पिलर सरस्वती देवी के दरवाजे के पास बना है, इससे उनका निकास अवरुद्ध हो जाएगा। इस पर उन्होंने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए अनशन कर दिया है। बताया कि उन्होंने समस्या को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को भी ज्ञापन दिया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

इस पर उन्होंने अपने आवास पर अनशन शुरू कर दिया। इस दौरान भाकपा माले नेता का. रामसिंह चौधरी, का. राजीव कुशवाहा भी सरस्वती देवी की मांग के समर्थन में अनशन में शामिल हो गये। रामसिंह चौधरी का कहना है कि ठेकेदार द्वारा जो पिलर सरस्वती देवी के मकान के सामने किया गया, जिससे उनका दरवाजा ही बंद हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले को सिटी मजिस्ट्रेट को भी शिकायती पत्र दिया फिर भी कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। तब सरस्वती देवी को अनिश्चित कालीन अनशन पर अपने आवास पर बैठना पड़ा है।

# भिटौरा को हराकर भिंड फाइनल में

संवाददाता माधोगढ़ जालौन

**अमृत विचार।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 अब फाइनल मुकाबले की ओर बढ़ चला है। सीरीज के सेमी फाइनल में शनिवार को भिंड और भिटौरा टीमों के बीच भिड़ंत हुई। जालौन, इटावा और भिंड सीमा के बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर भिंड और भिटौरा के बीच सेमीफाइनल मैच हुआ। भिटौरा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया।

बल्लेबाजी करते हुए भिंड की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान से 107 रन बनाए। भिंड टीम के खिलाड़ी शिवम ने 1 छक्का और 3 चौका सहित सर्वाधिक 25 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी भिटौरा टीम 10.2 ओवर में 78 रन पर आल आउट होने से हार गई। भिटौरा टीम के खिलाड़ी कल्लू सिंह ने सर्वाधिक 2 छक्का सहित 14 रन बनाए। सेमीफाइनल की विजेता भिंड टीम के खिलाड़ी कृष्णा 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। कृष्णा को ट्राफी चंबल संग्रहालय से मनोज सोनी के हाथों से प्रदान की गई। इस मैच से पूर्व चौरेला और मरदानपुरा टीमों के बीच हुई भिंड़त में चौरेला टीम की जीत हुई। चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 का फाइनल मैच 2 जून को भिंड और चौरेला के बीच खेला जाएगा। चंबल संग्रहालय के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि चंबल अंचल के खिलाड़ियों के हौसलों को सलाम हैं जिन्होंने आसमान से आग बरसाती प्रचंड गर्मी में ग्राउंड को अपने पसीने से तर कर दिया। चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 का 16 दिवसीय आयोजन सरकारी और गैर सरकारी आर्थिक सहयोग के बगैर होना बड़ी बात है। यह कार्यक्रम यहां के स्थानीय लोगों के आर्थिक और श्रम सहयोग की बदौलत ही मुमकिन हुआ है।


विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

- चंबल म्यूजियम करा रहा क्रिकेट लीग सीजन-3

चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का 2 जून को होने वाले समापन समारोह में विजेता टीम को चंबल घाटी के लालजू सिंह स्मृति ट्राफी के साथ 11000 रुपये नकद राशि, सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र से नवाजा जाएगा। उपविजेता टीम को क्रांतिवीर दौलत सिंह कुशवाह स्मृति ट्राफी के साथ 8000 रुपये की नकद राशि, टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। 16 दिवसीय चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को क्रांतिवीर जीता चमार स्मृति मैन आफ द सीरीज ट्राफी प्रदान की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्त हुए विकास प्राधिकरण सचिव, डीएम ने दी विदाई

**उरई (जालौन)।** विकास प्राधिकरण में तैनात सचिव बैजनाथ को सेवा सेवानिवृत्त होने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर भावपूर्ण विदाई दी। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली को सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि अपनी ईमानदार छवि तथा कर्मठ कार्यशैली के कारण ही इतने कम समय में सराहनीय कार्य किए हैं जिससे जनपद को विकास की गति मिली है। विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद भी उनसे प्रेरणा लेते रहें। उन्होंने सुखद, स्वस्थ, और समृद्ध जीवन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अस्पताल में नहीं आ रहे चिकित्सक, मुख्यमंत्री से शिकायत

**जालौन।** मनोहर लाल आयुर्वेदिक अस्पताल में तैनात चिकित्सक के अस्पताल में न आने की शिकायत बागबान सेवा समिति के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को एक पत्र के माध्यम से भेजी। बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक रायन ने मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र भेजते हुए लिखा कि नगर में एक राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल है जिसमें नगर तथा क्षेत्र से काफी संख्या में मरीज आते हैं, लेकिन इस अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक कभी कभार ही आती हैं, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### तीन लोगों से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** कुठौंदा बुजुर्ग के एक युवक द्वारा तीन लोगों के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कुठौंदा बुजुर्ग निवासी कुलदीप पुत्र कृष्ण मुरारी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके गांव के ही विवेक पुत्र मोतीलाल द्वारा उसके साथ गाली गलौज की गई इसका विरोध जब उसके भाई तथा मां ने किया तो उक्त ने उनके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### पेड़ धरा की अमूल्य धरोहर

**माधोगढ़, जालौन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माधोगढ़ में गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें वक्ताओं ने बढ़चढ़ कर पौधा रोपण करने तथा पेड़ों की सुरक्षा पर जोर दिया। पेड़ धरा की अमूल्य धरोहर है विषय पर आयोजित गोष्ठी में विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के तहत सामाजिक वानिकी वन प्रभाग उरई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। भाजपा बंगरा मंडल अध्यक्ष संदीप भदौरिया भरत ने अपने उद्बोधन में कहा कि पेड़ धारा की अनमोल धरोहर हैं, पेड़ों की कटान से ही पर्यावरण असंतुलित हो गया है, पर्यावरण के संवर्धन के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करने की जरूरत है, तथा लगे पेड़ों की कटान पर रोक लगाए बिना पर्यावरण का संरक्षण नहीं हो सकता है। इसके साथ ही पौधा रोपण कर उपस्थित सम्मानित जन को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान वन दरोगा राजू चौहान, अमित यादव एवं अमित राजावत, कुलदीप परिहार, रंजीत सिंह, मूलशरण कुशवाह सहित वन विभाग कर्मचारी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### एसडीएम, सीओ को भेंट की फोन नंबरों की डायरी

**माधौगढ़ (जालौन)।** उत्तर प्रदेश के शिक्षाविद ग्रामीण एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पं श्रवण द्विवेदी ने एक फोन नंबरों की डायरी एसडीएम और सीओ को सौंपी है। इस डायरी में प्रदेश के नेताओं और अधिकारियों के नंबर हैं। द्विवेदी ने एक फोन डायरी उपजिलाधिकारी विशेश्वर सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई को सप्रेम भेंट करते हुए कहा कि इस डायरी की संरचना समूचे उत्तर प्रदेश के अधिकारियों और नेताओं, व्यापारियों आदि के नंबरों से संग्रहीत किया गया है।

# चुनाव परिणामों को लेकर चर्चाएं हुईं तेज

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** देश में सातों चरणों के मतदान खत्म होने तथा मतगणना की तारीख नजदीक होने पर चौराहों, चौपालों तथा सार्वजनिक स्थानों में चुनाव परिणामों को लेकर चर्चाएं बढ़ गई हैं। अपने-अपने दलों के नेता एवं समर्थक अपनी-अपनी पार्टियों की जीत का दावा कर रहे हैं।

नगर के प्रमुख समाजसेवी मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि जालौन गरौठा भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र में दो प्रत्याशियों के बीच कांटे का संघर्ष हुआ है तथा चुनाव परिणाम चौंकाने वाले होंगे। समाजवादी पार्टी के कार्यालय इंचार्ज कल्लू यादव काशीखेड़ा ने बताया कि हम कालपी नगर तथा कदौरा ब्लाक से बम्पर बढ़त लेकर चल रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि गठबंधन उम्मीदवार एक लाख से अधिक वोटों से जीतकर जीत का परचम फहरायेंगे। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक बाजपेई अपने आंकड़े गिनाते हुए बताते हैं कि जालौन लोकसभा सीट से भाजपा हर सूरत में जीतेगी। भले ही जीत का अंतर 2019 या 2024 से कम हो जाए। पूर्व कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह सरसेला ने कहा कि कांग्रेस सपा गठबंधन का उम्मीदवार बहुत अधिक आगे है, जीत का अंतर भी बहुत अधिक होगा। अधिवक्ता जयवीर सिंह यादव एडवोकेट ने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर चली है, उन्होंने कहा कि केंद्र में परिवर्तन होगा। बसपा नेता सुलेमान मंसूरी ने बताया कि बसपा ने पूरी ताकत से चुनाव में हिस्सा लिया है उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में हमारा परंपरागत मतदान का सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि 4 जून को सब कुछ सामने आ जाएगा। कालपी नगर के मुख्य बाजार टरननगंज, फुलपावर चौराहा, जुल्हैटीं चौराहा, स्टेशन चौराहा, तहसील परिसर, गल्ला मंडी, जोल्हूपुर मोड़, महेवा स्टैंड, गटौरा में चुनाव परिणाम को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।


चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा करते लोग। अमृत विचार

- सभी नेता अपने दल की जीत का कर रहे दावा

# बलवा नियंत्रण पर किया मॉक ड्रिल

कार्यालय, संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की मतगणना सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारी में जुट गया है। इसके तहत डिप्टी एसपी की अगुवाई में क्षत्रसाल इंटर कॉलेज के मैदान में बलवा नियंत्रण ड्रिल का पुलिस कर्मियों ने अभ्यास किया। एसपी ईरज रजा के निर्देशन पर पुलिस ने बलवा नियंत्रण मार्क ड्रिल का अभ्यास किया, जिसमें दो टोलियां बनाई गई। एक तरफ बलवाकारी दूसरे तरफ पुलिस बल था। बलवाकारी पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर दंगा करने के लिए लोगों को उकसा रहे थे, पुलिस टीम द्वारा पहले बलवाकारियों को समझाया गया, एलआईओ, नागरिक पुलिस, घुड़सवार पुलिस, डंडा पार्टी के अलावा वीडियो ग्राफी कराकर शांत करने का प्रयास किया गया, लेकिन बलवाकारी शांत नहीं हुए। तब पुलिस ने फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार की तथा आंसू गैस के गोले भी छोड़े लेकिन फिर भी शांत नहीं होने पर पुलिस द्वारा फायरिंग की गई। जिसमें कुछ बलवाकारी घायल हुए तथा कुछ के गोली लगने से मौत हो गई। मार्क ड्रिल इतना सजीव था कि जिसे देख राहगीर और आस पास के लोगो में कौतूहल मच गया।


बलवा नियंत्रण में मॉक ड्रिल करते जवान। अमृत विचार

## रोजगार मेला 4 जून को

**उरई (जालौन)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कालपी (जालौन) में 04 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

इसमें सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लि. के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इसमें केवल पुरुष उम्मीदवार जिनकी उम्र 18 वर्ष से 26 वर्ष तक है तथा जिन्होंने आईटीआई फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, मशीनिष्ट, एमएमवी, वेल्डर, ट्रैक्टर, इलेक्ट्रॉनिक मैके. एवं वायरमैन व्यवसाय से उत्तीर्ण किया हो का ऑन द स्पॉट चयन किया जाएगा।

# मासिक पंचायत में किसानों ने अन्ना मवेशियों का उठाया मुद्दा

संवाददाता कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत अंजान सिंह लोहरगांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पंचायत में किसानों के द्वारा समस्याएं उठाते हुए समाधान करने की मांग उठाई गई। किसानों ने 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी को सौंपकर समाधान करने की मांग उठाई। गल्ला मण्डी के परिसर में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत में संगठन के तहसील अध्यक्ष अजय सिंह राजू मलथूआ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान करने में शिथिलता बरती जाती हैं। फलस्वरुप किसान परेशान रहता है। पंचायत के उपरान्त किसानों का प्रतिनिधि मंडल ने तहसील कालपी में पहुंचकर तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि कालपी तहसील के ग्रामों में 29 मई को बेमौसम बरसात तथा आंधी से पेड़ धराशाई हो गये तथा पोल टूटे पड़े हैं। हिम्मतपुर, भगौरा, सतरहजू, निपनिया, निभाना, उरकरा कलां आदि में विधुत आपूर्ति प्रभावित हो गई है। फसलों के नुकसान हुआ है प्रभावित किसानों को राहत राशि दिलाई जाये। तथा किसानों को बीमा कंपनी से नुकसान दिलाया जाए। खराब नलकूपों को ठीक करके नलकूप का संचालन कराकर तालाब तथा पोखर भरें जायें ताकि जानवरों के पानी की समस्या खत्म हो। मटरा, मद्रास, कुकहनू आदि गांवों में अन्ना जानवर घूम कर खेतों में मूंग, उड़द की फसल बर्बाद कर रहे हैं इस समस्यायों का निदान करने के लिए प्रशासन के द्वारा ठोस कदम उठाए जाये। ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निदान के लिए खराब हैंडपंपों को ठीक करके सुधर जाए तथा रिबोर कराया जाए। राजस्व कर्मचारियों की कमी की वजह से नई खतौनी में जो कमी हो गई है उसे ठीक किया जाये। इस मौके पर वृजभूषण सिंह, रामनरायण पाल, वीर सिह, चंद्रपाल गुर्जर, जयराम कुशवाहा, श्याम बाबू पाल, विश्वनाथ सिंह, जितेंद्र सिंह, महेश रायकवार आदि मौजूद थे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

मैं पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम, निवासी ग्राम- तिलका कटरा बाजार गोंडा की निवासिनी हूं। यह घोषणा करती हूं कि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। **-पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **रहतुनन्निषा पत्नी स्व0 जमीर खान निवासिनी-मकान सं0- 541/आर/325 रिफा कालोनी न्यू हैदरगंज, चौक, लखनऊ, उ0 प्र0-226003,** मैने अपने पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार का चाल-चलन ठीक न होने, गलत आदतों व उद्दण्डता का व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और पूर्णतया पारिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिया है। मेरे पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रुखसार के द्वारा किए गए कृत्यों व लेन-देन की पूरी जिम्मेदारी मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार की होगी मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे समस्त अभिलेखों में सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान अंकित है जबकि मेरे बैंक ऑफ बडौदा खाता संख्या 38170100004284 में सईद अहमद हो गया है जो गलत है मुझे सईद खान के नाम से जाना जाय। **- सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान, निवासी- गेधरिया, थाना- विशेश्वरगंज, जिला- बहराइच**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार, ग्राम - न्यू खामोड़ु, पोस्ट -जयरामपुर, थाना -जयरामपुर, जिला -चांगलांग, पिन कोड- 792121, अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम -बलई गांव, पोस्ट- मोतीपुर, थाना- मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, एन. आर.एस. - मुर्तिहा, जिला- बहराइच, पिन कोड 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अतःकिसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें। **- प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार, निवासी ग्राम -बलई गांव, पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, जिला- बहराइच, उत्तर प्रदेश।**

### वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

## आवश्यकता है

यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0: 500/-**

**अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।**

**प्रबन्धक/प्राचार्य**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पहले अभिलेख में मेरा नाम असलम था जो गलत था अब मेरे सारे अभिलेख में मेरा नाम असलम अहमद है जो सही है मुझे इसी नाम से जाना जाए । **- असलम अहमद पुत्र मुबीन अहमद, निवासी- सचौली, थाना- पयागपुर, जिला बहराइच**

### सूचना

सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, ग्राम -टिकरी बस्ती, पोस्ट --जुन्हेबोतो, थाना- जुन्हेबोतो, जिला- जुन्हेबोतो, एन. आर. एस.- दिमापुर, पिन कोड- 798620, नागालैंड का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम - बलई गांव पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील -मिहींपुरवा, एन.आर.एस.- मुर्तिहा, जिला बहराइच, पिन कोड- 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अतःकिसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें। **- टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, निवासी ग्राम - बलई गांव पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, जिला- बहराइच, उत्तर प्रदेश।**


**बदला मौसम का मिजाज** — दिन में भीषण गर्मी के साथ रहा लू का प्रकोप, सुबह 10 बजे से ही सड़कों पर पसरा सन्नाटा, शाम को हुई बारिश के बाद मिली राहत

# दिन में तेज गर्मी, शाम को आंधी के साथ बारिश

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** नौतपा की गर्मी के बीच शनिवार शाम को जिले के कुछ हिस्से में आंधी के साथ बारिश हुई। इससे दिन भर गर्मी के बाद शाम को लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश शाम करीब साढ़े छह बजे हुई। इधर सुबह सूर्य देव की तपिश में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रही। चिलचिलाती धूप के साथ लू के थपेड़े चलते रहे। इससे सड़कों पर चलने वाले लोग मनो झुलस से गये। इधर शनिवार को भी तापमान 48.2 डिग्री बना रहा। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों से यहां अधिकतम तापमान 48 डिग्री के पार चल रहा है।

नौतपा को एक सप्ताह हो गया है लेकिन धूप के लू लपट का सितम बराबर बना हुआ है। जिला प्रशासन ने भी गाइड लाइन जारी कर सावधानी बरतने के लिए आम जनता को जागरूक किया। लेकिन मजबूरी वश सड़कों पर निकल रहे लोगों का नौतपा में बुरा हाल हो गया है। धूप इतनी तेज है कि जरा सा पैदल चलने पर लोग पसीना से नहाने के अलावा लू लपट झेल रहे हैं। शनिवार को भी तापमान कम नहीं रहा। दोपह दो बजे के आसपास शहर के भगतसिंह चौराहा, टाउन हाल, करमेर रोड, राठरोड, स्टेशन रोड का हाल यह था कि सन्नाटा सा छाया रहा।


शाम के समय हुई बारिश से सड़क पर भरा पानी।



राहगीरों को शर्बत बांटते पूर्व सैनिक। अमृत विचार


सूखा हैंडपंप। अमृत विचार

### पूर्व सैनिकों ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

उरई (जालौन)। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने उरई में सरकार पैलेस जेल रोड के पास भीषण गर्मी और नौतपा के दौरान बढ़ते हुए तापमान में शर्बत और प्याऊ का आयोजन किया। देश की सेवा करने वाले और विभिन्न युद्धों में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों ने आज आम जनमानस को ठंडा शरबत पिलाकर उनकी सेवा की। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष कैप्टन अखिलेश नगायच धर्मगुरु शत्रुघ्न सिंह सेंगर हवलदार रविंद्र सिंह राठौड़ कैप्टन संतोष कुमार रायकवार (फौजी टेंट हाउस) हवलदार सुनील कुमार विश्वकर्मा हवलदार अमर सिंह पाल हवलदार दिनेश कुमार निगम सूबेदार पुष्कर नाथ हवलदार अरविंद सिंह चौहान, हवलदार सुनील सिंह गुर्जर, हवलदार जगराम प्रजापति, नायब सूबेदार अनिल कुमार राठौर, नायब सूबेदार राधेश्याम दोहरे, हवलदार कौशलेंद्र सिंह जादौन, सूबेदार सुरेश कुमार, हवलदार रविंद्र कुमार शर्मा हवलदार दीपेश सिंह राजावत हवलदार जवर सिंह राजावत, सूबेदार गिरजा शंकर, सूबेदार संतोष, हवलदार सुरेश, हवलदार रियाजुल अहमद, हवलदार प्रवीण, सूबेदार मेजर तारा सिंह, हवलदार रामपाल, सूबेदार सीपी दीक्षित हवलदार फूल सिंह हवलदार शैलेन्द्र कुमार पटेल, हवलदार अनुज कुमार नायब सूबेदार बृजेश कुलश्रेष्ठ सहित तकरीबन आधा सैकड़ा पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### भूजल स्तर गिरा, सूख गए हैंडपंप

**कालपी (जालौन)।** लगातार बढ़ते तापमान व गर्मी के कारण जलस्तर 12-15 फीट गिर जाने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई हैं। इसके साथ ही हैंडपंपों ने भी साथ छोड़ दिया है। जिस कारण लोग भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। नगर के अलग-अलग स्थानों में जल संस्थान के 15 नलकूप स्थापित हैं, गर्मी के बढ़ते लगातार प्रकोप की वजह से 15 फिट जलस्तर गिर गया है। जिससे नलकूपों में पानी निकलने में समस्या आ रही हैं। जल संस्थान के अवर अभियंता आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कई नलकूपों में एक या दो पाइपों को डालकर गहराई से पानी निकालने की कोशिश की गई हैं। इसी प्रकार भीषण गर्मी में नलकूपो में विद्युत ट्रांसफार्मर तथा लाइनें गर्म हो रही हैं। बार-बार ट्रिपलिंग होने से नलकूपों के संचालन प्रभावित हो रहा हैं। रामगंज मुहल्ला निवासी बाबू सिंह यादव, महमूदपुरा निवासी लाखन लाल अहिरवार, इंद्रानगर निवासी अपूर्व शरद श्रीवास्तव एड. ने बताया कि रामगंज, गणेशगंज, महमूदपुरा, इंद्रानगर तथा ऊँचाई वाले स्थानों में पानी की आपूर्ति की समस्या बहुत बढ़ गई हैं। नगर में स्थापित 527 हैंडपम्पों में आधे से ज्यादा जबाब दे गए हैं। अगर इसी प्रकार गर्मी बढ़ती रही तो समस्या और विकराल हो सकती हैं।

# गर्मी का कहर जारी, सड़कों पर 'कर्फ्यू'

## नौतपा के आठवें दिन इंसान और पशु-पक्षी बेहाल, फेल होते नजर आ रहे हैं गर्मी से बचाव के संसाधन

संवाददाता, फतेहपुर


सड़कों पर निकलते लोग।


पाउच के पानी से प्यास बुझाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नौतपा के आठवें दिन भी गर्मी का कहर जारी रहा। लोग गर्मी से बचने को तरह तरह के जतन कर रहे हैं लेकिन शहर मानो आग की भट्ठी की तरह तप रहा है। भीषण गर्मी और बढ़ती धूप की तपिश से लोग झुलस रहे हैं। एक दिन पहले की तुलना में तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को 44 डिग्री तापमान रहा। शनिवार के दिन शुक्रवार के मुताबिक अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई बावजूद गर्मी और तपन से पीछा नहीं छूट सका। बताया जा रहा है कि गर्मी का लगभग पिछले चार दिन में करीब 20 साल का रिकार्ड टूटा है। फिलहाल लोगों को धूप की तपिश और गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही है। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से बचने को लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो रहे हैं। सूर्यदेव मानो आग उगल रहे हैं उससे दिन व दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। अब तो लोग कहने लगे कि उफ यह गर्मी क्या मार ही डालेगी। गर्मी से बचाव के संसाधन भी अब फेल होते नजर आ रहे हैं। छतों पर लगे पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं। ऐसे ने पंखा न चलाया जाए तो पसीने से लोग तरबतर हो रहे हैं। भीषण गर्मी ने इस समय इंसानों के साथ पशु पक्षियों को आगोश में ले लिया है। लोग अब घरों से निकलने से डर रहे हैं। बाजारों में सन्नाटा पसर रहा है। सड़कों पर मानो कर्फ्यू जैसे हालात नजर आ रहे हैं। मौसम जानकारों की मानें तो अभी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। अगले दो दिन में गर्मी से कुछ राहत इतने की उम्मीद है। ऐसे में गर्मी से बचाव करना जरूरी है। घर से तभी निकलें जब बहुत आवश्यक हो निकले तो मुंह पर सूती कपड़ा जरूर बांध ले। इस समय खूब पानी पीते रहे प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहे। आंखों पर अच्छे किस्म का काला चश्मा लगाए।

### लू से ऐसे बचाव करें

- घर के बाहर जाते समय शरीर को ढककर निकलें
- हल्के रंग के आरामदायक कपड़े पहने
- दिन में आंखों पर धूप का चश्मा पहने
- थोड़े-थोड़े समय पर शीतल पेय पीते रहें।
- घर, कार्यस्थल पर धूप रोकने को पर्दा लगाएं।
- जानवरों को छायादार स्थान पर रखें।
- अभिभावक, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

### सनबर्न, फंगल इन्फेक्शन और एलर्जी के रोगी बढ़े

**फतेहपुर।** इस बार मई की शुरुआत से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों की बेचैनी बढ़ा दी है। अब इसका असर यह है कि सनबर्न, फंगल इन्फेक्शन, एलर्जी और घमौरियों से लोग परेशान हैं। पिछले एक हफ्ते में जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब 50 फीसदी स्किन रोगी बढ़ गए हैं। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर टिका हुआ है। सुबह 9 बजे से ही ऐसी धूप रहती है कि लोग को सिर और चेहरा ढंकने के लिए कैप, हेलमेट, गमछा और दुपट्टा आदि का उपयोग करना पड़ रहा है। इसके बावजूद राहत नहीं मिल रही है। रात को भी गर्म हवाओं ने परेशान कर रखा है। लोग बार-बार पसीने से तर हो रहे हैं। धूप और गर्मी के कारण सूखी त्वचा, होंठ फटने, घमौरियों, सनबर्न, एलर्जी, स्किन इन्फेक्शन (जैसे फोड़े फुंसी), एलर्जिक रिएक्शन, फंगल स्किन इन्फेक्शन, फॉलिक्यूलिटिस, झाइयां और मुहांसे की दिक्कत बढ़ी हुई है। जिला अस्पताल में तैनात डॉ. एनके सक्सेना ने बताया कि इन दिनों दो तरह के मरीज बढ़े हैं। इनमें धूप से एलर्जी और फंगल इन्फेक्शन के मरीज शामिल हैं। इसमें भी ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों की संख्या ज्यादा है। कारण यह सामने आया है कि गांवों में पूरे समय बिजली नहीं रहती। इस कारण पसीना बहुत आता है, कपड़े गीले होते हैं और फंगस इंफेक्शन हो जाता है। चिंताजनक बात यह है कि इस बार इसकी चपेट में कई बुजुर्ग भी हैं। वहीं, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मूलचन्द्रा बताते हैं कि अक्सर लोग नवजात शिशु को मोटे बिस्तर या कंबल में रखते हैं, जिससे घमौरियों का रिस्क बढ़ जाता है। अगर साफ-सफाई में चूक हुई तो इन्फेक्शन बढ़ सकता है।

### पेयजल की समस्या बढ़ी

भीषण गर्मी में वाटर लेवल भी डाउन हो रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक नलकूप और हैंडपंप दगा दे रहे हैं। इसलिए पीने के पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। प्रमुख बाजारों से लेकर मंडियों में भी पीने के पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। चौक बाजार व अन्य प्रमुख चौराहों की स्थिति पानी के बारे में किसी से छिपी नहीं है।

### गर्मी ने ठंडी कर दी बाजारों की रौनक

**फतेहपुर।** भीषण गर्मी ने बाजारों की रौनक ठंडी कर दी है। बाजारों में कर्फ्यू जैसे हालात नजर आ रहे हैं। दो सप्ताह में ही व्यापार को बड़ी चोट लगी है। दुकानदार दुकानों में बैठकर खरीदारों का इंतजार करते देखे जा रहे हैं। चौक बाजार शहर का प्रमुख बाजार माना जाता है यहां सुबह से लेकर देर शाम तक रौनक रहती है लेकिन लाकडाउन जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। चूड़ी वाली गली बाजार में सड़कों पर सन्नाटा सा नजर आ रहा है। साथ ही शहर के अन्य प्रमुख चौराहे व बाजारें जहां लोगों की भीड़ हमेशा बनी रहती थी, वह भी सन्नाटे के आगोश में हैं।

# हर तीन घंटे में फॉल्ट और ट्रिपिंग से बिजली हो रही गुल

- करीब 80 मिलियन यूनिट की खपत जनपद में बढ़ी

**फतेहपुर।** बिजली की खपत और कटौती का रिकॉर्ड टूट रहा है। मई माह में बिजली की खपत 40 मिलियन यूनिट बढ़कर 125 मिलियन यूनिट पहुंच गई। जबकि लोड बढ़ने से हर दो से तीन घंटे में फाल्ट और बिजली ट्रिपिंग हो रही है।

जिले में करीब 300 मेगावाट बिजली की मांग है और इतनी यह उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन जैसे-जैसे भीषण गर्मी बढ़ रही है। वैसे ही दिन और रात में बिजली कटौती मुसीबत बन रही है। ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों की बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह से पटरी से उतर रही है। बता दें कि 15 दिन में बिजली विभाग के अभी तक करीब 120 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। एसी, कूलर के लोड से पावर हाउस के साथ उप केंद्र में रोजाना उपकरण जल रहे या खराब हो रहे हैं। बता दें कि पिछले साल मई माह में जहां 85.952 मिलियन यूनिट बिजली की खपत हो रही थी। वहीं इस साल मई माह में 125.092 मिलियन यूनिट बिजली की खपत हो गई। गर्मी में एसी, कूलर और अन्य उपकरणों के लोड बढ़ने से 40 मिलियन यूनिट बिजली की खपत बढ़ गई है। जबकि बिजली की समस्या से जूझ रहे बिजली विभाग के लिए अभी जून माह पूरा बाकी है।


स्कूल में खराब पड़ा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

# विद्यालय में रखा ट्रांसफार्मर महीने में तीन बार फुंका

संवाददाता हथगाम

- प्रधानाध्यापक की शिकायत के बावजूद नहीं हटाया गया

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय गौसपुर हथगाम के अंदर विभाग ने ट्रांसफार्मर रख बच्चों व शिक्षक की जान को हलक में डाल दिया है। अब यह शिक्षा का मंदिर कम और खतरे का घर ज्यादा दिख रहा है। विद्यालय के ऊपर से ही हाईटेंशन लाइन गुजरी है। बता दें कि महीने में यह ट्रांसफार्मर तीन बार फुंक चुका है।

विद्यालय के अंदर रखे ट्रांसफार्मर से गुजरी हाईटेंशन व एलटी लाइन से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। छिवलहा क्षेत्र के सरांय गांव में प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में रखा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर महीने मे तीन बार जल चुका है। सरांय गांव के अशोक कुमार मौर्य ने बताया कि एक महीने में तीन बार यह ट्रांसफार्मर जल चुका है यहां तक कि ट्रांसफार्मर रखने के बाद वह एक घंटे भी नहीं चल पाया और जल गया। गांव में बिजली के न पहुंचने से गांव में लोगों के घरों में अंधेरें मे रहकर गुजर बसर लोगों को करना पड़ रहा है। गांव में इस तरह की प्रचंड गर्मी में लोगों को रहना मुश्किल हो रहा है। प्राथमिक विद्यालय गौसपुर के प्रधानाध्यापक जसवंत मौर्य ने बताया की कई बार ट्रांसफार्मर हटाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग में शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। मामले में जेई अनिल कुमार ने बताया कि क्षमता वृद्धि के लिए एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। जैसे पास हो जायेगा वैसे ही 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा दिया जायेगा। गांव के कुछ अराजकतत्व हैं जो 25 केवीए का रखें ट्रांसफार्मर से निकली एलटी तार मे लग्घी मारते रहते हैं। जिससे लाइन को चलने नहीं दे रहे हैं।

# मजदूर की तीसरी मंजिल से गिरकर हुई मौत

संवाददाता किशनपुर

- कस्बे में निर्माणाधीन पुलिस कालोनी में हुई घटना

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन पुलिस कालोनी की तीसरी मंजिल में प्लास्टर कर रहा एक मजदूर अचानक से नीचे आ गिरा। वहीं मौजूद अन्य साथियों ने उसे आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पीलीभीत जनपद का रहने वाला शाजिद प्लास्टर करने का काम करता था। शुक्रवार की देर शाम वह कस्बे में पावर हाउस के पास बन रही पुलिस कॉलोनी की तीसरी मंजिल में चढ़कर प्लास्टर कर रहा था। उसी दौरान उनके शरीर का संतुलन बिगड़ गया और वह तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। जमीन में गिरते ही मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि आनन-फानन में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने युवक को देखकर मृत घोषित कर दिया। वहीं मजदूर की मौत की खबर सुन आसपड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद पुलिस भी पहुंच गई।

# अंतिम संस्कार में घाट पहुंची किशोरी नदी में डूबी

संवाददाता, फतेहपुर

- देर रात तक तलाश करती रहीं एसडीआरएफ टीम


किशोरी की तलाश करती एसडीआरफ की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बाबा के अंतिम संस्कार के बाद नदी में नहाते समय एक किशोरी नदी में डूब गई। जिसकी देर शाम तक तलाश जारी रही। लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं लग सका। मामले की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची लेकिन टीम को भी कोई सफलता नहीं मिल सकी।

धाता थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी राजबहादुर की गुरुवार को बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिसके शव को अंतिम संस्कार के लिए शुक्रवार को परिजन लेकर गांव किनारे स्थित यमुना नदी के घाट लेकर पहुंचे थे। शव यात्रा में म्रतक की नौ वर्षीय नातिन सोनी देवी पुत्री रजोल प्रशाद गई थी। जो कि अंतिम संस्कार के बाद नदी में परिवार के अन्य बच्चों के साथ नदी में नहा रही थी। तभी अधिक गहराई में चले जाने से वह नदी में डूब गई। परिजन जब घर पहुंचे तो घर मे किशोरी को न देखकर उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कहीं पर भी कोई सुराग नहीं लगा। नदी में डूबने की आशंका को लेकर परिजनों ने हादसे के बावत पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों व स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में जाल डलवा किशोरी की तलाश शुरू करवाई लेकिन देर शाम तक किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा।

जिसकी तलाश लगातार जारी रही। देर रात तक एसडीआरएफ ने किशोरी की तलाश में रेस्क्यू चलाया कड़ी मेहनत के बाद भी टीम को सफलता नहीं मिली काफी खोजबीन के बाद ज़ब शव नहीं मिला तो देर रात लखनऊ टीम ने ऑपरेशन बंद कर दिया। शनिवार सुबह टीम को बैरंग वापस जाना पड़ा। जबकि स्थानीय पुलिस अपने स्तर से तलाश कर रहीं है।

## सार-संक्षेप

### प्रमुख चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में शनिवार को जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन मजबूती के साथ-साथ सदस्यता अभियान को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद से अत्यधिक गर्मी को देखते हुए नगर पालिका के गांव तथा प्रमुख चौराहों में पीने के पानी हुआ जानवरों के पीने के लिए पानी के टैंकर से व्यवस्था करवाने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने कहा कि संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय तथा जुम्मेवार लोगों को पदासीन किया जाएगा। एक जुलाई से वृहद सदस्यता अभियान चलाकर गांव-गांव में महासभा के समर्पित कार्यकर्ताओं के द्वारा संगठन की हिंदुत्ववादी नीतियों को बताकर लोगों को जोड़ा जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, डॉ प्रमोद पांडे, संतोष नेता, धनंजय पांडे, ब्रम्हेश तिवारी उर्फ गोरे, राधेश्याम साहू, शिवाकांत तिवारी, एसके गुप्ता, राम सिंह मौर्य, ओम प्रकाश मौर्य, संत केशव दास जी, महिला जिला अध्यक्ष संगीता गुप्ता, नीलम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### चाय बनाने से मना करने पर पत्नी को पीटा

**असोथर।** नगर पंचायत के प्राइवेट बस स्टाप व नई बाजार निवासी किराना व्यापारी राकेश शिवहरे उर्फ कल्लू शिवहरे ने सुबह पत्नी चांदनी शिवहरे से चाय बनाने को बोला। जिसके काफी देर बाद भी चाय बनाकर न लाने पर गुस्से से तमतमाए राकेश ने अपनी पत्नी को जमकर पीट दिया। जिसके बाद पीड़िता थाने पहुंचकर पति के खिलाफ मारपीट की तहरीर दे दी। जिसके बाद पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### पालिका के हैंडपंप और वाटर एटीएम ठप

**फतेहपुर।** सप्ताहभर से पड़ रही भीषण गर्मी में भी शहर के सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित नगरपालिका के 80 फीसदी हैंडपंप और सभी वॉटर एटीएम खराब हैं। नतीजा दूरदराज से शहर आने वाले ग्रामीणों को गला तर करने के लिए बोतलबंद पानी खरीदना मजबूरी है। गर्मी की शुरुआत होते ही पालिका प्रशासन इससे निपटने की तैयारी शुरू कर देता है। यही नहीं, पालिका प्रशासन की ओर से अपनी तैयारियों को लेकर बड़े-बड़े दावे भी किए जाते हैं। इसके बावजूद जब शहरवालों को पानी की सबसे अधिक जरूरत है तो पालिका के अलग-अलग मोहल्लों में स्थापित 80 फीसदी इंडिया मार्का हैंडपंप खराब चल रहे हैं। यही नहीं, शहरवालों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपये की लागत से स्थापित कराए गए करीब दर्जन भर वॉटर एटीएम भी पानी नहीं उगल रहे। नतीजा शहरवालों के साथ ग्रामीण इलाकों से आने वाले गल तर करने के लिए 20 रुपये खर्च कर बोतल पानी खरीद रहे हैं।

# भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** ललौली के बहुआ कस्बे में पारिवारिक जमीन में बंटवारे के बाद कब्जे को लेकर परिवार के दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं।

ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव में खतौनी की गाटा संख्या 813 का नंबर आबादी के नाम दर्ज है। इसमें स्व. मन्ना, स्व. बाबूलाल और परसन यादव के परिवार का पुश्तैनी कब्जा और कच्ची कोठरियां बनी थीं। इसमें स्व. मन्ना के बेटों महेश यादव और मुनेश यादव ने पक्के कमरे बनवा लिए हैं। वहीं, स्व बाबूलाल और परसन के बेटो रामचंद्र (दिव्यांग) और रामप्रकाश की बनी कच्ची कोठरियां बरसात में गिर गई थीं। मंगलवार की शाम रामचंद्र और रामप्रकाश अपने परिवार के साथ टीन शेड डाल रहे थे। तभी स्व. मन्ना की पत्नी चंद्रकली बेटा महेश यादव, नातिन छोटकी, बड़की, नाती कल्लू, और महेश की पत्नी ने टीन छाने का विरोध करते हुए गाली गलौज की और मारपीट करने लगे। दूसरे पक्ष से रामचंद्र यादव और रामप्रकाश ने विरोध किया, तो दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले।

### हिस्ट्रीशीटर है महेश यादव

थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि टीन छाने का विरोध करने वाला दूसरा पक्ष महेश यादव थाने का हिस्ट्रीशीटर है और इसके ऊपर 19 मुकदमें दर्ज हैं। इसमें दिव्यांग रामचंद्र पक्ष की जमीन में कब्जे की नीयत से अपनी बुजुर्ग मां चंद्रकली को आगे करके कूड़ा डलवा देता है। 12 मई को भी महेश और उसके बेटे अंकित ने दिव्यांग रामचंद्र को गाली गलौज मारपीट करते हुए विवाद किया था। इसमे अंकित के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई थी।

# एक साथ कूलर, पंखा और एसी न चलाएं

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदर, बिन्दकी और खागा क्षेत्र में उपभोक्ताओं के मोबाइल पर संदेश भेजकर बिजली विभाग ने अपील कर सहयोग मांगा है। विभाग ने अपील में बताया है कि वर्तमान में 65 प्रतिशत बिजली की खपत इस वर्ष बढ़ गई है। सभी उपभोक्ता अपने घर में एक साथ कूलर, पंखा व एसी न चलाएं। एसी 24 डिग्री सेल्सियस पर चलाएं, जबकि उसमे तीन घंटे की अवधि का टाइमर लगाएं। एसी कक्ष में टाइमर लगाने से कमरे का तापमान बदलते ही स्वंय से एसी स्विच ऑफ होगी इससे बिजली की कम खपत होगी। निगम ने दुखड़ा रोते हुए यह भी बताया है कि 45 डिग्री सेल्सियस के तापमान में लोहे व सीमेंट के पोल धूप में तप रहे हैं। इसी कड़ी धूम में मरम्मत करने के लिए विभाग के कर्मचारी कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। मकान में रात के समय में बगैर काम के एलईडी लाईट को बंद रखने की अपील की है।

# ससुराल से युवती को पीटकर निकाला

**औंग।** एक माह से घर के बाहर धरने पर बैठी युवती जब सब्र का बांध टूटा तो दरवाजा खोलकर घर के अन्दर प्रवेश कर गई। उसके बाद मामला थाने पहुंचा तो शनिवार को थाने में दोनों पक्ष की पंचायत होना तय हुआ। लेकिन एक दिन पहले ही युवती का पति और उसका बड़ा भाई, पिता व अन्य दबंग लोग पहुंचे ओर युवती को मारपीट कर घर के बाहर निकाल दिया। पिता का आरोप है कि जब बेटी के साथ मारपीट हो रही थी उस समय प्रशासन मौके पर मौजूद था। मारपीट के बाद दोनों पक्ष थाने गए।

**पहल** — ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करने होंगे वाउचर, अभी तक नहीं थी अनिवार्यता

# ग्राम पंचायतों के बिल बाउचर पांच से होंगे ऑनलाइन

संवाददाता, फतेहपुर



**अमृत विचार।** गांव के विकास कार्यों को कराए जाने के बाद होने वाले भुगतान में अब फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। क्योंकि कार्यों पर जो भी खर्च होगा, उसका बिल, मस्टर रोल व वाउचर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करना होगा। अपलोड करने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।

केंद्र व प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए केंद्रीय व राज्य वत्ति से करोड़ों की धनराशि देती है। यह पैसा ग्राम पंचायत के खाते में आता है। अभी तक इस पैसे को ग्राम प्रधान और सचिव डोंगल के जरिए सामग्री उपलब्ध कराने वाली फर्म को भुगतान करते हैं। इस भुगतान राशि का जिक्र पोर्टल पर तो किया जाता है लेकिन बिल वाउचर अपलोड करने की अनिवार्यता नहीं है। इसके चलते इस धनराशि से ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर सवाल पर उठते रहते हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने विकास कार्यों पर खर्च की गई धनराशि का बिल वाउचर भी अपलोड करने की व्यवस्था तैयार की है। पांच जून से शुरू होने जा रही इस व्यवस्था में हर काम का बिल वाउचर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। बिल वाउचर ऑनलाइन अपलोड होगा तो लेखा परीक्षकों को आडिट करने में आसानी होगी। डीपीआरओ ने बताया कि हर बिल वाउचर या मस्टरोल को भुगतान से पूर्व अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करना होगा। भुगतान पंचायत सहायक के मोबाइल पर क्यूआर कोड प्राप्त करके उसके चेहरे की पहचान के बाद उसी कंप्यूटर से हो सकेगा, जिसकी जियो फेंसिंग पंचायत सचिवालय पर की गई है। पंचायतों में धांधली को रोकने के लिए विभाग ऑनलाइन स्स्टिम को प्रयोग कर रही है। इससे विकास कार्यों में गति मिलेगी और कर्मियों में लापरवाही नहीं हो पाएंगी।

### ग्राम सचिवालयों में लगे कंप्यूटर फांक रहे धूल

**फतेहपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में एक ही छत के नीचे सभी तरह की आनलाइन सुविधा मुहैया कराने के लिए खोले गए ग्राम सचिवालय महज शोपीस बने हैं। इनमें न तो कोई कर्मचारी बैठ रहा है और न ही कोई काम होता है। कई सचिवालय तो गंदगी से भरे पड़े हैं। इनकी सफाई तक नहीं कराई जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद में करोड़ों रुपये खर्च कर शासन ने सचिवालय भवन बनवाए। इनमें सरकारी धन खर्च कर कंप्यूटर और उपकरणों का इंतजाम किया गया। हर जगह पंचायत सहायक की तैनाती भी की गई। लेकिन ज्यादातर पंचायतों में कंप्यूटर धूल फांक रहे हैं। ग्रामीण पहले की तरह अपने छोटे-छोटे काम के लिए जनपद या तहसील मुख्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। विजयीपुर ब्लाक क्षेत्र के दर्जनों गांवो में ग्राम सचिवालय भवन से कोई कार्य नहीं हो रहा है। ग्राम सचिवालय में सोमवार से शनिवार तक लेखपाल, सचिव, आशा बहू, आंगनवाड़ी, संबंधित बीट के सिपाही समेत राजस्व विभाग के कर्मचारियों का सुबह 10 से 12 बजे तक बैठना अनिवार्य है। एडीओ पंचायत ने बताया कि ग्राम पंचायत का कार्यालय रोज खुलना चाहिए। जहां पर पंचायत सहायक की तैनाती है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चेहरा देखकर ही खुलेंगे ग्राम पंचायतों के कम्प्यूटर

संवाददाता, फतेहपुर

- पंचायत गेट-वे एप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर करना होगा लागिन
- पंचायत सहायक का चेहरा देखकर खुलेगा कंप्यूटर, सिस्टम से ही सभी भुगतान

**अमृत विचार।** अब ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव के घर पर या उनके किसी अन्य ठिकाने पर पंचायतीराज विभाग के कम्प्यूटर काम नहीं करेंगे बल्कि यह कम्प्यूटर प्रत्येक ग्राम सचिवालय में ही संचालित होंगे। यह कम्प्यूटर तभी काम करेंगे जब ग्राम पंचायत सहायक अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे एप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लागिन करेंगे। यानि ग्राम पंचायत सहायक का चेहरा देखकर ही कम्प्यूटर खुलेगा। इससे ग्राम सचिवालय में उनकी उपस्थिति भी सत्यापित होगी।

पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने यह पत्र सभी जिला पंचायतीराज अधिकारियों को जारी किया है। इसमें निर्देश दिए गए हैं कि सभी पंचायत सहायक द्वारा अपने मोबाइल फोन पर पंचायत गेट-वे मोबाइल एप और पंचायत गेट-वे पोर्टल इंस्टाल करें। आदेश के मुताबिक पंचायत सहायक, एकाउंटेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर द्वारा ही अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे एप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लागिन किया जा सकेगा। कम्प्यूटर सिस्टम से ही सभी भुगतान किये जा सकेंगे। पंचायतीराज विभाग के अफसरों का कहना है कि अब पंचायत सचिवालय में ही कम्प्यूटर संचालित होंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# प्राचीन राष्ट्र भारत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई।

भारत प्राचीन राष्ट्र है,लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, "भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक् आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था,शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।" यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है,लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, "भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।" ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, "हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।" राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसा पूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसा पूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, "बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।" प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा,लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परपंराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था। ईसाई मिशनरी धर्मांतरण के लिए सक्रिय थे। वे भी हिन्दू धर्म की खामियां बढ़ा चढ़ाकर बता रहे थे। ईसाई धर्मांतरण का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य की मजबूती था। लेकिन भारतीय दर्शन के प्रति पूरे यूरोप में रुचि बढ़ रही थी। मैक्समूलर के सम्पादन में प्राचीन भारतीय ग्रंथों का बड़ी मात्रा में अनुवाद हुआ। यह अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट' सीरीज में लगभग 50 खण्डों में संकलित है।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। कालिदास ने रघुवंश में राम के समय के इतिहास-बोध की चर्चा की है। भवभूति, कालिदास और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। बौद्ध जातकों में अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय मांधाता, दशरथ और राम का उल्लेख है। बौद्ध पंथ अंधविश्वासी नहीं है। राम भारत की श्रुति व स्मृति में हैं। कुछेक राजनेता, वामदल और विद्वान राम को इतिहास नहीं मानते। दरअसल भारत ने यूरोपीय तर्ज पर इतिहास संकलन नहीं किया। अलबरूनी का भी आरोप था-''हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते, वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।" भारत ने राजाओं की विवरणी नहीं बनाई। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए,लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

# प्रकृति से लड़ पाना अत्यंत कठिन

> एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के समय भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लंबे अरसे से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का जवाबी प्रहार यह होने हो रहा है कि आसमान से आग बरसने लगी है। प्रचंड धूप से लोकतंत्र का महापर्व में मतदान भी प्रभावित हुआ है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान में गिरावट के पीछे प्रकृति के प्रकोप को भी माना जा रहा है।

दरअसल प्रकृति के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष होते हैं। ऐसी भी प्रजाति के वृक्ष होते हैं,जो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की प्रचंड और घातक किरणों को धरती पर आने से पहले खुद झेलकर अवशोषित तथा निष्प्रभावी कर देते हैं। जिस तरह देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवान दुश्मन राष्ट्र की ओर से होने वाले आघातों को रोकते हैं,ठीक उसी तरह की भूमिका पेड़ निभाते हैं और अंतरिक्ष से आने वाले घातक शत्रु-दल को निष्प्रभावी कर देते हैं,लेकिन विकास तथा आधुनिकीकरण के चलते पृथ्वी के संरक्षक वृक्षों पर सर्वाधिक प्रहार किया जा रहा है। जब अपने संरक्षक पर ही चोट होगी तब उसके घातक परिणाम भुगतने ही होंगे।

यदि देखा जाए तो पेड़ों का भी अपना परिवार होता है। एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के वक्त भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की। यदि पूरे वन-क्षेत्र में पेड़ न होते तो शायद श्रीराम को सीता का पता पाने में कठिनाई होती। पेड़ों को धरती पर रहने में सहयोगी भूमिका अदा करने के चलते भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा का विधान किया गया है। यहां तक हर मांगलिक कार्यक्रमों में 'स्वस्तिवाचन' मंत्रों को पढ़ते समय वनस्पतियों के साथ पंचभौतिक जल, अग्नि, औषधि, पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि की शांति की कामना की जाती है। वृक्षों की पूजा में जलदान एवं खाद्य पदार्थ आदि के अर्पित करने के पीछे यही उद्देश्य रहा है कि पेड़ों की छत्रछाया में रहने वाले जीव-जंतु भी आहार प्राप्त कर सकें।

पेड़ों के कटने से ऐसे तमाम जीव-जंतु तथा विषाणु जिन्हें वृक्ष अपने अधीन रखते थे, वे मानव आबादी की तरफ भाग रहे हैं जिसका प्रभाव यह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं और संक्रामक रोगों का आक्रमण भी हो रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए ऋषियों द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के बताए गए सिद्धांत के तहत पंच भौतिक तत्वों को भी कुटुंब का सदस्य मानना पड़ेगा वरना प्रकृति की जवाबी कार्रवाई को झेल पाना कठिन होगा।

# क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए।



अब चुनाव नतीजे का इंतजार है। मैं उन व्यक्तियों में नहीं हूं,जो सोचते हैं कि यह चुनाव तय कर देगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। या तय हो जाएगा कि भारत धार्मिक राष्ट्र बन जाएगा या सेकुलर रहेगा। मैं इतनी आसानी से कुछ भी होते नहीं देख पा रहा हूं, भले यह देश फिलहाल लोकतंत्र और सेकुलर भावना से काफी दूर चला गया है। जटिलताएं बढ़ी हैं। अतः इसी लोकसभा चुनाव से सब कुछ तय होने जा रहा है, ऐसा नहीं है। फिर भी क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का? बस यह देखने के लिए कि इस युग के एक बड़े ढोंग और पतन से हमारा देश कितनी ताकत से लड़ रहा था। वह कितना लड़ पाया,उसकी हजारों साल की उदात्त मानवीय ताकत और धार्मिक राष्ट्रवाद की सौ सालों की सामुदायिक ताकत में फिलहाल कौन भारी पड़ा?

हमें चुनाव के नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना पुनरुपलब्ध किया है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। हमें इस पर सोचना है कि अब अधिक उदार होकर किस तरह पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी और भारतीय एकता के लिए अपने को सुधारना होगा, ताकि एक बड़ी समवेत आवाज बन सके।

स्पष्ट है, आगे का रास्ता किसी के लिए भी बड़ा कठिन है। एग्जिट पोल पर भरोसा न करके हमें चार जून का इंतजार करना चाहिए। हमारे लिए चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। लोकतंत्र का सच्चा दर्पण उसकी भाषा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में आज से पहले किसी लोकसभा चुनाव में इतनी लुटी-पिटी, खोखली और उन्मादपूर्ण भाषा नहीं थी। आज से पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। राजनीति कभी इतनी विपन्न नहीं थी। इस चुनाव में नेताओं के बड़प्पन की जगह हमेशा उनका बड़बोलापन ही दिखता रहा। बौद्धिक बल की जगह भौतिक बल प्रदर्शित हुआ।

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए गए। यह महान विचारों को अलविदा कहना है और संकुचित स्वार्थ की जयजयकार करना है।

मीडिया और अपने को सर्वाधिक तेज घोषित करने वाले न्यूज चैनल पहली बार इतनी बेशर्मी से सत्ताधारी दल का ढोल बने। वे खुद पार्टी प्रचारक बन गए। जिस देश में तर्क विस्थापित हो जाता है, वहां अंततः लोकतंत्र का भी विस्थापन हो जाता है। इस लोकसभा चुनाव में देश के नागरिकों ने अपने लोकतांत्रिक मताधिकार का उपयोग तो किया, पर आखिर भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया की एक कितनी अंधेरी दुनिया में पहुंचकर, इस पर सोचने की जरूरत है। जिस देश में भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया एक रक्ताक्त अंधेरे में पहुंचा दिए गए हों, उस देश में अंततः आम लोगों के लिए कितनी आजादी और सुख-शांति बची रहेगी, इस पर सोचा जा सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि आखिर इस सार्वभौम ढोंग और पतन से फिलहाल महान भारत कितना लड़ पाया और वह कितना दबा दिया गया। एक दूसरा दिलचस्प सवाल है,इतने तामझाम भरे प्रचार और सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन 5-6 प्रतिशत वोट कम क्यों पड़ते रहे? अगर देश पहले से अधिक जाग्रत हुआ है तो वोट प्रतिशत बढ़ना चाहिए था।

# दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कभी लगता है,यह दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ है। बिना किसी दिल-दिमाग के उगती-फैलती चली गई। इस ग्रोथ में हम बहुत बाद में आए। हम आए तो वाइल्ड ग्रोथ से ही,लेकिन आने के बाद इसे देखा (शायद पहली बार कोई इसे देख रहा था),महसूस किया और फिर इसे पालतू बनाने में लग गए। फिर कुछ लोग आए जिन्होंने इस पर अपनी अमलदारी का दावा कर दिया। बोले,मैंने (या मेरे आका ने) इसे बोया,सींचा और बड़ी किया,इसे फैलाया, तुमको भी बनाया। अब मेरे बताए रास्ते पर चलो, मेरा नाम जपते रहो,मेरे शुक्रगुजार बने रहो तो इसमें भटकोगे नहीं। अब वाइल्ड ग्रोथ तो भाई साहब वाइल्ड ग्रोथ। इसने दुनिया के सारे अमलदारों को ठेंगा दिखाया और अपने झाड़-झंखाड़ के रास्ते चलती रही। हमारा छोटा-सा दिमाग, वह भी आखिर उसी वाइल्ड ग्रोथ का हिस्सा। जितना कर सकते थे किया और दुनिया में कुछ लोगों के लिए ही सही थोड़ी चमक-दमक आई,रास्ता आसान हुआ। औरों के लिए भी आशा बंधी,लेकिन कुछ लोगों ने जो भी दिमाग था,उसे भी ताक पर रख दिया और आंख मूंदकर अमलदारों के बताए रास्ते पर चल पड़े। फिर तो जो होना था,वही हुआ। उन्हें बताया गया। रास्ता दुर्गम जंगल में ले गया और वहीं छोड़कर गुम हो गया। वे छाती पीट रहे हैं और वाइल्ड ग्रोथ और ग्रो कर रही है और वाइल्ड हो रही है। अमलदार से पूछते हैं तो कहता है,हमने तो रास्ता ठीक बताया था,तुम उससे भटक गए तो मैं क्या करूं, अब झेलो। अरे भाई! रास्ता बताते समय हमारी काबिलियत-नाकाबिलियत पर गौर क्यों नहीं किया? और नहीं किया तो किस बात के अमलदार! हम इस काबिल होते तो आपकी जरूरत ही क्या थी? लेकिन वही हाथ गहे की लाज,हम कह नहीं पाते किअपनी अमलदारी अपने पास रखो और रास्ता नापो। हमारे पास जितना भी दिमाग है,उसी से रास्ता खोजेंगे, नहीं तो अरुंझकर मर जाएंगे। किसी के एहसान के बोझ तले दबकर मरने की नौबत तो नहीं आएगी,लेकिन हम ठहरे आलसी और डरपोक। वाइल्ड ग्रोथ और वाइल्ड होती जा रही है। हम अमलदार से कुछ कह नहीं पाते। उसके बताए रास्ते को बिना देखे सही सिद्ध करने के लिए कट-मरते हैं,लेकिन जो भी दिमाग है उसे लगाकर अपने तईं रास्ता नहीं खोजते,न औरों को खोजने देते है। जब हमें बनाने वाला सांचा ही वाइल्ड है तो हम अपनी काबिलियत पर भी क्या भरोसा करें! नतीजतन,भेड़ियाधसान जारी है और जारी रहने वाली है।

# हत्या का अर्थ



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत सारे धर्मों में हत्या करने की मनाही है,लेकिन इसकी विवेचना ठीक से नहीं की गई है। हत्या का क्या अर्थ है? अगर बहुत विस्तृत अर्थ लिया जाए तो हत्या का अर्थ है किसी सजीव की जीवन-प्रक्रिया में व्यवधान करने के कार्य में शामिल होना,लेकिन इस परिभाषा के अनुसार आदमी जी ही नहीं सकेगा और खुद की हत्या का सचेष्ट दोषी होगा।

पौधे भी तो जीव हैं और उनके बीज भी जीव हैं। यह परिभाषा फूड सायकिल को तोड़ देगी तो ऐसा उपदेश निरर्थक है,लेकिन परिभाषा को विस्तृत रखना हमारी मजबूरी नहीं है। हम संकुचित परिभाषा पर सोचें। हम कल्पना करें कि किसी आदमी में अमुक गुणों का होना अनिवार्य है जिनमें वे गुण न हों वह होमोसैपियन या होमो इरेक्टस होने के बावजूद आदमी नहीं है। किसी व्यक्ति में उन गुणों के रहने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाना हत्या है। सज्ञान और सचेष्ट हत्या नहीं करनी चाहिए।

संकुचित परिभाषा के अनुसार आततायी वध के योग्य है। संगीन अपराधी को फांसी दी जा सकती है। युद्ध में दुश्मन को मारा जा सकता है। बकरे की बलि दी जा सकती है। मछली और चिकन खाया जा सकता है। हम देखते हैं कि सारे धर्मों में अंततः संकुचित परिभाषा ही ग्राह्य है। फर्क है उस लिस्ट में जो ह्युमेन क्वालिटीज और उसके स्कोप का वर्णन करते हैं।

# तापमान वृद्धि एक वैश्विक समस्या



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

> आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों।

तापमान वृद्धि यद्यपि वैश्विक समस्या है तथापि भारत में तापमान वृद्धि की भयावह स्थिति को देखते हुए अब बड़े-बड़े जयघोषों को छोड़कर केन्द्र में नव सरकार बनते ही इसी वर्ष से सशक्त कानून बनाएं जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में विधिवत क्रियान्वयन की नितांत आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में प्रतिवर्ष जिस द्रुतगति से तापमान बढ़ रहा है उससे अनुभव होता है अगले 10-15 वर्षों में भारत के कुछ नगर-महानगर और मैट्रो शहर जीव-मानवों के रहने योग्य नहीं रह पाएंगे।

फिर क्या करेंगे ऐसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से और क्या करेंगे कथित जयघोषित विकसित भारत से और कैसे पहुंच पाएंगे 2047 तक? जब व्यक्ति को लेने के लिए शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध नहीं हो पाएगी,जब व्यक्ति को पीने को जल नहीं मिल पाएगा और जब व्यक्ति 50-55 डिग्री सेल्सियस तापमान में जल रहा होगा। देश में बढ़ती हुई शिक्षित-प्रशिक्षित-युवा बेरोजगारी, कम होता कृषि क्षेत्र,राजनैतिक तुष्टिकरण, सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को तो तापमान वृद्धि विषय पर गौण ही कर दीजिए। भारत के कई शहर आज जल रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं और लू चलने से लोग मर रहे हैं। इनको निम्नलिखित प्रमुख कारणों से रेखांकित किया जा सकता है- देश में जनसंख्या वृद्धि,देश में 1947-50 से ही अनियंत्रित एवं अनियोजित भौतिक विकास। राष्ट्रीय राजमार्ग ,एक्सप्रेस वे तथा सड़क मार्गों के कटान में कटने वाले लाखों पेड़ों के स्थान पर सड़क मार्ग के किनारे-किनारे पौधे लगाकर उसकी भरपाई करने का कानून आजतक न होना। अगले पांच वर्ष तक टेंडर में ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय न करना न ही संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करना। बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती वाहन संख्या उनमें बढ़ता हुआ एसी प्रयोग,पैट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए प्रयोग से बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस आदि का उत्सर्जन। सीमेंट और कंक्रीट का बढ़ता हुआ प्रयोग,घरों एवं सरकारी कार्यालयों में एसी का बढ़ता प्रयोग और उससे निकलने वाली गर्मी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति सशक्त कानूनों का अभाव,वनों में आग लगाने वालों के लिए सशक्त कानून का अभाव,प्राकृतिक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन को अपनाने का प्रभाव जिस कारण खान-पान-परिधान आदि के लिए बढ़ती हुई कंपनी, कारखानों का आधिक्य,उनसे निकलने वाला धुआं, होने वाली ध्वनि विकृत तरंग आदि। प्राकृतिक,आध्यात्मिक और शांतिमय जीवन की अपेक्षा भौतिक-चकाचौंध मय जीवन को प्रधानता।

भारतीय राजनेताओं एवं उच्च वर्ग का भोग-भौतिक-विलासितापूर्ण जीवन, एक गाड़ी की जगह आगे-पीछे चलने वाली 40-50 गाड़ियां जिसमें खर्च होने वाला पैट्रोल-डीजल और उतनी गाड़ियों से निकलने वाली गैस। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है,क्रय शक्ति बढ़ रही है, वेतन-भत्ते बढ़ रहे हैं,लोगों की आमदनी बढ़ रही,जिस कारण देश की अर्थव्यवस्था भी कुछ क्षेत्रों के कारण बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का भी जोर-शोर से जयघोष दिया जा रहा है,लेकिन लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन चार-चार पृष्ठ पानी के संकट से भरे पड़े हैं। लोगों को अपनी संपत्ति तुच्छ लग रही है,उच्च वर्ग,उच्च मध्यम वर्ग गर्मी से राहत के पाने के लिए अपनी लग्जरी गाड़ियां से बद्रीनाथ,केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि पर्वतीय क्षेत्रों में आकर पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान को बढ़ाने में लगा है। कई सरकारें प्रसन्न मुद्रा में इसीलिए हैं कि उनका राजस्व बढ़ रहा है। अखबारों में वे स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं,लेकिन जरा सोचिए हम और हमारी सरकारें अपनी भविष्य के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए क्या करने में लगे हैं?

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों। स्वतंत्रता के बाद देश में नियोजित/ नियंत्रित विकास हुआ होता तो अवश्य ही देश तापमान वृद्धि में बहुत पीछे होता। विधि निर्माताओं की परवरिश माहौल के कारण आजतक देश में सशक्त कानून नहीं बन पाए। साथ ही उन लाखों देश के दल ध्वज वाहकों से भी आग्रह है कि कभी बंद कमरे में आप भी अपने साथियों से इस विपदा के विषय में बातें करें,क्योंकि इस तप्त विपदा में आप भी तप्त पीड़ित ही हैं,जो वर्तमान में अनुभव किया जा सकता है। अभी तापमान वृद्धि चरम पर है,इसीलिए केवल इसी समय जागरूक होने की आवश्यकता नहीं,अपितु आने वर्ष चौबीस घंटे प्रत्येक नागरिक को कानून के माध्यम से हो या चैतन्य स्तर से हो अब जागरूक हो ही जाना है। अन्यथा जीव मात्र का भविष्य कुछ ही वर्षों में संकट में जाएगा जिसका निराकरण तत्क्षण असंभव ही लगता है।

# ढूंढने होंगे रोजगार के अवसर



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

गर्मियों की छुट्टी बिताने आई अपनी नातिनों (ग्रैंड डॉटर्स) की जिद्द पूरी करने के लिए कई महीनों बाद मॉल का रुख करना पड़ा। बढ़े हुए तापमान से बचने के लिए गर्मियों में मॉल घूमना काफी भाता है। यही कारण है मॉल में भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ खाने-पीने के स्टाल पर थी। दूसरी ओर बड़े-बड़े सुसज्जित चमचमाते शोरूम में इक्का -दुक्का ही ग्राहक दिखे।

इन बड़े शोरूम के एक युवा कर्मचारी से उसकी दिनचर्या के विषय में जानना चाहा तो उसने बड़े निराशा जनक तरीके से बताया की वो दो साल से वहा काम कर रहा है। प्रतिदिन 12 घंटे की ड्यूटी के बदले प्रतिमाह 10000 रुपये मिलते हैं। सीजन पर अच्छी सेल होती है तो मालिक की तरफ से थोड़ा बहुत इंसेंटिव के रूप में भी मिल जाता है। माह में केवल 4 छुट्टी ही मिलती है,अगर 10 मिनट लेट हो जाओ तो छुट्टी कट जाती है। अभी शादी नहीं हुई है। मां-बाप साथ रह रहे हैं। थोड़ी सी खेती होती है इसलिए गुजारा चल रहा है। कमोबेश यही हाल दूसरे युवा कर्मचारियों का दिखा। असंगठित क्षेत्र में अन्य जगह काम करने वाला युवा किस तरह से उपेक्षित है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अक्सर मीटिंग या अन्य अवसरों पर जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं से चर्चा होती रहती है तो पता चलता है सबसे बुरा हाल होटलों, अस्पतालों, दुकानों, पटरी पर काम करने वालो का है,कितनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों में उन्हें काम करना पड़ता है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

भारत युवाओं का देश कहा जाता है। जहां जनसंख्या का 66 प्रतिशत में 35 वर्ष से कम के युवा है। भारत में श्रम बल में लाखों युवा काम कर रहे हैं,लेकिन रोजगार की संभावनाएं कम होती जा रही हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी की फोर्स में 83 प्रतिशत युवा है,जो या तो रोजगार तलाश रहे हैं या कोई छोटा-मोटा रोजगार कर गुजारा कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी की दुश्वारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों का फरमान काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ उनकी निगाह इन लोगों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश पर भी है। युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अच्छे और सम्मानजनक अवसर ढूंढने होंगे तभी उनको निराशा से बचाया जा सकेगा।

# मतगणना के दौरान पूरी तरह बंद रहेगा जीटी रोड

## पुलिस-प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, आम लोगों के मंडी के निकट आने-जाने पर रहेगी पाबंदी, लगाए टिन के तख्ते

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पासधारकों के अलावा मंडी तक नहीं पहुंच सकेगा कोई
- स्टेट बैंक सरायमीरा से ही शुरू हो जाएंगे बैरियर

**अमृत विचार।** चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रशासन और पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस प्रशासन किसी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। इसी लिए लेकर रेलवे ट्रैक को पहले ही टिन के तख्तों से कवर कर दिया है। अब जीटी रोड को भी टिन के तख्ते लगा कर पूरी तरह ब्लाक किया जा रहा है। आम लोगों को मंडी के निकट से गुजरने की इजाजत नहीं होगी।

मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। जीटी रोड पर जगह-जगह बैरियर लगाये जा रहे हैं। इन पर हर आने वाने वालों की चेकिंग की जाएगी। इसके बाद उनको निकलने की इजाजत होगी। बैरियर स्टेट बैंक सरायमीरा से ही शुरू हो जायेंगे। इसके अलावा अंधा मोड़ के निकट भी बैरियर लगाया जायेगा। मुख्य बैरियर विजय होटल के निकट जीटी रोड पर टिन के तख्ते लगा कर बनाया जा रहा है। यहां जीटी रोड पूरी तरह से ब्लाक किया जायेगा। यहां पर पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैद रहेंगे। इसी तरह जिला अस्पताल की ओर भी इसी तरह का बैरियर लगाया जा रहा है। बलही रितुकला की ओर से आने वाले लोगों को जीटी रोड पर आते ही बैरियर पर जांच होगी। मतगणना कर्मी, एजेंट के अलावा प्रत्याशी व पत्रकारों को पास दिखाने पर ही प्रवेश दिया जायेगा। वाहनों के आवागमन को लेकर रूट का डायवर्जन किया जायेगा। अन्य व्यवस्थाओं में क्या रहेगा इसके लिये सोमवार को एसपी अमित कुमार आनन्द की ओर से रणनीति तय की जाएगी। कुल मिलाकर वोटों की गिनती के दौरान कोई भी रेलवे ट्रैक व जीटी रोड पर मजमा न लगा सके इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। पूर्व के चुनावों में इन स्थानों पर जुटने वाली भीड़ से कानून व्यवस्था का संकट पैदा होता रहा है। इसलिए इस बार प्रशासन की तरफ से कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।


मंडी में मतगणना को लेकर जीटी रोड पर लगाए गए टिन के तख्ते। अमृत विचार

## मतगणना स्थल की होगी ड्रोन कैमरे से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मंडी के आसपास 100 मीटर की परिधि में लगेंगे सीसीटीवी
- उपद्रवियों पर नजर रखने को होगा क्यूआरटी का गठन

**अमृत विचार।** निगम मंडी में बने मतगणना स्थल की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी और हर गतिविधि पर पैनी नजर रहेगी। बाहर उपद्रवियों पर नजर रखने को मंडी स्थल की 100 मीटर की परिधि में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और कंट्रोल रूम भी बनेगा। इसके अलावा उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए क्यूआरटी (क्विक रेस्पांस टीम) का भी गठन किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि चार जून को निगम मंडी में निर्धारित समय पर मतगणना प्रारंभ होगी। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को मतगणना स्थल पर नहीं प्रवेश दिया जाएगा। गणना कार्मिकों और अभिकर्ताओं के पास जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस के अलावा पीएसी बल तथा पैरामिलिट्री फोर्स को भी तैनात किया गया जाएगा। तीनों पंडालों में ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और गणना की लाइव वेबकास्टिंग होगी, जिसे भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी देख सकेंगे। इसके अलावा मंडी परिसर के चारों तरफ 100 मीटर के दायरे में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिसका मंडी कार्यालय में कंट्रोल रूम बनेगा। इसके अलावा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी।

उपद्रवियों के लिए क्यूआरटी का भी गठन किया जाएगा, जो तत्काल एक्शन लेगी। मंडी परिसर में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था रहेगी तथा गर्मी से निजात दिलाने को कूलर भी लगाए जाएंगे।


मंडी परिसर में लगाया जा रहा टेंट। अमृत विचार

## अनुराग अध्यक्ष, अजीत व नसीर बने महामंत्री

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के जीटी रोड पूर्वी रेलवे क्रासिंग स्थित गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की संगठनात्मक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। इसमें नगर कमेटी का गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से अनुराग गुप्ता को नगर अध्यक्ष, अजीत वर्मा व नसीर अहमद को महामंत्री व अभिषेक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मनोनीत पदाधिकारियों का फूलमालाएं व पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। जिला महामंत्री सुशील दुबे ने कहा कि संगठन लगातार व्यापारियों के हित व सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है। व्यापारियों को भी एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना चाहिए।

बैठक में प्रकाश चंद्र अग्रवाल, रतन गुप्ता, संजीव गुप्ता संजू, राम कुमार पाठक, मोहित गुप्ता, ब्रजेश कौशल, दीपक गुप्ता, भूरा कठेरिया, दयाशंकर कटियार, सुशील राठौर, केके राजपूत, टिंकू बाथम, श्याम जी दुबे, मानव गुप्ता, हर्ष गुप्ता, अमरदीप मिश्रा, राजा कौशल, संजीव गुप्ता टीटू, सिद्धार्थ गुप्ता, कंचन गुप्ता, सुमित गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।


पटका पहनाकर अजीत वर्मा का स्वागत करते संजू गुप्ता। अमृत विचार

## हादसे में पिता की मौत, पुत्र सहित तीन घायल

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

- पुत्र व रिश्तेदार के साथ दवा लेने जाते समय हुई दुर्घटना

**अमृत विचार।** बाइकों की टक्कर में पिता की मौत हो गई जबकि मृतक के पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।


देवेन्द्र।


मयंक।

मैनपुरी के थाना बरनाल मोहल्ला जाटवन नगर निवासी देवेंद्र (55) पुत्र मयंक (22), रिश्तेदार वीरेंद्र सिंह (62) निवासी खिमाउ नगला थाना करहल के साथ बाइक से तालग्राम के ग्राम उमरपुर में पथरी की दवा लेने आए थे। शनिवार को दवा लेकर लौटते समय ग्राम भीकमपुर के निकट सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में देवेंद्र की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा पुत्र मयंक व रिश्तेदार वीरेंद्र सहित दूसरी बाइक के सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मयंक व वीरेंद्र को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। दूसरी बाइक पर सवार घायल को परिजन पहले ही अस्पताल लेकर चले गए। तीसरे घायल का लाखन नाम बताया जा रहा है।

### तेज बुखार से अधेड़ की मौत

**छिबरामऊ।** कस्बा विशुनगढ़ निवासी लज्जाराम पुत्र तिलक सिंह अपनी पत्नी बच्चों के साथ किराए के मकान में रहकर अपना जीवनयापन कर रहे थे। शनिवार को तेज बुखार आने पर पत्नी गीता देवी सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंची। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी तथा ठह बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


अस्पताल में रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

## ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में मारी टक्कर एक हुआ घायल

**जसोदा, कन्नौज।** हाईवे का सामान लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में तेज गति से आ रहे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर चालक घायल हो गया।

शनिवार की दोपहर हाईवे स्थित जेवा टोल प्लाजा के निकट गुरसहायगंज की ओर से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जारेदार टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर चालक गुरमीत सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी जिला रामपुर गंभीर रूप से घायल हो गया।

ट्रैक्टर चालक हाईवे का सामान लाद कर टोल प्लाजा की ओर जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को यूपीडा एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रैक्टर ट्राली व ट्रक को हाईवे से हटाकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## छात्र बन कर किराये पर रह रहे चार चोर दबोचे गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- चोरी का सामान बरामद किया, दिन में रेकी कर रात में करते थे वारदात

**अमृत विचार।** एसओजी, सर्विलांस व तिर्वा पुलिस की संयुक्त टीम ने बीते माह तिर्वा कस्बे में एक मकान में हुई चोरी में चार चोरों को एक गांव से गिरफ्तार कर लिया। छात्र बनकर किराये पर रह रहे आरोपियों से चोरी का माल बरामद किया गया है।

एसपी अमित कुमार अनन्द व सीओ तिर्वा प्रियंका वाजपेई ने शनिवार को कार्यालय सभागार में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि तिर्वा के मोहल्ला अबंतीवाई नगर निवासी सर्वेश कुमार पुत्र राधेश्याम के यहां तीन मई की रात चोर घर में घुसकर एक लैपटाप, दो टेबलेट, 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए थे। इस संबंध में कोतवाली तिर्वा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसमें खुलासे के लिये तीन टीमों को लगाया था। एसओजी प्रभारी दरोगा कमल भाटी, प्रभारी सर्विलांस दरोगा पंकज कुमार की टीमों एवं निरीक्षक तिर्वा कोतवाली जयन्ती प्रसाद ने सटीक सूचना पर गांव सुख्खापुरवा पहुंचकर चारों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनसे चोरी का सामान बरामद किया गया। एसपी के अनुसार पकड़े गये आरोपियों ने अपने नाम विवेक कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी सुख्खापुरवा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज, शिवम कुमार उर्फ टाटा पुत्र रामगोपाल, करन सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासीगण ग्राम करसहा थाना ठठिया जनपद कन्नौज, अर्पित कुमार पुत्र उदय नारायण निवासी ग्राम सरसई (औसेर) थाना ठठिया जनपद कन्नौज बताए। एसपी ने बताया कि यह चारों दोस्त हैं और तिर्वा में किराये पर रहते थे। दिन के समय कस्बे में घूमते और रेकी करते। इसके बाद देर रात मकान में घुस कर नकदी, मोबाइल, लैपटाप के अलावा अन्य महंगे सामान पार कर देते। मोबाइल तीन से चार हजार में बेच देते थे। इनके पास से एक एचपी कम्पनी लैपटॉप, दो लावा कम्पनी टेबलेट, तीन मोबाइल फोन, 13500 रुपये नकद बरामद किये गये।


पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते एसपी, सीओ व आरोपियों के साथ खड़ी एसओजी। अमृत विचार

### चोरों को गिरफ्तार करने वाली टीम

- थाना तिर्वा टीम में प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद, दरोगा शैलेन्द्र कुमार, दरोगा देवी सहाय, हेड कांस्टेबल रामभरोसे। एसओजी व सर्विलांस टीम में एसओजी प्रभारी दरोगा कमल भाटी, प्रभारी सर्विलांस दरोगा पंकज कुमार हेड कांस्टेबल दुष्यन्त कुमार।

## दुपट्टे के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सौरिख।** कस्बे के मोहल्ला संजय नगर निवासी जमुनाप्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की रात रोज की तरह सब लोग सोने चले गए। कमरे में थोड़ी देर तक मोबाइल से बात करने की आवाज आती रही। उसके बाद पूरा परिवार सो गया था। सुबह पुत्र सुधांशू (19) ने कमरे का दरवाजा न खुलने पर दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुलने पर जंगले से झांककर देखा। अंदर पंखे के कुंडे में दुपट्टे से बेटे का शव लटक रहा था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बेटे का शव उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन सुधांशू की मौत का कारण स्पष्ट रूप से नहीं बता रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है युवक किसी लड़की से फोन पर बात करता था जिसके चलते कोई मामला हुआ है। घटना से मृतक की मां सुनीता देवी, एक भाई और चार बहनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## गैंगस्टर एक्ट में दोषी को आठ साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने सुनाई सजा, लगाया पांच हजार रुपये अर्थदंड

**अमृत विचार।** हत्या और हत्या का प्रयास जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले युवक को गैंगस्टर एक्ट में भी आठ साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। इससे पहले वह तीन हत्याओं में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा है। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि शहर के मोहल्ला अजयपाल रोड निवासी पवन गुप्ता व श्यामू गुप्ता पुत्रगण ब्रह्मप्रकाश गुप्ता के खिलाफ 24 मार्च 2004 को सदर कोतवाली में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक एसएन रॉय ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने 17 अगस्त 2006 को दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। उसी दौरान श्यामू पहलवान उर्फ श्यामसुंदर गुप्ता की मौत हो गई।

दोनों भाईयों ने सात मार्च 2004 को होली के दिन संजीव गुप्ता उर्फ टिंकू की गोली मारकर हत्या कर दी थी और इससे पहले 31 अक्टूबर 2002 को हैदर अली तथा 14 सितंबर 2002 को मोबीन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहीं, 13 सितंबर 1994 को पवन, श्यामू, राजेश व रामनिवास ने कल्लू नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसकी विवेचना सीआईडी द्वारा की गई थी। हत्या के इन मामलों में पवन को पहले ही आजीवन कारावास हो चुका है और वह जेल में है।

पुलिस ने इसी आधार पर डीएम के अनुमोदन के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से आठ गवाह पेश किए गए। शनिवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने पवन को जेल से तलब कर उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के अंतर्गत आठ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## बड़े भाई की हत्या में दो भाई दोषी करार दिए गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सोमवार को सुनाई जाएगी सजा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने फैसला किया सुरक्षित

**अमृत विचार।** भूमि विवाद में बड़े भाई को गोलियों छलनी कर देने वाले दो छोटे भाईयों को न्यायालय ने दोष सिद्ध करते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया है। सोमवार को दोनों को सजा सुनाई जाएगी। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार में भेज दिया गया। हत्या की यह घटना 2016 में विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में हुई थी। प्रकरण में मृतक की बेटी चश्मदीद गवाह बनी।

प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण चंद्रा ने बताया कि विशुनगढ़ थाना क्षेत्र लक्ष्मन नगला गांव में सुरेंद्र कुमार का उनके दोनों छोटे भाईयों धर्मेंद्र व भूरा से खेत के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। कई बार दोनों पक्षों में झगड़ा भी हुआ, जिसमें पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई भी की थी। 10 अगस्त 2016 को सुबह छह बजे के करीब सुरेंद्र शौच कर खेत से लौट रहे थे तो गांव के पास ही दोनों ने घेर कर गोली मारकर हत्या कर दी थी। सुरेंद्र की बेटी शिवानी ने आरोपियों को गोली चलाकर भागते हुए देख लिया था। मृतक की पत्नी गुड्डी देवी ने विशुनगढ़ थाने में देवरों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपियों को तमंचों समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दोनों आरोपी जमानत पर बाहर थे। शनिवार को सजा पर बहस हुई और जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने दोनों को हत्या में दोष सिद्ध करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया और न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि चश्मदीद बेटी शिवानी की गवाही अहम रही। सोमवार को जेल से तलब कर दोनों को सजा सुनाई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### युवक को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

**गुरसहायगंज।** ग्राम गौहनाखेड़ा निवासी हरीशचन्द्र पुत्र जागेश्वर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के दीपक पुत्र श्यामवीर तिवारी, मीना देवी पत्नी श्यामवीर, तन्नू, छोटू पुत्र रामवीर ने 31 मई की शाम लगभग 08 .30 बजे दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गालीगलौज कर महिला को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम मोहना निवासी माला देवी पत्नी राम लखन कुशवाहा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 31 मई की रात लगभग 09 बजे गाजियाबाद के विजय नगर निवासी जय सिंह कुशवाहा, शिव देवी, सम्राट शिवम पारिवारिक विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गालीगलौज की। मना करने पर घर में घुसकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र से उड़ाए रुपये

**जसोदा, कन्नौज।** शुक्रवार की रात चोरों ने जसोदा पुलिस चौकी के बाहर जीटी रोड पर स्थित हनुमान मंदिर का ताला काट दिया। इसके बाद मंदिर परिसर में प्रवेश कर दानपात्र में रखी लगभग 1500 रुपये की नकदी चोरी कर ली। सुबह मंदिर में पूजा करने पहुंचे स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


जसोदा स्थित हनुमान मंदिर।

### दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** बच्चों को डाटंने पड़ोसियों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना ठठिया के सुर्सी गांव निवासी अखिलेश पुत्र बुलाकी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार को वह आपने बच्चों को डांट रहा था। उसी समय उसके पड़ोसी आए और बोले कि रोज-रोज नौटंकी मत किया करो। जब उसने उनकी बातों का विरोध किया तो गुड्डू, बब्लू, कल्लू, नन्हे ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत हो गई। थाना ठठिया के हीरापुर्वा गांव निवासी रचित कुमार (18) पुत्र विनोद कुमार ने किसी बात से नाराज होकर शनिवार की सुबह घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगडने लगी तो उसके दादा ने उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पानी पीने को लेकर हुई मारपीट, वीडियो वायरल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गर्मी में राहत देने के लिए नगर पालिका द्वारा शहर में वाटर कूलर लगाए गए हैं। नगर के पीपल चौराहे पर लगे वाटर कूलर से पहले पानी पीने की बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई पर आ गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को अपने साथ कोतवाली ले जाकर पूछताछ की।

### ई रिक्शा पलटने से महिला घायल

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के गांव अल्हादादपुर निवासी कांती देवी पत्नी मुन्नू पाल (55) शनिवार सुबह ई रिक्शा से जा रही थी। जैसे ई रिक्शा ककरैया मोड़ पर पहुंचा अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे कांती रिक्शा के नीचे दब गई। राहगीरों ने रिक्शा को उठा कर उसे निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

जागरूकता | यूटीएस ऑन मोबाइल व आर-वॉलेट से अनारक्षित टिकट का दायरा बढ़ा

# ऑनलाइन रेलवे टिकट बिक्री में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अनारक्षित ऑनलाइन टिकट को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान का असर यह हुआ कि अब लोग मोबाइल फोन से एक क्लिक में टिकट खरीदने लगे हैं। रेलवे की मानें तो एक मई से 31 मई तक चलाए गए जागरूकता अभियान में ऑनलाइन टिकट बिक्री में दस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे टिकट विंडो पर भीड़ कम हुई है तो यात्री जल्दी टिकट के लिए एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) का भी प्रयोग कर रहे हैं।


रेलवे स्टेशन पर टीटीई को ऑनलाइन टिकट दिखाती महिला।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल द्वारा एक मई से 31 मई तक यूटीएस ऑन मोबाइल एप, आर-वॉलेट व एटीवीएम से टिकट लेने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया था। कन्नौज रेलवे स्टेशन पर भी वाणिज्य अधीक्षक वीके आनंद व प्रवर वाणिज्य अधीक्षक विश्वनाथ सिंह भदौरिया द्वारा प्रतिदिन यात्रियों को ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली की जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि इस प्रकार टिकट लेने से यात्रियों को सहूलियत होती है और टिकट विंडो पर लाइन में नहीं लगना पड़ता है। भीड़ से बचने के लिए यह एक सुरक्षित उपाय है, जिसमें यूपीआई (यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) के द्वारा भुगतान किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में खुले पैसों की भी समस्या नहीं आती है। एटीवीएम में क्यूआर कोड स्कैन कर आसानी से अनारक्षित टिकट प्राप्त की जा सकती है और उसका प्रिंट आउट भी निकाला जा सकता है, जबकि यूटीएस ऑन मोबाइल से टिकट को डाउनलोड किया जा सकता है।

- पूर्वोत्तर रेलवे ने 31 मई तक चलाया था जन जागरूकता अभियान

### छात्र कर रहे सबसे अधिक उपयोग

वाणिज्य अधीक्षक ने बताया कि प्रतिदिन कई छात्र कोचिंग पढ़ने के लिए कन्नौज से कानपुर जाते हैं। ये छात्र अपनी एमएसटी यूटीएस एप के माध्यम से खुद ही बना लेते हैं। कई छात्र प्रतिदिन ऑनलाइन टिकट बुक कर यात्रा करते हैं। इससे रेलवे को भी फायदा हो रहा है तो छात्रों को आर-वॉलेट से रिचार्ज करने पर तीन प्रतिशत का बोनस भी मिल रहा है। इसके अलावा करीब 45 प्रतिशत दैनिक यात्री भी ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं।



मई में जनजागरूकता अभियान के कारण ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली से बिक्री में दस प्रतिशत का इजाफा हुआ है। स्मार्ट फोन का उपयोग करने वाले अधिकतर यात्री यूटीएस ऑन मोबाइल से टिकट खरीदने लगे हैं। जुलाई तक यह आंकड़ा 50 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

–राजकुमार वर्मा, मंडल वाणिज्य निरीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे

## युवती समेत चार लोगों पर मारपीट छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज।** रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर युवती समेत चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना इंदरगढ़ के गांव निवासी महिला ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि वह 22 अप्रैल को दरवाजे पर बर्तन साफ कर रही थी। पुत्री पास में खाना खाने जा रही थी। उसी दौरान फतेहपुर गांव निवासी अंशे, टिंकू, रीता, पूजा घर पर आए और गाली देने लगे। जब विरोध किया तो मारपीट करने के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी पर न्याय न मिला। तब न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एक नजर

### बिजली विभाग की पेंशन अदालत 8 को

**अमृत विचार,लखनऊ :** बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पेंशन अदालत 8 जून को आयोजित होगी। हर तीन माह में आयोजित होने वाली पेंशन अदालत उप्र.पावर कारपोरेशन( यूपीपीसीएल) मुख्यालय शक्ति भवन समेत प्रदेश के सभी डिस्कॉम मुख्यालयों पर संपन्न होगी।

### वांछित अपराधी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विगत छह वर्ष से फरार चल रहा 50 हजार के इनामी अपराधी देवेंद्र प्रताप सिंह को शनिवार को एसटीएफ ने राजधानी के इंदिरानगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। देवेंद्र के खिलाफ अयोध्या, झांसी, उन्नाव, मैनपुरी, गाजियाबाद सहित कई जिलों के थानों में मुकदमें पंजीकृत है।

# खाते में भेजे जा सकते हैं गृहस्थी के रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़े पर 51 हजार रुपये किए जाते हैं खर्च**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या को गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले दस हजार रुपये भी सीधे खाते में भेजे जा सकते हैं। हालांकि इसका निर्णय शासन स्तर पर होना है। जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव पारित हो सकता है।

बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कुछ जिलों से गड़बड़ियों की बात सामने आई थीं। बलिया में विवाह कर चुके व्यक्ति को भी लाभार्थी दिखाया गया था। साथ ही एक कन्या को बिना विवाह के ही योजना में शामिल किया गया था। मामले का खुलासा होने पर एक अधिकारी को निलंबित किया गया था। जबकि आठ अपात्र लाभार्थियों समेत नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। योजना में फर्जीवाड़े की शिकायतें आने के बाद ही तय किया गया कि वर और वधु-पक्ष के पास-पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। पड़ोस के लोग प्रमाणित करेंगे कि वर या वधु का विवाह नहीं हुआ है। गवाही देने वालों के नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज किया जाएगा। गवाही होने के बाद ही आवेदनकर्ता के आवेदन पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### दिया जाता है गृहस्थी का सामान

एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधु के खाते में जमा होते हैं जबकि दस हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। छह हजार रुपये आयोजन के मद में खर्च किए जाते हैं। सूत्रों की मानें तो अब गृहस्थी के सामान की जगह दस हजार रुपये की धनराशि भी कन्या के खाते में भेजने पर विचार किया जा रहा है। आचार संहिता खत्म होने के बाद जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में अगर इसकी स्वीकृति मिलती है तो लागू किया जाएगा।

# गुरु जी हल करेंगे छात्रों के भविष्य के सवाल

**94** आश्रम पद्धति विद्यालय में सहायक अध्यापक और प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर होगी नियुक्ति

**280** प्रवक्ता के और 373 सहायक अध्यापक के पद विद्यालयों में हैं रिक्त

आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति करने की है तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाज कल्याण निदेशालय के अधीन संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में गुरुजनों का अभाव है, इसलिए छात्रों को आशीर्वाद नहीं मिल पा रहा है। आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों के 653 पद खाली हैं। साथ ही कई जगह प्राचार्य भी नहीं हैं और कार्यवाहक के भरोसे विद्यालय चल रहा है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो सकती है। जिसके बाद गुरु जी छात्रों के



▶▶ **विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं अध्यनरत**

भविष्य को सवांरने के लिए उनके सवालों को हल करने में मदद करेंगे।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में

> आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों की कमी है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रयास होगा कि जुलाई तक सभी पदों पर नियुक्ति हो जाए ताकि छात्र-छात्राओं को और बेहतर शिक्षा मिल सके। **-कुमार प्रशांत,** निदेशक, समाज कल्याण

लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश की व्यवस्था है। छात्र-छात्राओं को निशुल्क छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें और यूनिफार्म आदि की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है। 94 विद्यालयों में 40 सीबीएसई और 54 माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबंद्ध हैं। 32 हजार छात्र-छात्राओं के लिए प्रवक्ता के 930 और सहायक अध्यापक के 930 पद स्वीकृत हैं और इनके सापेक्ष 650 प्रवक्ता और 557 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापक के 373 पद खाली पड़े हैं।

# अंतिम चरण में भी चली सत्तापक्ष-विपक्ष में खींचतान

## वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का रहा दौर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **कहीं पीठासीन अधिकारी तो कहीं पुलिस कर्मियों पर लगे आरोप**

▶▶ **वाराणसी से कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय ने लगाया नेताओं को नजरबंद करने का आरोप**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के दौरान भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चुनावी व्यवस्थाओं को लेकर खींचतान चलती रही। शनिवार को उप्र. की 13 सीट के लिए चुनाव संपन्न हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से आरोपों का दौर रहा। भाजपा की तरफ से इन सभी आरोपों का खंडन करते हुए उल्टा कई क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं पर ही अभ्रदता का आरोप लगाया।

मतदान के बीच उप्र. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व वाराणसी लोस. सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजरबंद कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अजय राय ने लिखा, वाराणसी लोस. में प्रशासन द्वारा इंडी गठबंधन के नेताओं, कार्यकर्ताओं को घर पर नज़रबंद करके मतदान को प्रभवित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लिखा, चुनाव आयोग कृपया यह संज्ञान ले कि हमारे गठबंधन के लोगों को चिन्हित करके ऐसा क्यों किया जा रहा है?

वहीं, देवरिया में सपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि वहां की तमकुही राज विधानसभा में बूथ संख्या 86 पर थाना अध्यक्ष द्वारा सपा बूथ एजेंट को बाहर कर दिया गया है। साथ ही फर्जी मतदान की आशंका है। वहीं सपा की एक एक्स पोस्ट सामने आयी जिसमें आरोप लगाया है कि मिर्जापुर लोकसभा के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 381 पर पीठासीन अधिकारी द्वारा भाजपा के पक्ष में स्वयं ही मतदान किया जा रहा है।

यह भी आरोप लगाया गया कि मिर्जापुर सीट के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 77, 78, 79 पर चौकी इंचार्ज द्वारा भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सपा के सेक्टर इंचार्ज और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गई है।

### सपा प्रमुख ने भी की शिकायत

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए दावा किया कि भाजपा की पराजय की पटकथा लिखने के साथ ही मतदाताओं ने सत्ता में आने का मार्ग सपा और इंडी गठबंधन के लिए प्रशस्त कर दिया। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी एक संदेश में कहा कि अंतिम चरण के चुनाव में सत्ता के बल पर मतदाताओं को डराने धमकाने, मतदान में बाधा डालने के साथ पोलिंग एजेंट को धमकाने या भगा देने की तमाम शिकायतें भाजपा के खिलाफ दर्ज हुई हैं। उन्होंने सवाल किया कि मिर्जापुर छानवे विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 430, 431 पर प्रशासन ने सीसीटीवी क्यों बंद करा दिया? धीमी गति से मतदान के खिलाफ आवाज उठाने पर पडरौना में पूर्व प्रधान को गिरफ्तार करा दिया गया। बलिया में भी खराब ईवीएम में मतदान कराया गया।



भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पलटवार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक पर प्रतिक्रिया दी कि वहां हार का ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम, सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग और चुनाव आयोग की भूमिका को घेरने के लिए चर्चा हुई है। शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं में साहस की कमी रही, इस कारण राहुल गांधी और अखिलेश यादव सभी 80 लोकसभा सीटों पर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाये। उन्होंने कहा कि चुनाव में जिस तरह से विपक्षी गठबंधन ने बंटवारे की राजनीति की, निम्न स्तर पर उतर कर भाषाई मर्यादायें लांघीं, उसका जवाब जनता ने भाजपा के समर्थन में मतदान करके दिया।

# लखनऊ जोन से समाप्त हुए अंतर्राज्यीय अपराधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **एससीआरबी की रिकॉर्ड में अंतर्राज्यीय माफिया का कॉलम हुआ खाली**

▶▶ **नए गिरोहों का पता लगाकर पंजीकृत कर कार्रवाई कर रही पुलिस**

**अमृत विचारः** लखनऊ जोन से अब अंतर्राज्यीय अपराधियों का उन्मूलन हो चुका है। इस वर्ष अंतर्राज्यीय अपराधी के तौर पर किसी पर कार्रवाई नहीं की गई। अंतर्राज्यीय अपराधी का निर्धारण करने वाले स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो का कॉलम खाली है। वहीं अगर जिलास्तरीय अपराधियों की बात की जाए तो पूरे जोन में यह संख्या 1654 हैं, जबकि अंतर्जनपदीय अपराधियों की संख्या 25 और अंतर्परिक्षेत्रीय अपराधियों की संख्या 58 है।

यह पहली बार है कि जोन में एक भी अंतर्राज्यीय अपराधी बचा है। पुलिस विभाग इसे अपनी बड़ी सफलता मानते हुए अब अंतर्परिक्षेत्रीय श्रेणी के अपराधियों के समापन पर जुटा है। विभाग ने पूरे जोन से इस श्रेणी के 58 अफराधियों पर कार्रवाई करने पर जुटा है। इस श्रेणी के सभी अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। इन अपराधियों की पूरी कुंडली पुलिस के पास मौजूद है। लगभग सभी जेल में बंद हैं। इनके खिलाफ इनकी संपत्तियों के जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी चल रही है। अंतर्परिक्षेत्रीय अपराधियों की सर्वाधिक संख्या बाराबंकी में है। यहां पर इस श्रेणी के 26 अपराधी हैं जबकि रायबरेली में 22 अपराधी सक्रिय थे। अंबेडकरनगर और सुल्तानपुर में इस श्रेणी के एक भी अपराधी सक्रिय नहीं है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि अंतर्जनपदीय और अंतर्परिक्षेत्रीय अपराधियों के गिरोह के कई सदस्य पर पुलिस जल्द ही बड़ी कार्रवाई करेगी।

### सीतापुर, रायबरेली से दो-दो, खीरी से एक गैंग हुआ पंजीकृत

एक तरफ जहां पुलिस अपराधियों के उन्मूलन में जुटी है, वहीं नए-नए गैंगों का भी पता लगाकर उसका पंजीकरण भी कर रही है, ताकि कार्रवाई चलती रहे। इस वर्ष पुलिस ने पांच नए गैंग को पंजीकृत किया है। पहला गैंग लखीमपुर खीरी जनपद में पंजीकृत हुआ है। इस गैंग का सरगना जाबिर अंसारी पुत्र सुल्तान अंसारी है। इस गैंग में सात सदस्य हैं। वहीं दूसरा गैंग रायबरेली के थाना शिवगढ़ से जुड़ा है। इस गैंग का सरगना विजय सिंह है और बड़े पैमाने पर अवैध शस्त्र निर्माण का कार्य करता है। तीसरा गैंग भी रायबरेली से ही पंजीकृत हुआ है। यहां के सलोन थाना क्षेत्र में वांछित मनोज कुमार सरोज उर्फ नान का गैंग चौरी और नकबजनी में सक्रिय है। जबकि, सीतापुर से दो गैंग पंजीकृत हुए हैं। इस में एक नितिन उर्फ पहाड़ी का गैंग है जो मोबाइल और अन्य उपकरणों की चोरी को लेकर सक्रिय है और दूसरा संतोष कुमार पाठक का गैंग है जो की ऑनलाइन फ्राड आदि के लिए सक्रिय है।

# राहत कार्य की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भेजें, लापरवाही नहीं बर्दाश्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▶▶ **मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी और हीट वेव को लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और हीटवेव से हो रही जनहानि व पशुहानि की विशेष मॉनीटरिंग करने के साथ हर हफ्ते रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यकाल में जमा करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री का मूड भांपकर अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मौसम की मार से हो रहे नुकसान और राहत कार्यों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हीट वेव को लेकर लोकभवन में शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिये कि संवेदनशील जिलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का प्रबंध किया जाए। योगी ने अधिकारियों से कहा कि भीषण गर्मी को लेकर राहत कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अति संवेदनशील शहरों में विशेष निगरानी

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मौसम को देखते हुए हर जिले में लगातार काम किया जा रहा है। तहसील स्तर पर प्रदेशवासियों को हीट वेव से अलर्ट करने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग की ओर से अति संवेदनशील शहरों में विशेष निगरानी की जा रही है। इन शहरों में जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम फील्ड में लगातार मुआयना कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए 21 तरह की जनहानियों को प्राकृतिक आपदा में शामिल किया गया। वहीं इसके 24 घंटे में भुगतान के लिये सभी जिलों को एडवांस धनराशि जारी कर दी जाती है ताकि इस तरह की स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। इसके अलावा हीटवेव से संबंधित कोई भी संकेत नजर आने पर विभाग की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की अपील की जा रही है ताकि उनका समुचित इलाज कराया जा सके। साथ ही हीटवेव पर जनहानि पर 4 लाख का मुआवजा देने का प्रावधान है।

# हीट वेव के चलते समरकैंप का नहीं होगा आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊः** मौजूदा समय में जानलेवा हीट वेव को देखते हुए कक्षा एक से 12 तक सभी स्कूलों में समर कैंप के आयोजन का निर्णय अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी कर दिया है। शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गतिविधियों का संचालन और समर कैंप के आयोजन के निर्देश थे जिसके क्रम में सभी विद्यालयों में भी 5 जून से 12 जून तक समर कैंप के आयोजन का आदेश दिया गया था, लेकिन अब अत्यधिक गर्मी के कारण समर कैम्प का आयोजन अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

**आगे लिया जायेगा निर्णयः** अधिकारियों ने बताया कि अभी हीटवेव के चलते आदेश स्थगित किया गया है। अगले एक दो सप्ताह में जैसे ही स्थिति सामान्य होगी तब फिर से समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए जायेंगे।

# गंगाजल की गुणवत्ता सुधरी, डॉल्फिन और कछुओं की आबादी बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** नमामि गंगे का दूसरा चरण पूरा होने पर गंगा में प्रदूषण का स्तर तो कम होगा ही जलधारा भी निर्मल होगी। यही नहीं सीवरेज क्षमता में भी 3,108 एमएलडी तक की अभूतपूर्व वृद्धि होगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा गंगा नदी में प्रदूषण पर केंद्रित एक रिपोर्ट जल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार को इशारा करती है। ऐसे में गंगा नदी में डॉल्फ़िन, ऊदबिलाव और कछुओं की आबादी भी बढ़ी है।

सीपीसीबी की रिपोर्ट की मानें तो बॉयोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) की मात्रा मानक के अनुसार पायी गई। इससे स्पष्ट होता है कि नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर भी निर्धारित मानकों के भीतर है।

दरअसल, नमामि गंगे योजना 2014 में शुरू हुई थी। इसके तहत गंगा समेत इसकी सहायक नदियों में प्रदूषण कम करने और सीवरेज क्षमता बढ़ाने पर खासा ध्यान दिया गया। इसी को



▶▶ **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गंगा नदी में प्रदूषण पर केंद्रित एक रिपोर्ट में दावा**

लेकर अब आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर और सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट एंड स्टडीज (सी-गंगा) के संस्थापक डॉ. विनोद तारे ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सीवेज उपचार के लिए अपनाई गई सभी तकनीकें निर्धारित मानकों के अनुसार फेकल कोलीफॉर्म का उपचार करने में सक्षम हैं।

डॉ. विनोद तारे ने बताया कि अभियान के परिणामस्वरूप गंगा बेसिन के भीतर जलीय जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा बेहतर जल गुणवत्ता और सीवरेज बुनियादी ढांचे में सुधार ने नदी में जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

## वर्ग पहेली-88

**बाएं से दाएं**

2.1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।

4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।

5.1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।

8. सार्वजनिक इमारतों

10.1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहाँ चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।

3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।

6.1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।

7.1. कठिनता से घुसना।

9.1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।



### वर्ग पहेली -87 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## सुडोकू -1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 4 | 8 | | |
| 5 | | 9 | | | 3 | | 6 | |
| | 3 | | 9 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | | | | 9 | | 2 |
| 3 | 9 | | | | | | 1 | 7 |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | 2 | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | 5 | | | | | 9 |

### सुडोकू -166 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 3 जून 02 .41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** – आज भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। लोग आपको गुस्सा दिलाने का प्रयास करेंगे। गुप्त शत्रु आपको काफी लंबा नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। ऋण लेने के कारण आपको परेशानी महसूस होगी।

**वृष** – आज परिवार का माहौल बहुत अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी में आय बढ़ने की संभावना बन रही है। बच्चों को लेकर कोई समस्या दूर होगी। परिस्थितियों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज प्रबंधन से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। परिजन आपसे किसी गंभीर मामले पर चर्चा कर सकते हैं। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मन में किसी बात को लेकर असुरक्षा हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – आज घर के बुजुर्ग आपसे काफी खुश रहेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। धूप में निकलने से बचें। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। प्राचीन विद्याओं को सीखने की रुचि मन में हो सकती है।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में डाटा अथवा सूचनाओं में त्रुटियां हो सकती हैं। अपने कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी क्षमता से ज्यादा काम न करें। इससे एक तो आपके काम रुकेंगे दूसरा आपकी विश्वसनीयता में भारी कमी आ सकती है।

**कन्या** – आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। नए कार्यों की शुरुआत की योजना बना सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला** – आज अपने विरोधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखना आवश्यक है। किसी अपरिचित व्यक्ति से आपको काफी मदद मिल सकती है। आप जॉब को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मन में अज्ञात भय रहेगा। स्थान परिवर्तन को लेकर परिवार में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक** – आज व्यापारी अपने ग्राहकों को लेकर थोड़े कठोर हो सकते हैं। स्वार्थी भाव रखने के कारण कुछ लोग आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक मामलों को तूल न दें। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु** – आज व्यक्तिगत कार्यों के लिए आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। घर के सदस्य भी असंतुष्ट हो सकते हैं। अपने घर की चर्चा बाहर वाले लोगों से करना उचित नहीं होगा। विरोधी आपका नुकसान करने की योजना बना सकते हैं।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। यदि आप अपने प्रेमी को विवाह के लिए प्रपोज करना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। संतान की उन्नति पर गर्व होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आपका प्रभाव मजबूत होगा।

**कुंभ** – आज आप कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क करना चाहेंगे,किंतु ध्यान रखें गुप्त बातों को शेयर न करें। अनिर्णय की स्थिति में हैं तो अपने मित्रों से सहयोग ले सकते हैं। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया न करें। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे।

**मीन** – आज घर पर रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति पर निवेश करने के लिए समय शुभ है। नया कारोबार शुरू करने में सहयोगियों की मदद मिलेगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। कुछ अच्छी सूचनाएं मिलने से आपकी चिंता दूर होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 3 जून 01 .40 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | लोहा | सुबह : 09 .23 |
| B4U Movies | गुरुदेव | शाम : 04 .26 |
| Sony Max | आजा नचले | सुबह : 09 .50 |
| Sony Max | हर दिल जो प्यार करेगा | शाम : 06 .00 |
| Sony Pix | स्पाइडर मैन | सुबह : 10 .29 |
| Sony Pix | द अनहोली | रात : 07 .26 |
| Zee Cinema | रॉकस्टार | सुबह : 10 .00 |
| Zee Cinema | आप तो ऐसे न थे | रात : 07 .20 |
| Colors Cineplex | जॉनी दुश्मन | दोपहर : 12 .05 |
| Colors Cineplex | स्पाई | रात : 07 .58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम : 06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां- बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है?
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- भाई समोसा खाएगा?
मिंटू- नहीं ,आज मेरा व्रत है।
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है।
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना

## मतदान जागरूकता की निकली सवारी...




लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान के दौरान शनिवार को पटना में मतदाता मतदान जागरूकता संबंधी नारे लिखे रिक्शे पर सवार होकर जातीं महिलाएं। ● एजेंसी

### न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का किया पुनर्गठन

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्यीय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं।

# मृत्यु से पहले दिया गया प्रामाणिक बयान दोषसिद्धि का हो सकता है एकमात्र आधार

## कांस्टेबल की पत्नी की हत्या का मामलाः सजा बरकरार रखते हुए न्यायालय ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालत को विश्वास दिला सकने वाले 'मृत्यु-पूर्व प्रामाणिक बयान' पर भरोसा किया जा सकता है और यह बिना किसी पुष्टि के किसी आरोपी को दोषी ठहराने का एकमात्र आधार हो सकता है। महाराष्ट्र के बीड जिले में 22 साल पहले पुलिस कांस्टेबल पत्नी की हत्या के मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की सजा बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

अदालत की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार न्यायालय ने कहा कि अदालत को मृत्यु-पूर्व बयान की सावधानीपूर्वक पड़ताल करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सुसंगत एवं विश्वसनीय हो तथा किसी के सिखाने पर न दिया गया हो। इसने कहा-जब मृत्यु-पूर्व दिया गया बयान प्रामाणिक और अदालत को विश्वास दिला सकने वाला हो तो उस पर भरोसा किया जा सकता है तथा यह बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा-हालांकि, इस तरह के मृत्यु-पूर्व बयान को स्वीकार करने से पहले अदालत को संतुष्ट होना चाहिए कि यह स्वेच्छा से दिया गया है, सुसंगत और विश्वसनीय है तथा किसी के सिखाने पर नहीं दिया गया है। एक बार जब इस तरह के निष्कर्ष पर पहुंच लिया जाए तो जैसा कि पहले भी कहा गया है कि यह सजा का एकमात्र आधार बन सकता है। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि महिला के साथ उसके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने क्रूरता की थी। उसके हाथ-पैर बांधकर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई।



### फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने भी रखा था बरकरार

निचली अदालत ने 2008 में पति को हत्या के मामले में दोषी ठहराया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी तथा 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने महिला के मृत्यु-पूर्व बयान को वैध सबूत के रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सबूतों पर गौर करने के बाद इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि अपीलकर्ता अपराध करने का दोषी है। इसने कहा कि अपीलकर्ता को अपनी सजा पूरी करने के लिए दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है।

## एक नजर

### पंजाब में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के अजनाला में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता दीपिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और इस घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर अजनाला के लखुवाल गांव में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। अजनाला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बलबीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात जब कुछ लोग घर के बाहर बैठे थे उस दौरान यह घटना हुई।

### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में कल देर रात आग लग गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आग पुलिस उपायुक्त कार्यालय तक फैल गयी जो थाना परिसर के समीप ही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12:45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आयी जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन थाने के 15 कमरे एवं पुलिस बैरक आग में क्षतिग्रस्त हो गए।

## अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 3 जून को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को राष्ट्रीय राजधानी के लिए जारी करे, ताकि यहां का जल संकट दूर किया जा सके। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा मामले की सुनवाई किये जाने की संभावना है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया है।

## मोदी ने बेटी बचाओ... का नारा दिया, पर प्रज्वल पर चुप्पी नहीं तोड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कांग्रेस की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने उठाया सवाल

कांग्रेस ने यौन शोषण मामले में कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए राज्य सरकार को बधाई देते हुए शनिवार को इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी को लेकर सवाल खड़े किए।

पार्टी की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा जरूर दिया, लेकिन इस संगीन मामले पर अब तक वह कुछ नहीं बोले और यहां तक कि आरोपी सांसद के लिए लोकसभा चुनाव में वोट भी मांगे। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने प्रज्वल को गिरफ्तार किया है। लांबा ने संवाददाताओं से कहा-हम कर्नाटक सरकार को बधाई देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने प्रज्वल रेवन्ना पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है।

## अदालत ने राहुल गांधी को 7 जून को पेश होने का दिया निर्देश

**मानहानि मामला**

● कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व शिवकुमार को दी जमानत

**बेंगलुरु, एजेंसी**



भाजपा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को सात जून को अदालत में पेश होने को कहा गया है।

कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था। सिद्धरमैया और शिवकुमार बेंगलुरू में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं।

कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नयी दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी में पूरी की ध्यान साधना

**कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की।

ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गए और बाद में वह तट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मोदी ने 30 मई को यहां पहुंचने पर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय सूर्य अर्घ्य दिया। सूर्य अर्घ्य के तहत भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। ध्यान साधना के लिए प्रधानमंत्री की कन्याकुमारी यात्रा का तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने विरोध किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कन्याकुमारी में तिरुवल्लुवर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने आरोप लगाया कि पर्यटकों को उस क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे स्थानीय व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थगई ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा-कोई व्यक्ति 14 कैमरों के सामने बैठकर ध्यान कैसे कर सकता है? क्या यह ध्यान है? यह ध्यान साधना चुनावी राजनीति को ध्यान में रखकर की गई है। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।

### कटरा में तंबाकू की बिक्री, रखने और सेवन करने पर लगी रोक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के पवित्र कटरा शहर के उप-मंडल में प्रशासन ने सभी तरह के तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने, रखने और सेवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शनिवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, कटरा शहर श्री माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है और हर साल एक करोड़ से अधिक लोग यहां आते हैं। कटरा शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए कटरा शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री करने, रखने और सेवन पर पहले से ही प्रतिबंध है और अब तंबाकू पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7900-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17500-17600 |
| अरहरस्पेशल1 | 14800-14900 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8600-9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# शीर्ष 100 कंपनियां अफवाहों की बताएंगी सच्चाई

## सेबी का यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए भी होगा लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा।

सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि सेबी की यह पहल अफवाह सत्यापन ढांचे को मजबूत करने और एक निष्पक्ष बाजार हासिल करने में मदद करेगी। इससे भारत दुनिया भर के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा बाजार बन जाएगा।



बाजार की अफवाहें स्टॉक की कीमतों में महत्वपूर्ण अस्थिरता का कारण बन सकती हैं, जिससे अक्सर ऐसे लेनदेन होते हैं जो किसी कंपनी के वास्तविक मूल्य को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। ये अफवाहें प्रबंधन परिवर्तन, ऑर्डर रद्दीकरण या वित्तीय स्वास्थ्य से जुड़ी हो सकती हैं।

### शेयरचैट, अन्य ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर आईएएमएआई की दलीलों का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मैट्रिमोनी डॉट कॉम और शेयरचैट उन चार कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि वे डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर उद्योग निकाय आईएएमएआई की दलीलों से सहमत नहीं हैं। गौरतलब है कि चारों कंपनियां आईएएमएआई की सदस्य हैं। इनका दावा है कि आईएएमएआई की दलीलें पूरे डिजिटल स्टार्टअप इकोसिस्टम या 540 से अधिक इसके सदस्यों की राय को नहीं दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के केवल एक छोटे से हिस्से ने मसौदा डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक (डीसीबी) के पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध और पश्चात नियमन व्यवस्था को जारी रखने से स्थापित खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और नवाचार को दबाने का मौका मिलेगा। पूर्व नियमन से तात्पर्य ऐसे नियमों से है, जो बड़े मंचों को कुछ खास तरह के आचरण में शामिल होने से पहले ही रोक देते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में कॉरपोरेट मामलों के सचिव मनोज गोविल को भेजे गए पत्र पर मैट्रिमोनी डॉट कॉम के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन, होइचोई के सह-संस्थापक विष्णु मोहा, मैच ग्रुप के अधिकारी मॉर्गन कॉविन आदि ने हस्ताक्षर किए थे।

### तिलहन और दलहन फसलों में उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता

**उदयपुर।** राजस्थान में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है।

डॉ कर्नाटक ने यह विचार यह तिलहनी फसलों में अनुसंधान को गति प्रदान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि एमपीयूएटी ने कहा कि हमारे राष्ट्र ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है, लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है।

## यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों का समाधान नहीं है वर्क फ्रॉम होमः चंद्रशेखरन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● टीसीएस के चेयरमैन ने कहा-लोगों को शिक्षित करने की है जरूरत

देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों से बचने के लिए घर से काम करना (वर्क फ्रॉम होम) कोई समाधान नहीं है। इसकी बजाय इस मामले में लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान टीसीएस कर्मचारियों द्वारा रिपोर्ट की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों की कुल संख्या 110 रही जो पिछले वर्ष 49 थी। हालांकि, आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि 2023-24 के आंकड़ों में कर्मचारियों की ओर से विश्व स्तर पर रिपोर्ट किए गए आंकड़े शामिल हैं जबकि 2022-23 के आंकड़े भारतीय परिचालन से जुड़े हैं।



टीसीएस में 152 देशों के 6,01,546 कर्मचारी काम करते हैं, इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी 35.6% है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में एक शेयरधारक की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस जैसी बड़ी कंपनी में ऐसे मामलों की इतनी संख्या हो सकती है। आगे उन्होने कहा कि ऐसे मामलों का सामधान वर्क फ्राम होम से नहीं बल्कि लोगों को शिक्षित करने से ही संभव है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,900 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

## अडाणी पोर्ट ने तंजानिया का प्रमुख कंटेनर बंदरगाह 30 साल के लिए लिया

**अहमदाबाद / अबू धाबी, एजेंसी**

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के पूर्ण स्वामित्व की कंपनी अडाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाहर में कंटेनर टर्मिनल-2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडाणी पोर्ट्स की एक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया, दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है। चार बर्थ वाले कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक माल लादने-उतारने की क्षमता 10 लाख कंटेन (20फुटे कंटेनर) है। इस टर्मिनल से 2023 में 8.2 लाख कंटेनरों की आवाजाही हुई थी जो तंजानिया में कुल कंटेनर की आवा-जाही का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है। ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईगल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है।

### कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटकर 5,200 रुपये प्रति टन

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 5,700 रुपये से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दरें एक जून से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। यह कर ऊर्जा कंपनियों के मुनाफे पर लगाया जाता है।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री चुनावों के कारण रही धीमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● मारुति और हुंदै मोटर इंडिया के वाहनों के बिक्री में थोड़ी रही बढ़ोत्तरी

भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मई में मामूली वृद्धि देखी गई। इसका कारण उच्च आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण मांग में कमी रहा। कंपनियों से डीलरों तक कुल यात्री वाहन आपूर्ति पिछले महीने चार प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,50,257 लाख इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,35,436 इकाई था।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में कुल बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी। कंपनी ने पिछले महीने शुरुआती स्तर की और कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में सालाना आधार पर गिरावट देखी। बहुपयोगी वाहनों- ब्रेजा, ग्रैंड विटारा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 की बिक्री मई में बढ़कर 54,204 इकाई हो गई, जो मई, 2023 में 46,243 इकाई थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा-इस बात पर चर्चा हुई है कि इस साल वृद्धि दर बहुत अधिक नहीं होगी। उच्च आधार प्रभाव के कारण यह एकल अंक में रहेगी। दूसरी बात, चुनाव थे और भीषण गर्मी का भी मई में कुल बिक्री पर असर पड़ा। कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी। इसकी प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) की मई में घरेलू वाहन बिक्री में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई।



# बाइडेन का दावा- इजराइल ने सीजफायर प्रस्ताव स्वीकारा

वाशिंगटन, एजेंसी

- कहा-अब जंग रोकने का वक्त आ गया, हमास में इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को दावा किया कि इजराइल ने एक नए सीजफायर प्लान को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइडेन ने कहा कि हमास अब इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं रखता है। इजराइल ने कहा है कि वो सभी बंधकों की रिहाई के बदले जंग खत्म करने को तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बीच इजराइल का समर्थन करने पर बाइडेन की काफी आलोचना हो रही है। इस बीच व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम से उन्होंने कहा, अब जंग खत्म करने का वक्त आ गया है। बाइडेन ने कहा कि इजराइल ने जंग रोकने के लिए प्रोपोजल दिया है। हमास भी सीजफायर की मांग कर रहा है। यही वक्त है कि वो ये साबित कर दें कि वे सच में सीजफायर के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक हमास-इजराइल के बीच किसी भी तरह की सीजफायर बाइडेन की चुनावी कैंपेन में अहम भूमिका निभाएगी। ये उनकी फिकी पड़ती चुनावी कैंपेन को नया जीवनदान देगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस बात की भी काफी संभावनाएं हैं कि नेतन्याहू सीजफायर की बात से मुकर जाएं।

# अफगानिस्तान में नाव दुर्घटना में आठ की मौत, पांच लापता

**जलालाबाद।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार की एक नदी में शनिवार को नाव पलट जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य लापता हो गये । एक स्थानीय अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

प्रांतीय सूचना विभाग के प्रमुख कुरैशी बडलून ने बताया कि दुर्घटना शनिवार सुबह हुई, जब नाव मोमंद दारा जिले के बसोल इलाके में नदी पार करते समय डूब गयी। उन्होंने बताया कि नाव में 26 लोग सवार थे। श्री बडलून ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की डूबने से मौत हो गयी। नाव में सवार 13 लोगों को बचा लिया गया, जबकि पांच अन्य लापता हैं। यात्रियों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। उन्होंने बताया कि अब तक आठ शव बरामद किये गये हैं।लापता लोगों की तलाश जारी है।

# किशोरावस्था में धूम्रपान की लत मौत को निमंत्रण



विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग तीन करोड़ 70 लाख बच्चे तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। 2023 में, ई-सिगरेट अमेरिका में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.7% मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों ने ई-सिगरेट के उपयोग की सूचना दी थी। सिगरेट अगला सबसे आम था, 1.6% माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने में इसका सेवन किया था। शोध से पता चलता है कि ज्यादातर लोग तंबाकू का सेवन बचपन से ही शुरू कर देते हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय में सामाजिक और व्यवहार विज्ञन के एसोसिएट प्रोफेसर जॉन-पैट्रिक अल्लेम ने कहा मैं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हूं जो उन विभिन्न तरीकों का अध्ययन करता है जिनसे निगम किशोर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, वर्तमान परियोजनाएं किशोरों और युवा वयस्कों के बीच तंबाकू मार्केटिंग के जोखिम के स्त्रोतों की पहचान करने पर केंद्रित हैं।

### धूम्रपान दिमाग पर डालता है असर, हर अंग के लिए हानिकारक

धूम्रपान मानव शरीर के हर अंग के लिए हानिकारक है और अन्य समस्याओं के अलावा कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग का कारण माना जाता है। ई-सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों में मौजूद निकोटीन, किशोरों के मस्तिष्क के विकास के लिए हानिकारक है। किशोर मस्तिष्क प्रारंभिक वयस्कता में विकसित होता है, विशेकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में। मस्तिष्क का यह हिस्सा उच्च संज्ञानात्मक विकास में शामिल है, जिसमें ध्यान, स्मृति और संज्ञानात्मक लचीलेपन से संबंधित कार्य शामिल हैं। शोध से पता चला है कि निकोटीन के संपर्क से मस्तिष्क में दीर्घकालिक कार्यात्मक और संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं। दशकों के शोध से पता चला है कि कैसे तंबाकू कंपनियां अपने व्यवसाय को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वर्षों तक तंबाकू उत्पादों की मार्केटिंग करती रहीं।

### जागरुकता बढ़ाने की जरूरत

बच्चों और किशोरों को उन संदेशों से बचाने के लिए सिगरेट और ई-सिगरेट मार्केटिंग पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित करना होगा जो उन्हें धूम्रपान और वेपिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए हर जगह अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। अधिकांश माता-पिता, शिक्षक और अन्य प्राधिकारी शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा किस हद तक ऑनलाइन तंबाकू सामग्री के संपर्क में हैं, जिसमें तंबाकू विज्ञापन और सोशल मीडिया पर सहकर्मी-जनित पोस्ट शामिल हैं जो तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाते हैं।

### बदल रहा मार्केटिंग का तरीका

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिये तंबाकू कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पत्रिकाओं, बिलबोर्ड और खुदरा स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों से ऑनलाइन चैनलों में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे युवा लोगों की ओर से स्क्रीन पर बिताए जा रहे समय का फायदा उठाया जा रहा है। तंबाकू कंपनियों ने ब्रांडेड सोशल मीडिया अकाउंट पेजों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद से ऑनलाइन तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाने में मदद की है।

## एक नजर

### ज़िज़ांग के नागकू में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया

**बीजिंग/ल्हासा।** दक्षिण पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र में नागकू शहर के न्यिमा काउंटी में शनिवार सुबह 8 :46 बजे (बीजिंग समय) 5 .9 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 34 .14 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 86 .36 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 8 किमी की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र न्यिमा काउंटी सीट से 275 किमी दूर और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से 672 किमी दूर स्थित है।

### ड्रोन हमले में अमेरिका समर्थित 4 लड़ाके मारे गये

**सीरिया।** उत्तरी सीरिया में शुक्रवार शाम को तुर्की के ड्रोन हमले अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गये जबकि 11 नागरिक घायल हो गये। कुर्द की अगुवाई वाले बल ने यह जानकारी दी। अमेरिका समर्थित एवं कुर्द की अगुवाई वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) पर इस हमले से एक दिन पहले ही तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा था कि कुर्द की अगुवाई वाले समूह यदि स्थानीय चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो उनकी सरकार उन पर कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी ।

### ईरान ने अधिकारियों ने प्रतिबंधों की निंदा की

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शुक्रवार को कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। कनानी ने कहा कि यूरोपीय संघ ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए इजरायल को दंडित करने के बजाय, कुछ ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं को अपनी प्रतिबंधों की सूची में शामिल किया था जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी और प्रभावी थे।

### मिशेल ओबामा की मां मारिया का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ व्हाइट हाउस में ही रही थीं। 'व्हाइट हाउस' अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है। मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी।

# दक्षिण अफ्रीका में बहुमत पाने से चूकी एएनसी पार्टी

## रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने 30 साल बाद गंवाया बहुमत

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

- पहली बार बनेगी गठबंधन सरकार, राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है

दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को हुए आम चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। यहां हुए ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया। चुनाव के लिए 99.5 प्रतिशत मतगणना हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40% से अधिक मत मिले है जो बहुमत से कम है।

राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया। निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की औपचारिक रूप घोषणा नहीं की है। विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही,



बहुमत न मिलने से निराश एएनसी के नेता।

लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी। राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। इस परिणाम से दक्षिण अफ्रीका में एएनसी का तीन दशक से चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया, लेकिन अफ्रीका की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्था के लिए आगे का रास्ता जटिल है क्योंकि अभी तक कोई गठबंधन सहयोगी वार्ता के वास्ते तैयार नहीं है। मुख्य विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक अलायंस को लगभग 21 प्रतिशत वोट मिले। पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की नई एमके पार्टी अपने पहले चुनाव में 14 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से दूर

सरकार बनाने के लिए वार्ताओं का दौर शुरू होने वाला है और संभवतः वे जटिल होंगी। एमके पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए उनकी शर्तों में से एक यह है कि रामाफोसा को एएनसी नेता और अध्यक्ष के पद से हटा दिया जाये। एमके पार्टी के प्रवक्ता नहलामुलो एन्डलेला ने कहा हम एएनसी के साथ बातचीत करने को तैयार हैं, लेकिन सिरिल रामाफोसा की एएनसी के साथ तैयार नहीं हैं। राष्ट्रीय चुनाव में 50 से अधिक पार्टियों ने भाग लिया था। एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से बहुत दूर है और ऐसी संभावना है कि उसे तीन मुख्य विपक्षी दलों में से किसी एक से संपर्क करना होगा।

# साइबर ठगों ने नोएडा के व्यवसायी से नौ करोड़ ठगे

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यवसायी से 9.9 करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस अनुसार, एक महीने पहले पीड़ित को व्हॉट्सऐप समूह में जोड़ा गया था और फिर एप डाउनलोड करा शेयर बाजार कारोबार में फर्जी मुनाफे का लालच देकर ठगी को अंजाम दिया गया।

उसने बताया कि शुक्रवार को सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कारोबारी के खाते में 1.62 करोड़ रुपये के लेनदेन को रोक दिया गया है। उसने बताया कि जांच जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध पुलिस थाना) विवेक रंजन राय ने कहा सेक्टर-40 ब्लॉक-बी के रजत बोथरा ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को उन्हें व्हॉट्सऐप समूह पर जोड़ा गया।

समूह में शेयर बाजार कारोबार के मुनाफे के बारे में बताया जाता था। उन्होंने 27 मई तक शेयर बाजार कारोबार में 9.09 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, इसके बाद उनका (ट्रेडिंग) खाता बंद हो गया। राय ने कहा जब हमें शिकायत मिली तो हमने तुरंत जांच शुरू कर दी और हम उनके बैंक खाते से 1.62 करोड़ रुपये का लेन-देन रोकने में कामयाब रहे।

## पुणे कार हादसा

# रक्त के नमूने बदलने पर नाबालिग की मां गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

- पुलिस ने मां की मौजूदगी में नाबालिग से एक घंटे पूछताछ की

पुणे पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे।

पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे 5 जून तक रखा गया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर पूछताछ करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने मामले में गहन जांच का दिया आश्वासन

**जबलपुर।** पुणे में नाबालिग चालक की पोर्श गाड़ी से हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाली आईटी पेशेवर अश्विनी कोष्टा के पिता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जबलपुर भेजे गए विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) ने मुख्यमंत्री शिंदे से फोन पर बात कराई। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को तेज रफ्तार पोर्श कार ने मध्य प्रदेश की निवासी 24 वर्षीय अश्विनी कोष्टा और उसके दोस्त अनीश अवधिया की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

# अमेरकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाला छात्र बाइडेन से मिला



**वाशिंगटन।** स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के चैंपियन ब्रुहत सोम समेत फाइनल में जगह बनाने वाले सात अन्य प्रतिभागियों को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया गया जो इन किशोर प्रतिभाओं के लिए जीवन का अहम अनुभव रहा।

फ्लोरिडा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रुहत (सातवीं कक्षा के विद्यार्थी) को बृहस्पतिवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक दिन बाद, उन्हें व्हाइट हाउस ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनसे मुलाकात की।

पीली टी-शर्ट और माथे पर लाल तिलक लगाए ब्रुहत के साथ सात अन्य प्रतिभागी और उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फाइनल में जगह बनाने वाले चार अन्य प्रतिभागी भी भारतीय अमेरिकी हैं।

# चीन ने ताइवान को दी धमकी कहा- कभी आजाद नहीं होने देंगे

बीजिंग, एजेंसी

- केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ने दिया बयान

चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जिंग जियानफेंग ने शनिवार को कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान को कभी भी स्वतंत्र होने या अलग होने की अनुमति नहीं देगी।

सिंगापुर में आईआईएसएस शांगरी-ला डायलॉग के मौके पर जिंग ने यह बयान दिया। ताइवान की आजादी युद्ध के समान है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पीएलए सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी। साथ ही पुनर्एकीकरण को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सेना चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। इससे पहले दिन में चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून ने शांगरी-ला डायलॉग के इतर अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने ताइवान जलडमरूमध्य में चीन की नवीनतम गतिविधियों, यूक्रेन के आसपास की स्थिति और अंतरिक्ष पर चर्चा की।

## पासिंग आउट परेड



चेन्नई के ताम्बरम वायु सेना स्टेशन पर संयुक्त पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर वायु प्रशिक्षु ने सलामी दी। 234 महिलाओं सहित 1983 अग्निवीर वायु प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। ● एजेंसी

# अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित

सिंगापुर, एजेंसी

- अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा- दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आएगी

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है तथा दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आयेगी। ऑस्टिन ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में एक प्रतिनिधि के प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की।

हर साल सिंगापुर में आयोजित होने वाला सांगरी ला डायलॉग एशिया का एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा फिलहाल भारत के साथ जो हमारा संबंध है, वह पहले जितना ही अच्छा या उससे भी बेहतर है। उन्होंने कहा हम भारत में बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है। इसलिए मैं मानता हूं कि जो गति मुझे नजर आती है, वह न केवल बनी रहने वाली है बल्कि एक वक्त पर इसमें तेज भी आएगी।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संबंध में ऑस्टिन ने कहा इस क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ मिलकर हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं तथा अपने रक्षा उद्योग को बेहतर तरीके से एकीकृत कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अहम भूमिका निभाता रहेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# कार्तिक आर्यन के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा : कबीर

**मुंबई।** अभिनेता कबीर का कहना है कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। इस फिल्म में कबीर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी हो गई है। कबीर ने कहा भूल भुलैया 3 में काम करना किसी रोमांच से कम नहीं रहा है। हमने फिल्म बनाने में जीजान लगा दी है। मुझे यकीन है कि फिल्म दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।

# बिग बॉस ओटीटी-3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट करेंगे। जिसकी अनाउंसमेंट हो चुकी है। इस बार सलमान खान किन्हीं कारणों से होस्ट करेंगे। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरे सीजन जल्द शुरू होने वाला है, जिसका प्रोमो सामने आ चुका है। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर प्रीमियर होने के लिए तैयार है। शो के प्रोमो और टीजर में अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस का आजाग जून में ही होगा।

# आईएसआईएस संदिग्धों का आका गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। डेली मिरर पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था और उसका एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें जनता से उसके बारे में जानकारी मांगी गई थी। पुलिस ने बताया कि माना जाता है कि उस्मान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था।

## खगोल विज्ञान — जलवायु परिवर्तन को लेकर भौतिकी शोध में किया गया दावा

# जलवायु को प्रभावित करने में गुरुत्वाकर्षण बड़ी वजह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे जलवायु में बदलाव आ रहे हैं, वैसे वैसे पृथ्वी व अन्य ग्रहों के बीच चेताने वाले शोध सामने आ रहे हैं। हाल में भौतिकी आधार पर हुए शोध में सामने आई जानकारी के अनुसार गुरुत्वाकर्षण मंगल और पृथ्वी पर जलवायु व समुद्री धाराओं में बदलाव लाने का बड़ा कारण है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय और पेरिस में सोरबोन विश्वविद्यालय के भू-वैज्ञानिकों ने भौतिक आधार पर साक्ष्य जुटाए हैं। जिसमें बताया गया है कि पृथ्वी और मंगल की कक्षाओं में 2.4 मिलियन वर्ष में बदलाव आता है। जिस कारण जलवायु में बड़ा परिवर्तन आता है। दरअसल गुरुत्वाकर्षण के कारण गर्म महासागरों के परिणामस्वरूप गहरा परिसंचरण अधिक तीव्र होता है।



पृथ्वी और मंगल ग्रह की तस्वीर। ● अमृत विचार

ध्यान रहे कि मंगल ग्रह में भी कभी गहरे विशाल सागर नदियां बहा करती थी, जो आज समाप्त हो चुके हैं। यह शोध नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है। इस खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन गहरे समुद्र के कोर में खुदाई करनी पड़ी। इससे पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव की जानकारी जुटाई गई। इससे समुंदर की जलधाराओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जो जलवायु परिवर्तन में गहरा असर डाल सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह मंगल और पृथ्वी के बीच जुड़े गुरुत्वाकर्षण है, जो एक दूसरे की कक्षा को प्रभावित करती हैं।

सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एड्रियाना डुट्किविज़ का कहना है कि गहरे समुद्र तलछटी में 2.4 मिलियन वर्षीय चक्र के दौरान मंगल और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की परस्पर क्रिया के चक्रों से गहरे जुड़े हुए हैं, जो मंगल व पृथ्वी के गहरे समुद्र की धाराओं को मजबूत और कमजोर करता है। बहरहाल पृथ्वी की जलवायु के भविष्य के लिए मंगल व शुक्र ग्रह पर शोध करने होंगे।

### कहां गायब हुआ मंगल का वातावरण

वैज्ञानिक मानते हैं कि कभी मंगल पर पृथ्वी की तरह वातावरण रहा होगा और जलवायु पृथ्वी की तरह रही होगी, बारिश व बर्फबारी भी होती होगी। तभी नदियां बहा करती होंगी। मगर अब मंगल वीरान हो चुका है। इसकी वजह समझने को वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। इस रहस्य का खुलासा होने के बाद, पृथ्वी के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकेगा।